पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, सोमवार, 3 मार्च 2025। वर्ष – 34। अंक –302। पृष्ठ –12। मूल्य – 4.00 रु.






जनसांख्यिकी में बदलाव स्वाभाविक और प्राकृतिक होना चाहिए : धनखड़ पृष्ठ 3

■ इंदिरा जैसी हिम्मत नहीं दिखा पाए मोदी
■ विपक्षी इंडिया गठबंधन देश के लोगों को कैसे निराश कर रहा है? पृष्ठ 4

■ इजरायल ने स्वीकारा रमजान युद्धविराम प्रस्ताव : हमास
■ गाजा में सभी सहायता आपूर्ति पर इजरायल ने लगाई रोक पृष्ठ 9

कोहली ने खेला अपना 300वें वनडे मैच, 51 शतक बनाने पहले बल्लेबाज पृष्ठ 10

### साय कैबिनेट की बैठक में अहम फैसले

# विदेशी मदिरा दुकानों में अतिरिक्त आबकारी शुल्क समाप्त

**रायपुर**, 2 मार्च (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में मंत्रालय, महानदी भवन में कैबिनेट की बैठक संपन्न हो गई है। बैठक में कई बड़े निर्णय लिए गए है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित कैबिनेट की बैठक में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक के बाद डिप्टी सीएम अरुण साव ने बताया कि कैबिनेट की बैठक में आगामी बजट समेत कई अहम मुद्दों पर फैसले लिए गए हैं। मंत्रिपरिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ आबकारी नीति वित्तीय वर्ष 2025-26 का अनुमोदन किया गया। वर्ष 2025-26 की आबकारी नीति वर्ष 2024-25 की भांति होगी। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 674 मदिरा दुकानें तथा आवश्यकता अनुसार प्रीमियम मदिरा दुकानें संचालित करने का निर्णय भी यथावत् रखा गया है। देशी मदिरा की आपूर्ति पूर्ववत् रेट ऑफर प्रभावी रहेगा। विदेशी मदिरा थोक क्रय, वितरण छत्तीसगढ़



स्टेट बेवरेजेस कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा होगा। मदिरा पर लागू अधोसंरचना विकास शुल्क यथावत् रहेगा। विदेशी मदिरा फुटकर दुकानों पर 9.5 प्रतिशत की दर से लगने वाला अतिरिक्त आबकारी शुल्क समाप्त होगा। मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ लोक परिसर (बेदखली) (संशोधन) विधेयक-2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। मंत्रिपरिषद द्वारा ईज ऑफ डुइंग बिजनेस के हित को देखते हुए ई-प्रोक्योरमेंट के लिए गठित सशक्त समिति को समाप्त करने का निर्णय लिया। चूंकि वर्तमान में पीएफआईसी द्वारा 100 करोड़ रूपए से उपर की परियोजनाएं स्वीकृत किए जा रहे हैं। बड़ी आईटी परियोजनाओं के संबंध में पहले से सशक्त समिति अनुमोदन की अनिवार्यता होने से अनुमोदन प्रक्रिया का डुप्लिकेशन होता है। इस कारण सशक्त समिति को समाप्त करने का निर्णय लिया।

छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण और उपभोक्ता मामलों की समयबद्ध सुनवाई के लिए सदस्य का एक नवीन पद सृजित करने का निर्णय लिया गया।

खरीफ विपणन वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 के समर्थन मूल्य योजना में धान एवं चावल परिवहन की दर के लिए गठित राज्य स्तरीय समिति की अनुशंसा दर को स्वीकृत करने का निर्णय लिया गया।

छत्तीसगढ़ श्रम विधियां संशोधन एवं विविध प्रकीर्ण उपबंध विधेयक-2025 के माध्यम से कारखाना अधिनियम-1948, औद्योगिक विवाद अधिनियम-1947 तथा ट्रेड यूनियन अधिनियम-1976 में संशोधन के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।

रजिस्ट्रीकरण अधिनियम-1908 (छत्तीसगढ़ संशोधन) विधेयक-2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।

रजिस्ट्री ऑफिसों के नियमित रूप से संचालन के लिए वाणिज्यिक कर (पंजीयन) विभाग में उप पंजीयक के पदोन्नति श्रेणी के रिक्त 9 पदों की पूर्ति के लिए पांच वर्ष की अर्हकारी सेवा में एक बार के लिए छूट प्रदान करने का निर्णय लिया गया।

राज्य में 01 नवम्बर 2024 से औद्योगिक विकास नीति 2024-30 प्रभावशील है। इसे और अधिक प्रभावी बनाने के लिए वाणिज्य एवं उद्योग विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ शासन भण्डार क्रय नियम-2002 में प्रस्तावित संशोधन के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।

छत्तीसगढ़ सरकार एवं व्यक्ति विकास केन्द्र इंडिया (द आर्ट ऑफ लिविंग) के मध्य आजीविका सृजन एवं ग्रामीण छत्तीसगढ़ का कल्याण विषयक एमओयू के लिए राज्य सरकार के सुशासन एवं अभिसरण विभाग को अधिकृत किया गया।

# पौने दो लाख करोड़ का होगा राज्य का बजट

### वित्त मंत्री आज विस में पेश करेंगे

**रायपुर**, 2 मार्च (देशबन्धु)। सोमवार 3 मार्च को वित्त मंत्री ओपी चौधरी राज्य का सालाना बजट पेश करेंगे। साय सरकार का यह दूसरा बजट करीब 1 लाख 75 हजार करोड़ के आसपास होने का अनुमान है। पिछले साल की तुलना में यह करीब 12 फीसदी अधिक होगा। बजट में अधोसंरचना पर विशेष जोर दिया जा सकता है। सरकार शैक्षणिक और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए प्रावधान करेगी। नए मेडिकल कॉलेज के अलावा नर्सिंग कॉलेज खोलने की योजना है। इसके लिए बजट में प्रावधान किया जाएगा। प्रधानमंत्री शहरी आवास और ग्रामीण आवास निर्माण सरकार की प्राथमिकता है। पूर्व में जारी महतारी वंदन योजना, रामलाल तीर्थ दर्शन योजना सहित अन्य योजनाएं जारी रहेगी।



ऐसी संभावना है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में यह बजट महिलाओं, युवाओं, किसानों और आदिवासी वर्ग पर विशेष ध्यान देने वाला हो सकता है. इसके अलावा, बस्तर और सरगुजा के विकास, टूरिज्म और इंफ्रास्ट्रक्चर पर भी सरकार का फोकस रहेगा. सरकार महतारी वंदन योजना को विस्तार कर सकती है. महतरी वंदन योजना में छूट गई महिलाओं के लिए प्रावधान हो सकते है. महतरी वंदन योजना के तहत 1000 रुपये महिलाओं को आर्थिक सहायता दी जाती है, जिससे उनके सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण को बल मिलेगा. बजट में युवाओं के लिए स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने और रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने पर ध्यान दिया जा सकता है. इससे नए उद्यमियों को आर्थिक मदद मिलेगी और बेरोजगारी को कम करने में सहायता मिलेगी. सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरकार कुछ नया कर सकती है . किसानों के लिए सिंचाई, फसलों के लिए अनुदान और बाजार उपलब्ध कराने पर जोर दिया जा सकता है. बस्तर और सरगुजा क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण पर विशेष ध्यान दिया जा सकता है. इसके तहत एडवेंचर स्पोर्ट्स, वाइल्डलाइफ टूरिज्म और पारंपरिक पर्यटन स्थलों के विकास को प्राथमिकता दी जा सकती है.

शिक्षकों की भर्ती को लेकर भी बजट में खास प्रावधान किए जाने की उम्मीद है, क्योंकि सरकार ने शिक्षकों की भर्ती का वादा किया था. इससे सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाया जा सकेगा. ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए नई योजनाएं शुरू की जा सकती हैं. इससे गांवों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और अस्पतालों का विकास होगा. बजट में सरकारी विभागो ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## सार संक्षेप

### मोदी ने रमजान की शुरुआत पर लोगों को दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को रमजान का महीना शुरू होने पर लोगों को शुभकामनायें देते हुये इस अवसर समाज में शांति और सद्भाव की कामना की है। श्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, रमज़ान का पवित्र माह शुरू हो रहा है, उम्मीद है कि यह हमारे समाज में शांति और सद्भाव लेकर आयेगा। यह पवित्र महीना आत्मचिंतन, कृतज्ञता और आस्था का प्रतीक है, साथ ही यह हमें करुणा, दया और सेवा के मूल्यों की याद दिलाता है।

### पंजाब में नशा बेचने वालों को बख्शा नहीं जाएगा : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** पंजाब की मुख्यमंत्री भगवंत मान ने दावा किया कि राज्य में नशे और नशा तस्करी के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ी जाएगी और नशा का कारोबार करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। मान के इस दावे का आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने समर्थन किया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, पंजाब में नशे के खिलाफ हमारी सरकार ने महायुद्ध छेड़ दिया है। नशे ने हमारे युवाओं और बच्चों को बड़ी संख्या में बर्बाद कर दिया। नशा बेचने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। पंजाब से नशे को हमेशा के लिए खत्म किया जाएगा।

### कांग्रेस ने पार्टी कार्यकर्ता हिमानी की हत्या पर शोक जताया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने हरियाणा के रोहतक में पार्टी कार्यकर्ता हिमानी नरवाल की हत्या पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए घटना की जांच करने की राज्य सरकार से मांग की है। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक एक्स पेज पर कहा, हरियाणा के रोहतक में कांग्रेस कार्यकर्ता हिमानी नरवाल की बर्बर हत्या का समाचार बहुत दुखद और पीड़ादायक है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति और परिजनों को दुख सहने की शक्ति दें। मुश्किल समय में हम पूरे परिवार के साथ खड़े हैं।

### 18 लाख के इनामी नक्सली सहित चार गिरफ्तार

**रांची।** झारखंड के चतरा जिले की पुलिस ने 18 लाख के इनामी नक्सली कमांडर आक्रमण गंझू की गिरफ्तारी के बाद उसकी निशानदेही पर अमेरिका निर्मित विदेशी रायफल के साथ हथियारों का जखीरा बरामद किया है।

### शेयर बाजार धोखाधड़ी मामला

# माधबी बुच पर दर्ज होगी एफआईआर

**मुंबई**, 2 मार्च (एजेंसियां)। मुंबई की एक विशेष अदालत ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) को शेयर बाजार में कथित धोखाधड़ी और विनियामक उल्लंघन के आरोप में पूर्व सेबी अध्यक्ष माधबी पुरी बुच और पांच अन्य अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया है।

मुंबई स्थित विशेष एसीबी अदालत के न्यायाधीश शशिकांत एकनाथराव बांगर ने पारित आदेश में कहा, प्रथम दृष्टया विनियामकीय चूक और मिलीभगत के सबूत हैं, जिसकी निष्पक्ष जांच की आवश्यकता है। अदालत ने कहा कि वह जांच की निगरानी करेगा और 30 दिनों के भीतर मामले की स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। अदालत ने आदेश में यह भी कहा है कि आरोपों से संज्ञेय अपराध का पता चलता है, जिसके लिए जांच जरूरी है। आदेश में कहा गया है कि कानून प्रवर्तन एजेंसियों और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की निष्क्रियता के कारण सीआरपीसी (आपराधिक प्रक्रिया संहिता) के प्रावधानों के तहत न्यायिक हस्तक्षेप की जरूरत है।



■ मुंबई की अदालत का आदेश, 5 अन्य के खिलाफ भी दर्ज होगा मामला

**बाजार में हेरफेर को बढ़ावा दिया**

शिकायतकर्ता, जो एक पत्रकार है, ने कथित अपराधों की जांच की मांग की थी, जिसमें बड़े पैमाने पर वित्तीय धोखाधड़ी, विनियामक उल्लंघन और भ्रष्टाचार शामिल है। शिकायतकर्ता ने दावा किया कि सेबी के अधिकारी अपने वैधानिक कर्तव्य में विफल रहे, बाजार में हेरफेर को बढ़ावा दिया, तथा निर्धारित मानदंडों को पूरा नहीं करने वाली कंपनी को सूचीबद्ध करने की अनुमति देकर कॉरपोरेट धोखाधड़ी के लिए रास्ता खोला। शिकायतकर्ता ने कहा कि कई बार पुलिस स्टेशन और संबंधित नियामक निकायों से संपर्क करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। अदालत ने रिकॉर्ड पर मौजूद सामग्री पर विचार करने के बाद एसीबी वर्ली मुंबई क्षेत्र को आईपीसी, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, सेबी अधिनियम और अन्य लागू कानूनों के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया है। अगस्त 2024 में हिंडनबर्ग रिसर्च ने आरोप लगाया था कि माधबी पुरी बुच और उनके पति की विदेशी कंपनियों में हिस्सेदारी थी, जिनका अडानी समूह से संबंध था।

### चुनाव आयोग ने किया साफ

# ईपीआईसी नंबर समान होने का मतलब फर्जी मतदाता नहीं

**नई दिल्ली**, 2 मार्च (एजेंसियां)। चुनाव आयोग ने ऐसी रिपोर्टों का संज्ञान लिया है, जिसमें दो अलग-अलग राज्यों के वोटरों के समान मतदाता पहचान पत्र संख्या (ईपीआईसी) नंबर होने का मुद्दा उठाया गया है। आयोग का कहना है कि ईपीआईसी नंबर चाहे जो भी हो, कोई भी मतदाता अपने राज्य के अपने संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में निर्धारित मतदान केंद्र पर ही वोट डाल सकता है, जहां उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज होता है, न कि कहीं और। चुनाव आयोग ने एक नई पहल करते हुए मतदाताओं को यूनीक ईपीआईसी नंबर आवंटित करने का निर्णय भी लिया है। आयोग का कहना है कि कुछ मतदाताओं के ईपीआईसी नंबर समान हो सकते हैं,




लेकिन समान ईपीआईसी नंबर वाले मतदाताओं के लिए जनसांख्यिकीय विवरण, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र और मतदान केंद्र सहित अन्य विवरण अलग-अलग हैं। चुनाव आयोग ने मतदाता सूची में हेराफेरी के आरोपों को निराधार बताते हुए कहा है कि डुप्लिकेट मतदाता पहचान पत्र नंबर होने का मतलब यह नहीं है कि मतदाता फर्जी है।

**कई विपक्षी दलों ने चिंता जाहिर की**- आयोग का यह स्पष्टीकरण विभिन्न सोशल मीडिया पोस्ट के जवाब में रविवार को सामने आया है। कई विपक्षी दलों ने भी मतदाताओं को जारी किए गए एक समान ईपीआईसी नंबर को लेकर चिंता जाहिर की है।

# लापता चारों मजदूरों के शव मिले

### हिमस्खलन में मरने वालों की संख्या आठ हुई

**देहरादून**, 2 मार्च (एजेंसियां)। चीन सीमा पर माणा के पास शुक्रवार को हिमस्खलन की चपेट में आए सभी लोगों को ढूंढ लिया गया है। रविवार को लापता सभी चार श्रमिकों के शव बचाव टीम ने बरामद कर लिए हैं। जबकि चार श्रमिकों के शव शनिवार को बरामद हो गए थे। हिमस्खलन की चपेट में आने से अब तक आठ मजदूरों की मौत हो गई है। वहीं, रविवार को एक अन्य घायल को एम्स ऋषिकेश के लिए रेफर कर दिया गया है। इसके साथ ही तीन दिनों से चला आ रहा बचाव अभियान भी समाप्त हो गया। माणा के पास शुक्रवार तड़के भारी हिमस्खलन हुआ था, जिसके चपेट में बीआरओ के 54 श्रमिक आ गए थे, जिनमें से 46 को बचा लिया गया है। आईटीबीपी और सेना के जवानों ने शुक्रवार सुबह रेस्क्यू अभियान शुरू किया। पहले दिन 33 श्रमिकों को सुरक्षित निकाला गया था। शनिवार को रेस्क्यू अभियान में एनडीआरएफ भी शामिल हुई। रविवार दोपहर करीब एक बजे पहले एक शव बरामद हुआ। उसके बाद दो अन्य श्रमिकों के शव भी बरामद हुए। अंतिम लापता व्यक्ति का शव दोपहर करीब चार बजे बरामद कर लिया गया। जिसके बाद हादसे में मृतकों की संख्या आठ हो गई। माणा से सभी श्रमिकों को हेलीकॉप्टर से ज्योतिर्मठ स्थिति सेना के अस्पताल में लाया गया है। सबसे बाद में मिले शव को भी लाने का प्रयास किया जा रहा है। रेस्क्यू अभियान में सेना के सात और एक निजी हेलीकॉप्टर की मदद ली गई।

# मायावती ने भतीजे आकाश को सभी पदों से हटाया

**लखनऊ**, 2 मार्च (देशबन्धु)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) मुखिया मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को नेशनल कोऑर्डिनेटर सहित सारे पदों से छुट्टी कर दी है। इसके अलावा उन्होंने घोषणा की कि उनके जीते जी कोई पार्टी का उत्तराधिकारी नहीं होगा। मायावती ने रविवार को लखनऊ में उत्तर प्रदेश सहित आल इंडिया के सभी छोटे-बड़े पार्टी पदाधिकारियों की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। उन्होंने अपने भतीजे आकाश आनंद को सभी पद से हटा दिया है।



■ बोलीं, मेरे जीते जी कोई नहीं बनेगा बसपा का उत्तराधिकारी

**आनंद कुमार व रामजी गौतम को मिली जिम्मेदारी**

अब आनंद कुमार और रामजी गौतम को पार्टी का नेशनल कोऑर्डिनेटर बनाया गया है। साथ ही दोनों के कार्यों का बंटवारा कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि कांशीराम के पदचिन्हों पर चलकर ही अशोक सिद्धार्थ को, जो आकाश आनंद के ससुर भी हैं, अब पार्टी मूवमेंट के हित में पार्टी से निकालकर बाहर किया गया है। जिन्होंने उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में पार्टी को गुटों में बांटकर इसे कमजोर करने का काम किया। मायावती ने कहा कि ऐसे में पार्टी के हित में आकाश आनंद को पार्टी की सभी जिम्मेदारियों से अलग कर दिया गया है, जिसके लिए पार्टी नहीं बल्कि पूर्ण रूप से इनके ससुर अशोक सिद्धार्थ ही जिम्मेदार हैं। जिन्होंने आकाश आनंद के राजनीतिक करियर को भी खराब कर दिया है। अब इसके स्थान पर पूर्व की तरह ही आनंद कुमार ही पार्टी का सभी कार्य करते रहेंगे। मायावती ने बताया कि आनंद कुमार, जो पार्टी में पिछले काफी वर्षों से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी हैं, यह मेरी गैर-हाजिरी में और मेरे दिशा-निर्देशन में पार्टी का पूरा पेपर-वर्क, खासकर पार्टी का इनकम टैक्स एवं कोर्ट-कचहरी आदि से संबंधित तथा पूरे देश में चुनाव के दौरान मेरे चुनावी दौरे आदि का भी पूरा प्रबंधन का कार्य देखते रहेंगे।

मायावती ने अपनी उस बात को आज फिर से दोहराया है कि मेरे लिए पार्टी और मूवमेंट पहले है। भाई-बहन और उनके बच्चे तथा अन्य रिश्ते-नाते आदि सभी बाद में हैं।

# महाराष्ट्र में केंद्रीय मंत्री की बेटी से छेड़छाड़

**जलगांव**, 2 मार्च (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के जलगांव में केंद्रीय खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे की बेटी के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। जलगांव के मुक्ताई नगर इलाके में एक मेले के दौरान कुछ लड़कों ने केंद्रीय मंत्री की बेटी और उसकी सहेलियों से छेड़खानी की। मामले की शिकायत खुद मंत्री रक्षा खडसे ने मुक्ताई नगर थाने में की है। डीवाईएसपी कृष्णत पिंगले ने बताया कि 28 फरवरी को कोथली गांव में एक यात्रा थी। इसी यात्रा में अनिकेत घुई और उसके 7 दोस्तों ने 3-4 लड़कियों का पीछा किया और उनके साथ छेड़छाड़ की। हमने प्रिवेंशन ऑफ चाइल्ड फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंस एक्ट के साथ-साथ आईटी (इन्फॉर्मेशन) एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज किया है। एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। बाकियों की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें भेजी गई हैं। पुलिस के मुताबिक, मेले के दौरान कुछ लड़कों ने रक्षा खडसे की बेटी से छेड़खानी की। साथ मौजूद पुलिस सुरक्षाकर्मी का कॉलर पकड़ा और उसे भी धमकी दी।

# मणिपुर के कई जिलों में हथियारों का सरेंडर

**नई दिल्ली**, 2 मार्च (एजेंसियां)। मणिपुर के कई जिलों में 99 घातक हथियार और गोला-बारूद को सेना व सुरक्षा बलों के समक्ष सरेंडर किया गया है। ये हथियार मणिपुर के पहाड़ी और घाटी जिलों में आत्मसमर्पण किए गए हैं। इससे पहले भी लोगों ने हथियार जमा कराए थे।

भारतीय सेना के मुताबिक मणिपुर के तामेंगलोंग जिले के फैतोल क्षेत्र में सुरक्षा बलों द्वारा की गई लगातार बातचीत के परिणामस्वरूप 17 सिंगल बैरल राइफलें (स्थानीय निर्मित), नौ मोर्टार (पोम्पी), ग्रेनेड, गोला-बारूद और अन्य युद्ध जैसे हथियार आत्मसमर्पण कर दिए गए हैं। सेना ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि कांगपोकपी जिले के सैकुल में, असम राइफल्स द्वारा अन्य हितधारकों के साथ समन्वय में सात 12 बोर राइफल और 15 मोर्टार का आत्मसमर्पण कराया गया। वहीं इंफाल पूर्वी जिले के सगोलमांग में पांच 12 बोर बोल्ट एक्शन राइफल, एक लैथोड बंदूक और 11 मोर्टार का सरेंडर हुआ। इसके अतिरिक्त, सुरक्षा बलों ने पहाड़ी इलाकों में 10 हथियारों का आत्मसमर्पण कराया। इनमें एक 7.62 मिमी सेल्फ लोडिंग राइफल (एसएलआर), एक .303 राइफल, चार सिंगल बोर बैरल राइफल, दो पिस्तौल और दो इम्प्रोवाइज्ड मोर्टार शामिल थे। इसी तरह 14 अन्य हथियारों के आत्मसमर्पण की पुष्टि की गई है। इनमें एक स्नाइपर, एक पिस्तौल, पांच इम्प्रोवाइज्ड मोर्टार, दो इंसास, एक कार्बाइन मशीन शामिल है।

# ताजा बर्फबारी से सोनमर्ग में लौटी रौनक

**जम्मू**, 2 मार्च (देशबन्धु)। लंबे समय तक सूखे के बाद, मध्य कश्मीर के गंदरबल जिले में लोकप्रिय पर्यटन स्थल सोनमर्ग में कल और आज दो फुट की ताजा बर्फबारी हुई, जो इस मौसम की पहली बर्फबारी थी। अचानक हुई बर्फबारी ने सोनमर्ग को एक मनमोहक शीतकालीन वंडरलैंड में बदल दिया, जिसने कश्मीर और अन्य जगहों से पर्यटकों को आकर्षित किया। दूसरे शब्दों में कहें तो इस बर्फबारी के कारण न सिर्फ सोनमर्ग में नई जान आई है बल्कि रौनक भी लौटी है। इस बर्फबारी के बाद बर्फ से ढके परिदृश्य के साथ एक आदर्श शीतकालीन पृष्ठभूमि प्रदान करते हुए, पर्यटकों को बर्फ से खेलते, रोमांचक स्लेज की सवारी का आनंद लेते और सफेद-टोपी वाले पहाड़ों के बीच खूबसूरत क्षणों को कैद करते देखा गया।

### मिशन

### नासा के वैज्ञानिक उपकरणों को सुरक्षित चंद्रमा पर पहुंचाया

# निजी अमेरिकी कंपनी का अंतरिक्ष यान चांद पर उतरा

**वाशिंगटन, 2 मार्च (एजेंसियां)। फायरफ्लाई एयरोस्पेस का ब्लू घोस्ट चंद्र लैंडर सफलतापूर्वक चंद्रमा के मैरे क्रिसियम क्षेत्र में उतर गया। यह मिशन 15 जनवरी, 225 को स्पेसएक्स फाल्कन 9 रॉकेट के जरिए प्रक्षेपण के साथ शुरू हुआ और रविवार, को सटीक लैंडिंग के साथ समाप्त हुआ।**

*फायरफ्लाई स्पेस, टेक्सास स्थित एक अमेरिकी निजी क्षेत्र की एयरोस्पेस फर्म है, जो अंतरिक्ष वाहनों के डिजाइन, निर्माण और प्रक्षेपण संचालन से संबंधित है। नासा की पोस्ट के अनुसार, कर्मशियल कंपनी के ब्लू घोस्ट चंद्र लैंडर ने नासा के 10 वैज्ञानिक उपकरण और तकनीकी डेमो को सुरक्षित रूप से चंद्रमा पर पहुंचा दिया। नासा के मुताबिक, ब्लू घोस्ट के मिशन के दौरान, एजेंसी के वैज्ञानिक उपकरणों का लक्ष्य चंद्र उपसतह ड्रिलिंग टेक्नोलॉजी, रेगोलिथ नमूना संग्रह क्षमताओं, ग्लोबल नेविगेशन उपग्रह प्रणाली क्षमताओं, विकिरण सहनशील कंप्यूटिंग और चंद्र धूल शमन विधियों का परीक्षण और प्रदर्शन करना है। कैप्चर किए गए डाटा से पृथ्वी पर मनुष्यों को भी लाभ हो सकता है, क्योंकि इससे यह पता चल सकता है कि अंतरिक्ष का मौसम और अन्य ब्रह्मांडीय ताकतें पृथ्वी को कैसे प्रभावित करती हैं। नासा की कार्यवाहक प्रशासक जेनेट पेट्रो ने कहा, यह अविश्वसनीय उपलब्धि दर्शाती है कि कैसे नासा और अमेरिकी कंपनियां सभी के लाभ के लिए अंतरिक्ष अन्वेषण में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं।*



***नासा-उद्योग साझेदारी का हिस्सा*** *-यह मिशन नासा-उद्योग साझेदारी का हिस्सा है जिसका उद्देश्य लागत कम करना और आर्टेमिस प्रोग्राम को समर्थन देना है, जो अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर वापस भेजने के लिए बनाया गया है। फरवरी 2024 में, इंट्यूटिव मशीन्स चांद पर सॉफ्ट लैंडिंग करने वाली पहली निजी कंपनी बन गई। 1972 के अपोलो 17 मिशन के बाद यह अमेरिका की पहली लैंडिंग भी थी। हालांकि, एक दुर्घटना के कारण यह सफलता फीकी पड़ गई। लैंडर बहुत तेजी से नीचे आया और टकराने पर पलट गया, जिससे वह पर्याप्त सौर ऊर्जा उत्पन्न करने में असमर्थ हो गया और मिशन छोटा हो गया।*

# भाजपा ही करती है साहू समाज का वास्तविक सम्मान-तोखन

## तेली अधिकार सम्मेलन सह सम्मान समारोह कार्यक्रम मे शामिल हुए केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू

**बिलासपुर**,02 मार्च (देशबन्धु)। केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने आज पटना में आयोजित तैलिक अधिकारी सम्मेलन सह सम्मान समारोह में शामिल होने गांधी मैदान पटना पहुंचे। जहां भारी जन संख्या में तेली समाज के लोग उपस्थित रहे। समाज को संबोधित करते हुए श्री साहू ने कहा कि माँ कर्मा तेली समाज की आराध्य देवी हैं और हमारी प्रेरणाओं का केंद्र बिंदु हैं। उन्होंने समाज के उत्थान एवं योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि भामाशाह जैसे दानवीर, जिन्होंने समाज और राष्ट्र की सेवा में महत्वपूर्ण योगदान दिया, हमारे आदर्श हैं।



श्री साहू ने छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह तीन नदियों के संगम का पावन स्थल है, जहां भगवान कुलेश्वर महादेव एवं भगवान विष्णु का मंदिर स्थित है। यह ऐतिहासिक नगर हमारे आराध्य भक्तिन माता राजिम के नाम से प्रसिद्ध है और छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है।

श्री साहू ने स्वजातीय बंधुओं को आमंत्रित करते हुए कहा कि 25 मार्च को छत्तीसगढ़ के रायपुर में भव्य रूप से कर्मा जयंती मनाई जाएगी, जिसमें माँ कर्मा के नाम से डाक टिकट का विमोचन किया जाएगा। यह न केवल साहू समाज, बल्कि संपूर्ण भारतीय संस्कृति के लिए गौरव का विषय होगा।

### भारतीय जनता पार्टी द्वारा साहू समाज का सम्मान

तोखन साहू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ही साहू समाज का वास्तविक सम्मान करती है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी स्वयं तेली समाज से आते है । भारतीय जनता पार्टी के द्वारा साहू समाज से आने वाले कार्यकर्ताओं को उच्च पदों पर सम्मानित किया है, जिनमें शामिल हैं।

रघुवर दास को झारखंड का मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल बनाया गया। श्रीमती रेखा गुप्ता को दिल्ली का मुख्यमंत्री नियुक्त किया गया। श्रीमती धर्मशीला साहू को बिहार से राज्यसभा सांसद के रूप में नामित किया गया। मोती प्रसाद को मंत्री पद की जिम्मेदारी दी गई। इस तरह के अनेकों आदर्श उदाहरण है।

श्री साहू ने कहा कि भाजपा सरकार ने साहू समाज के उत्थान के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जिससे समाज के लोगों को शिक्षा, राजनीति, प्रशासन एवं अन्य क्षेत्रों में आगे बढ़ने के अवसर मिल रहे हैं।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरूण साव, बिहार से राज्य सभा सांसद श्रीमती धर्मशीला गुप्ता, कैबिनेट मंत्री मोतीलाल प्रसाद, भाजपा बिहार के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल, विधायक सी.एन.गुप्ता, शक्ति के पुर्व विधायक डॉ खिलावन साहू , संयोजक नितिन अभिषेक सहित हजारों की संख्या में साहू समाज के सामाजिक लोग उपस्थित रहें।

## रायपुर के पूर्व विधायक विकास उपाध्याय के खिलाफ शिकायत

**रायपुर,** 2 मार्च (देशबन्धु)। रायपुर के पूर्व विधायक विकास उपाध्याय के खिलाफ पुलिस में शिकायत हुई है। कांग्रेस के नेता ने उस पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। नेता ने शिकायत में बताया कि 21 फरवरी की रात विकास उपाध्याय ने व्हाट्सऐप मैसेज और कॉल के माध्यम से उसे जान से मारने की धमकी दी है। जिस वजह से वह और उसका परिवार डरा हुआ है। उन्होंने इस मामले में पुलिस से कार्रवाई की मांग की कांग्रेस नेता राकेश सिंह बैस ने शिकायत में बताया कि वह सेंचुरी कॉलोनी डीडीनगर में रहता है। बीते 35 सालों से कांग्रेस पार्टी का सक्रिय कार्यकर्ता है। 2023 में विधानसभा चुनाव और वर्तमान में नगरीय निकाय चुनाव में पश्चिम विधानसभा में कई प्रत्याशियों की हार हुई है। इसके अलावा सोसाइटी के एक मामले की वजह से विकास उपाध्याय मेरे खिलाफ दुर्भावना रखता है। बैस ने बताया कि 21 फरवरी को रात साढ़े 10 से 11 बजे के बीच विकास उपाध्याय ने उसे व्हाट्सऐप में मैसेज किया था। जिसमें उन्होंने भद्दी बातें की और जान से मारने की धमकी दिया।

# शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर कर, लंबित मंहगाई भत्ता भी दिया जाए



**मुंगेली** 02 मार्च (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ ने शिक्षकों की वेतन विसंगति, क्रमोंनती और पूर्ण पेंशन की मांग को लेकर सरकार से आगामी बजट मे प्रावधान करने की मांग की है। संघ के जिलाध्यक्ष दीपक वेंताल ने बताया कि प्रदेश के एलबी संवर्ग के शिक्षक प्रधानमंत्री की गारंटी अब तक लागू ना होने से नाराज है।भाजपा के घोषणा पत्र मे सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करने, क्रमोंनती वेतनमान देने, लंबित मंहगाई भत्ता और एरियर्स राशि देने का वादा किया गया था। शिक्षक संगठन ने मांग की है की प्रथम नियुक्ति तिथि से पूर्व सेवा की गणना कर पुरानी पेंशन दी जाये। केंद्र सरकार की तरह 20 वर्ष की सेवा मे पूर्ण पेंशन का प्रावधान किया जाये। इन मांगो को लेकर शिक्षक संघर्ष मोर्चा के बेनर तले चरणबद्ध आंदोलन भी हो चूका है संघ के जिला सचिव नेमीचंद भास्कर एवं ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गेश देवांगन ने बताया की सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति, क्रमोंनती और केंद्र के सामान मंहगाई भत्ता देने का मुद्दा 2023 के विधानसभा चुनाव के घोषणा पत्र मे भी शामिल था शिक्षक संगठन ने पूर्व सेवा अवधि की गणना मिशन के तहत पांच प्रमुख मांगो को लेकर लगातार आंदोलन किया है इनमें सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर कर एलबी संवर्ग को क्रमोंत वेतनमान देने, पूनरीक्षित वेतनमान में सही वेतन निर्धारण करने, पूर्व सेवा की गणना कर पुरानी पेंशन लागू करने, केंद्र सरकार के 2सितम्बर 2008 के आदेश अनुसार 33 वर्ष की बजाय 20 वर्ष मे पूर्ण पेंशन देने और लंबित 3प्रतिशत मंहगाई भत्ता 1जुलाई 2024 से एरियर्स सहित देने की मांग शामिल है।

# सूने मकान से चोरी, आरोपी गिरफ्तार

## न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया जेल



**मुंगेली** 02 मार्च (देशबन्धु)। थाना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम मानपुर निवासी प्रेमकुमार महिलांग अपने बुआ सम्मत बाई के साथ ग्रामीण बैंक मुंगेली से 01 लाख रूपये निकालकर लाया था, जिसमे से 50 हजार रूपये को बुआ सम्मत बाई को दिया था और 50 हजार रूपये को अपने घर के आलमारी में लाकर रखा था।21फरवरी के सुबह 06 बजे अपने परिवार सहित खेत मे काम करने गया था लगभग 11 बजे प्रेमकुमार अपने परिवार सहित खेती कर वापस अपने घर आया तो देखा कि घर के पीछे का दरवाजा खुला एवं कमरे का आलमारी का लॉकर टुटा हुआ था आलमारी में रखे 50 हजार को मकान सुना पाकर कोई अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर ले गया रिपोर्ट पर धारा 331(3), 305 (ए) बीएनएस के तहत थाना सिटी कोतवाली मे दर्ज कर विवेचना मे लिया गया, थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा घटना के संबंध में बारिकी से जांच कर आसपास के पड़ोसी का कथन लिया गया तथा मुखबीर द्वारा पड़ोस मे रहने वाले तुलेश्वर महिलांग को आसपास घुमते देखना एवं संदेह जाहिर किया गया, विवेचना दौरान तुलेश्वर महिलांग से पुछताछ करने पर मेमोरण्डम कथन मे घटना दिनांक को मकान सूना पाकर प्रार्थी प्रेमकुमार के घर ऑलमारी में रखे पैसे को चोरी करना स्वाकीर किया व चोरी किये रकम को ग्राम निरजाम वाले रास्ते मे पुल के नीचे से 36000 रूपये एवं घटना मे प्रयुक्त हसिया को पेश करने पर बरामद किया गया व शेष पैसे को खर्च करना बताया गया, आरोपी तुलेश्वर महिलांग निवासी मानपुर के द्वारा घटना कारित करना पाये जाने पर उसे विधिवत गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर जेल दाखिल किया गया।

# आज राज्य का आम बजट पेश होगा-जनता व कर्मचारियों की बजट से अनेक अपेक्षाएं : विजय झा

**रायपुर,** 2 मार्च (देशबन्धु) । छत्तीसगढ़ सरकार का कल 3 मार्च को प्रदेश की जनता के लिए आम बजट प्रस्तुत किया जावेगा? । इस बजट से प्रदेश के शासकीय कर्मचारीयों व आम जनता को अनेक अपेक्षाएं हैं? । कर्मचारी नेता विजय कुमार झा एवं अनियमित कर्मचारी महासंघ के प्रांतीय संरक्षण गोपाल प्रसाद साहू ने कहा है कि इस बजट में शासकीय सेवकों के लिए जो प्रदेश के विकास के संवाहक हैं, बजट में अतिरिक्त प्रावधान किया जाना चाहिए। जिसमें विशेष रूप से आगामी 1 जनवरी 2026 से आठवां वेतनमान लागू होगा। उसके पूर्व प्रदेश के शासकीय सेवकों को 1 जनवरी 16 से प्रभावशील सातवें वेतन आयोग के प्रावधानों को केंद्रीय कर्मचारियों के समान यथावत लागू करना चाहिए। श्री झा ने तर्क दिया है कि केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 53त्न है वहीं राज्य सरकार के कर्मचारियों को मात्र 50त्न मिल रहा है, 1 जनवरी से केंद्रीय कर्मचारियों का एक किस्त में और बढ़ोतरी होगा। 50त्न महंगाई भत्ता होने पर उसे मूल वेतन में जोड़कर वेतन आयोग का कार्य प्रारंभ हो जाता है। आज भी प्रदेश के कर्मचारी छठवें वेतनमान में मूल वेतन का 10त्न ही गृह भाड़ा भत्ता व नगर क्षति पूर्ति भत्ता प्राप्त कर रहे हैं।सबसे गंभीर विषय 1 अप्रैल 2022 से प्रदेश में लागू पुरानी पेंशन योजना के तहत जीपीएफ खाते में प्रदेश के लाखों कर्मचारियों के काटे गए राशि का कोई लेखा-जोखा नहीं है। यह राशि डूबत खाते में चली गई, जैसे पूर्व में 17240 करोड़ एनएसडीएल कंपनी में डूबा था। दोनों सरकारों ने प्रदेश के युवा पीढ़ी का 20 साल का जीवन बर्बाद कर दिया। दोनों ने अनियमित कर्मचारियों के नियमितीकरण का आश्वासन चुनाव पूर्व दिया, लेकिन दोनों ने पूरा नहीं किया। इसी प्रकार अभी चुनाव पूर्व बीएड प्रशिक्षित बस्तर सरगुजा के आदिवासी शिक्षकों की सेवाएं समाप्त की गई है, उन्हें वापस सेवा में बहाल किया जाना चाहिए। श्री झा ने प्रदेश में पुरानी पेंशन योजना ही लागू करने की मांग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से की है? । क्योंकि अब चार इंजन वाली सरकार हो गई है। उन्होंने एनपीएस के बाद यूपीएस जो 1 अप्रैल 25 से प्रस्तावित है का विरोध करते हुए 2004 के पूर्व जारी पुरानी पेंशन को ही बहाल करने की मांग की है। बजट में मंत्रालयीन कर्मचारियों के समान मैदानी कर्मचारियों को भी पदोन्नति तथा वरिष्ठ पद पर काम करने के लिए प्रोत्साहन भत्ता सहित वर्तमान में पेंशन व्यवस्था को सुचारू रूप से प्रभावशील कर वृद्धावस्था में नागरिकों को सुरक्षा प्रदान करने तथा अनुकंपा नियुक्ति पर लगे 10त्न के सीमा बंधन को भी समाप्त करने की मांग वित्त मंत्री ओपी चौधरी से श्री झा ने की है। इन बिंदुओं के लिए स्थापना व्यय में बढ़ोतरी कर बजट प्रावधान किए जाने की अपेक्षा मुख्यमंत्री व वित्त मंत्री से की गई है।

## मीरा गुप्ता को मिली पीएचडी की उपाधि



**तखतपुर** 02 मार्च (देशबन्धु)। शास. जे.एम.पी. महाविद्यालय तखतपुर में सहायक प्राध्यापक के पद पर कार्यरत श्रीमती मीरा गुप्ता को कला संकाय (अर्थशास्त्र) में डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया। उन्होंने यह शोध डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय कोटा से पूर्ण किया। उनके शोध का विषय प्रधानमंत्री जन-धन योजना का ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर प्रभाव (मुंगेली जिले के विशेष संदर्भ में) था। इन्होंने अपना शोध कार्य डॉ. शुचि शर्मा के मार्गदर्शन में पूर्ण किया। इनके शोध का उद्देश्य ग्रामीण एवं असंगठित क्षेत्र के लोगों में वित्तीय जागरूकता एवं साक्षरता को बढ़ाना, जिससे वित्तीय अस्पृश्यता को कम किया जा सके और इन लोगों को समाज की मुख्य धारा में लाया जा सके।

## निगम सभापति को लेकर आज शाम भाजपा की बैठक

**बिलासपुर**,02 मार्च (देशबन्धु)। नगर निगम में सभापति चुनाव को लेकर कल जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा पार्षदों की बैठक बुलाई गई है भाजपा शहर जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ने बताया कि महापौर और पार्षदों के शपथ ग्रहण पश्चात सभापति के राय शुमारी के लिहाज से कल शाम चार बजे बैठक रखी गई है जिसमें सासंद राजनांदगांव संतोष पाण्डे बतौर पर्यवेक्षक उपस्थित रहेंगे साथ ही इस अवसर पर जिले के सभी वरिष्ठ नेता बैठक में शामिल होंगे पर्यवेक्षक सन्तोष पांडेय पार्षदों से वन टू वन चर्चा कर उनकी राय जाएंगे।

प्रथम पृष्ठ का शेष

**पौने दो लाख करोड़ का...**

को डिजिटल बनाने और ई-गवर्नेंस को मजबूत करने के लिए भी प्रावधान किए जा सकते हैं. छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद पहला बजट वर्ष 2000 में पेश किया गया था, जिसका आकार सिर्फ 5,700 करोड़ रुपये था. 25 वर्षों में यह 30 गुना बढ़कर 1 लाख 75 हजार करोड़ हो सकता है।

# एनएसयूआई ने छग पुलिस के नाम का केक काटकर किया विरोध दर्ज




**रायपुर**, 2 मार्च । एनएसयूआई रायपुर जिला अध्यक्ष शान्तनु झा के नेतृत्व में शनिवार को कार्यकर्ताओं ने महापौर पुत्र को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर सैकड़ों कार्यकर्ता कांग्रेस भवन के सामने एकजुट हुए।इस दौरान जबरदस्त नारेबाजी कर प्रशासन को चेतावनी दी। गुस्साए कार्यकर्ताओं ने छत्तीसगढ़ पुलिस के नाम का केक काटकर प्रतीकात्मक विरोध दर्ज कराया। जिससे प्रशासन पर दबाव बना और मजबूर होकर महापौर पुत्र पर जुर्म दर्ज करनी पड़ी।

शान्तनु झा ने कहा यह सिर्फ एक जीत नहीं, बल्कि एक संदेश है । प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से पक्षपातपूर्ण हो चुकी है। 15 दिन पहले युवा कांग्रेस नेताओं ने सड़क किनारे केक काटा, तो उन पर विभिन्न धाराओं में जुर्म दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।लेकिन जब रायपुर की महापौर मिनल चौबे के पुत्र ने बीच चौक पर केक काटा, तो पुलिस चुप्पी साधे बैठी रही। यह साफ दर्शाता है कि छत्तीसगढ़ पुलिस भाजपा के इशारों पर नाच रही है।

उन्होंने कहा कि एनएसयूआई सत्ता के अहंकार को कभी बर्दाश्त नहीं करेगी और हर अन्याय का जवाब उसी की भाषा में देगी।चाची महापौर हैं हमारी, लेकिन कानून सबके लिए बराबर होना चाहिए!

# महापौर पूजा विधानी का वन्दे मातरम् मित्र मंडल ने किया सम्मान

## डॉ अविजित रायजादा को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड मिलने पर सम्मानित किया




**बिलासपुर**,02 मार्च (देशबन्धु)। ।वंदे मातरम मित्र मंडल की 186वी? बैठक आशीर्वाद भवन हेमू नगर में आहूत की गई ।बैठक मुख्य रूप से नवनिर्वाचित महापौर श्रीमती पूजा विधानी को पुष्प गुच्छ, शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर महेन्द्र जैन, एस एन तिवारी पूर्णिमा पिल्लै,सुजाता माणिक, वेणुगोपाल महेन्द्र पटनायक सौरभ दुवे,बालकिशन विश्वकर्मा, ज्ञान सिंह राजपाल,दिनेश जैन, कृष्णा कोरी,राजेश जायसवाल ने पी पी सोनी सम्मानित किया ।

डॉ अविजित रायजादा को भी चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने पर लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड मिलने पर सम्मानित किया। नव निर्वाचित पार्षद वल्लभ राव एवं तेलगु समाज के अध्यक्ष वेणुगोपाल को भी पुष्प गुच्छ,स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

महेंद्र जैन प्रांत अध्यक्ष ने वंदे मातरम मित्र मंडल के गठन और अब तक की उपलब्धियों के विषय में बताते हुए कहा कि वंदे मातरम मित्र मंडल सनातनियों को एकत्रित करने, एक सूत्र में पिरोने, एक दूसरे के सुख दुख में खड़े होने की भावना को जागृत करने के उद्देश्य से बनाया गया है। 11 लोगों से प्रारंभ किया गया संगठन आज 5000 सदस्यों की संख्या के साथ शहर के चार विभिन्न दिशाओं में कार्यरत है ।नियमित रूप से प्रत्येक सप्ताह अनवरत रूप से बैठक होती है। विभिन्न कार्यों के साथ चैरिटेबल ओपीडी प्रारंभ करने का विचार है जिसे मूर्त रूप देने का प्रयास किया जा रहा है।

नवनिर्वाचित महापौर पूजा विधानी ने अपने उद्बोधन में वंदे मातरम मित्र मंडल के सनातनियों को एकत्रित करने के उत्कृष्ट कार्य की सराहना की और भविष्य में उनसे जो भी सहायता की अपेक्षा होगी वह उसे पूर्ण करने का सतत् प्रयास करेंगी ऐसा विश्वास दिलाया।

आज के बैठक में डॉक्टर अविजीत रायजादा प्रसिद्ध मधुमेह एवम् किडनी रोग विशेषज्ञ ने मधुमेह, बीपी से संबंधित समस्याओं और उनसे बचने के विभिन्न उपायों के बारे में विस्तृत चर्चा के माध्यम से जानकारी दी।

तेलुगु समाज के अध्यक्ष वेणुगोपाल ने तेलगु समाज के लोगों से वन्दे मातरम् मित्र मंडल से जुड़ने का अनुरोध किया।

अंत में सौरभ दुबे के द्वारा शपथ ग्रहण करवाया गया एवं पृथ्वी सहगल के द्वारा आभार प्रदर्शन करते हुए बैठक का समापन हुआ।

# विधवा, विधुर व तलाकशुदा परिचय सम्मेलन की तैयारी जोरों पर

## आज बैठक में अंतिम रूपरेखा तयकर बाटी गई जिम्मेदारी




**रायपुर,** 2 मार्च (देशबन्धु) ।राजधानी की बहुचर्चित सामाजिक संस्था 'रायपुर ब्राइट फाउंडेशन' की महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को बुढ़ापारा चौक, बिजली ऑफिस के सामने स्थित प्रदेश कार्यालय में हुई जहां आगामी 09 मार्च (रविवार) को सुबह 11 बजे से पुरानी बस्ती, महामाया मंदिर स्थित 'सत्संग भवन हाल' में सभी जाति व समाज की विधवा, विधुर व वैध तलाकशुदा प्राप्त सभी उम्र की महिला एवं पुरुषों के पुनर्विवाह के लिए आयोजित होने जा रहे परिचय सम्मेलन की अंतिम रूपरेखा तयकर प्रतिभागी पंजीयन, टोकन आबंटन, भोजन, प्रवेश व्यवस्था, मंचीय संचालन, काउंसलिंग आदि के लिए प्रमुखजनों को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई।

फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रदीप गोविंद शितूत, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. मनोज ठाकुर एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने संयुक्त रूप से बताया कि एकाकीपन का जीवन व्यतीत कर रहे प्रतिभागियों की अंधेरे जीवन में फिर से उजाला लाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम के लिए अभी तक 144 पुरुष तथा 36 महिलाओं का अंग्रिम पंजीयन किया जा चुका है जो अभी भी लगातार जारी है। इस वर्ष महिलाओं एवं युवतियों का पंजीयन निःशुल्क करने का निर्णय लिया गया है ताकि अधिक से अधिक महिलाएं इसका लाभ उठा सके। बिना पंजीयन किसी भी प्रतिभागी को प्रवेश की अनुमति नहीं मिलेगी। संस्था के पदाधिकारी लगातार तैयारी में जुटकर व्यापक प्रचार- प्रसार कर रहे हैं।

कार्यक्रम में विधवा, विधुर, तलाकशुदा महिला/ पुरुषों के अलावा आर्थिक रूप से कमजोर, उम्रदराज अविवाहित महिला, पुरुषों दिव्यांगजनों, निर्धन कन्याओं तथा थैलीसीमिया से पीड़ित प्रतिभागियों को भी शामिल किया जा रहा है। आज की तैयारी बैठक में अध्यक्ष प्रदीप गोविंद शितूत ,डॉ. मनोज ठाकुर, चेतन चंदेल, बिहारी लाल शर्मा, रामभरोसा अग्रवाल, नारायण प्रसाद सेन, चंपालाल साहू, श्रीमती अंजली शितूत, अंनघा करकसे , राधा राजपाल, दमयंती देशपांडे, सुषमा ध्रुव, मांडवी कौशिक, किरण यादव, ज्योति हिरणवार, मिताली सोनी,अमिताभ बांधे, जितेंद्र सेन सहित अनेको लोग उपस्थित थे ।

# शराब के लिए पैसे नहीं दिए तो 3 युवकों ने अपने ही दोस्त से मारपीट कर किया लहूलुहान



**बिलासपुर**,02 मार्च (देशबन्धु)। शराब पीने के लिए पैसे नहीं मिलने पर सरकंडा के तीन युवकों ने मिलकर अपने ही पुराने दोस्त के साथ जमकर मारपीट करते हुए सिर पर वार कर उसे घायल कर दिया ।दरअसल पूरा मामला शनिवार की देर रात शादी समारोह में शामिल होने के लिए सरकंडा क्षेत्र के युवक अलग अलग ग्रुप में मुंगेली जिले के लालपुर इलाके ग्राम बीजराकांपा कला गए ।जहां शादी समारोह में शामिल होने के बाद दीपक सिन्हा पिता स्व.शत्रुघ्न सिन्हा उम्र 26 वर्षीय निवासी अशोक नगर सरकंडा वापस अपने साथियों के साथ अपने घर बिलासपुर के लिए कार से वापस आ रहा था तभी रास्ते में सरकंडा बिलासपुर के रहने वाले तीन युवक जिसमें एक कांग्रेस नेत्री का बेटा विधान तिवारी दिल्लू कौशिक,मोनू देवांगन रस्ते में रोककर शराब खोरी करने के लिए पैसे की मांग किए ।पैसे नहीं देने पर उसके साथ मारपीट करते हुए चाकू और बेल्ट से सिर में वार कर लहूलुहान कर फरार हो गए ।जिसके बाद पीड़ित युवक ने लालपुर थाना पहुंचकर इनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई ।वही जब युवक शिकायत दर्ज करा रहा था तो मारपीट की घटना को अंजाम देने वाले में उसमें एक आरोपी युवक दिल्लू कौशिक फोन लगाकर फिर से धमकी देते हुए देख लेने की बात कह रहा था ।प्रार्थी दीपक सिन्हा की शिकायत पर लालपुर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

**CHANGE OF NAME**

It is informed to the general public that I SANJAY AGRAWAL S/O BAJRANG AGRAWAL resident of HOUSE NO 10/156 DABHRA ROAD WARD NO 16 KHARSIA Dist Raigarh, I have changed my old name SANJAY KUMAR AGRAWAL S/O BAJRANG AGRAWAL so in future I should be recognized by my new name that is SANJAY AGRAWAL S/O BAJRANG AGRAWAL in all government and other documents.

**SANJAY AGRAWAL**
**HOUSE NO 10/156 DABHRA ROAD WARD NO 16 . POST - KHARSIA DIST.- RAIGARH 496661 ( C. G. )**

# देश

**उवाच**

"तेजस्वी यादव ने महागठबंधन सरकार बनने पर महिलाओं को 25 सौ रुपए प्रतिमाह देने की घोषणा पूरी तैयारी और गुणा-भाग के बाद ही की है। जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर केवल भाजपा के लिए पीआर एजेंट का काम कर रहे हैं।

–एजाज अहमद, राजद प्रवक्ता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 24` | 21` |
| मुंबई | 29` | 26` |
| कोलकाता | 3`` | 22` |
| चेन्नई | 3`` | 25` |

# जनसांख्यिकी में बदलाव स्वाभाविक और प्राकृतिक होना चाहिए : धनखड़

■ उपराष्ट्रपति ने पैसे देकर और सुनियोजित धर्मांतरण पर जताई चिंता



देश सभी को अपना धर्म चुनने की स्वतंत्रता देता है, लेकिन अगर इस अधिकार के साथ छेड़छाड़ की जाती है तो इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता : धनखड़

**तिरुवनंतपुरम, 2 मार्च (एजेंसियां)।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को भारत में पैसे देकर और सुनियोजित तरीके से धर्मांतरण पर चिंता जताई। उन्होंने सभी से सतर्क रहने और इन प्रयासों को रोकने का आग्रह किया। भारतीय विचार केंद्र की ओर से आयोजित चौथे पी. परमेश्वरन स्मृति व्याख्यान में धनखड़ ने कहा कि जनसांख्यिकी में बदलाव स्वाभाविक और प्राकृतिक होना चाहिए। अगर अस्वाभाविक परिवर्तन होते हैं, तो हमें सतर्क रहना चाहिए। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आरोप लगाया कि धर्मांतरण विभिन्न तरीकों से किया जा सकता है, जिसमें लुभावने प्रस्ताव, प्रलोभन, जरूरतमंदों और कमजोरों तक पहुंचना, समर्थन प्रदान करना और फिर धीरे-धीरे धर्म परिवर्तन का सुझाव देना शामिल है। उन्होंने जोर देकर कहा कि लोगों की तकलीफ, मुश्किलों या जरूरतों का उपयोग धर्मांतरण के लिए करना अस्वीकार्य है। देश सभी को अपना धर्म चुनने की स्वतंत्रता देता है, लेकिन अगर इस अधिकार के साथ छेड़छाड़ की जाती है, तो इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि जब कोई व्यक्ति पीड़ा में हो, कठिनाई में हो, जरुरतमंद हो, तो उसकी मदद करते हुए उसे धर्मांतरण की ओर न धकेलें। यह असहनीय है। चाहे मैं कितनी भी कोशिश करूं लेकिन चिंता की गंभीरता और चुनौती की विशालता को व्यक्त नहीं कर पाऊंगा जिसका सामना हम इन सुनियोजित, सुनियोजित, आर्थिक रूप से समर्थित दुस्साहसों के कारण कर रहे हैं जिनका उद्देश्य धर्मांतरण को प्रभावित करना है।

**जनसांख्यिकी बदलावों का चुनाव परिणामों पर पड़ता है असर**

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि इन जनसांख्यिकी बदलावों का चुनाव परिणामों पर असर पड़ता है और पिछले कुछ वर्षों में कुछ क्षेत्र इनके गढ़ बन गए हैं। उन्होंने कहा कि इन चुनौतियों का समाधान केवल नीतिगत दखल के जरिए से ही संभव नहीं है। ये हमारे राष्ट्रवाद और लोकतंत्र के अस्तित्व के लिए खतरे हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि देश एक ऐसे मोड़ पर है, जहां ऐसे अत्यधिक अस्थिर घटनाक्रम को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे भारत की जनसांख्यिकीय पवित्रता को बनाए रखने के लिए एकजुट हों।

## रोजगार, स्वास्थ्य सेवा क्षेत्रों पर दबाव डालते हैं अवैध प्रवासी

उप राष्ट्रपति ने कहा कि धर्मांतरण देश के प्रति दुर्भावना है। इसके लिए उन्होंने अवैध प्रवासियों की संख्या और उनसे पैदा होने वाले खतरों का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि ये लोग हमारे रोजगार, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा क्षेत्रों पर दबाव डालते हैं और फिर चुनावी राजनीति में एक कारक बन जाते हैं। यह एक महत्वपूर्ण मुद्दा है, जिसे संबोधित किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति की पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़, केरल के राज्यपाल आर.वी. आर्लेकर, पूर्व केंद्रीय मंत्री वी. मुरलीधरन, पूर्व भाजपा विधायक ओ राजगोपाल, भारतीय विचार केंद्रम के निदेशक आर संजयन तथा अध्यक्ष सीवी जयमणि और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## हड़ताली मछुआरों ने केंद्र से की हस्तक्षेप की मांग

**रामेश्वरम, 2 मार्च (एजेंसियां)।** तमिलनाडु के मछुआरों की लगातार गिरफ्तारी और श्रीलंकाई नौसेना द्वारा उनकी नौकाओं को जब्त करने की निंदा करते हुए 24 फरवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल और धरना-प्रदर्शन पर बैठे रामेश्वरम के मशीनीकृत नाव मछुआरों ने रविवार को राज्यपाल आर.एन. रवि को एक याचिका सौंपी, जिसमें सभी कैद मछुआरों और उनकी नौकाओं की रिहाई के लिए केंद्र सरकार के हस्तक्षेप की मांग की गई। यहां एक बैठक में भाग लेने आए रवि ने रामेश्वरम के थंगाचिमदम में धरना-प्रदर्शन कर रहे मछुआरों और उनके परिवारों से मुलाकात की और उनके साथ अपनी सहानुभूति एवं एकजुटता व्यक्त की। हड़ताल का आह्वान करने वाले फेडरेशन ऑफ ऑल मैकेनाइज्ड बोट्स फिशरमैन एसोसिएशन के नेताओं ने राज्यपाल को एक याचिका सौंपी, जिसकी एक प्रति मीडिया को जारी की गई। याचिका में उन्होंने कहा कि जब तक केंद्र सरकार आश्वासन नहीं देती, तब तक मछुआरे हड़ताल जारी रखने का संकल्प ले चुके हैं क्योंकि श्रीलंकाई नौसेना अवैध शिकार की आड़ में लगातार हमला कर रही है, उन्हें गिरफ्तार कर रही है और नौकाओं को जब्त कर रही है। निर्दोष मछुआरों की गिरफ्तारी में चिंताजनक वृद्धि होने के कारण मछुआरों की आजीविका खतरे में है। मछुआरों की सुरक्षा और संरक्षा को बहुत बड़ा खतरा है, जब तक केंद्र सरकार से यह आश्वासन नहीं मिलता कि वे पाक जलडमरूमध्य में भारतीय मछुआरों के मछली पकड़ने के अधिकारों को श्रीलंका सरकार के समक्ष उठाएंगे और कोई स्थायी समाधान निकालेंगे।



■ तमिलनाडु के राज्यपाल को सौंपी याचिका

# नशीले पदार्थों की तस्करी पर केंद्र सरकार सख्त : अमित शाह



■ ड्रग मुक्त भारत बनाना हमारा संकल्प

**नई दिल्ली, 2 मार्च (एजेंसियां)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि रविवार को नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए सरकार सख्त है। मोदी सरकार पैसे के लालच में युवाओं को नशे की लत में धकेलने वाले नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। एक्स पर एक पोस्ट में अमित शाह ने लिखा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ड्रग-मुक्त भारत बनाने के लिए निर्मम और सावधानीपूर्वक जांच के साथ नशीली दवाओं के खतरे का मुकाबला करना जारी रखने का संकल्प लेती है। नीचे से ऊपर और ऊपर से नीचे की रणनीति के साथ अचूक जांच के परिणामस्वरूप भारत भर में 12 अलग-अलग मामलों में 29 ड्रग तस्करों को अदालतों ने दोषी ठहराया है।

मोदी सरकार की नशीली दवाओं के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति का पालन करते हुए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। केंद्रीय गृह मंत्री के ट्वीट के बाद एक प्रेस विज्ञप्ति में गृह मंत्रालय ने कहा कि शाह के मार्गदर्शन में एनसीबी 2047 तक नशा मुक्त भारत के प्रधानमंत्री के सपने को साकार करने के लिए अथक प्रयास कर रहा है। विज्ञप्ति में सरकार की ओर से की गई कार्रवाइयों की जानकारी दी गई है। इसमें उन 12 मामलों का ब्योरा दिया गया है, जिनमें अदालत ने सजा सुनाई। इसमें 2019 में गुजरात के अहमदाबाद में साबरमती रेलवे स्टेशन पर 23.859 किलोग्राम चरस के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया और 14 साल जेल की सजा सुनाई गई। इसके बाद जुलाई 2022 में मध्य प्रदेश के मंदसौर में एनसीबी ने शहडोल में 123.080 किलो गांजा जब्त किया। मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया और प्रत्येक को 2 लाख रुपए के जुर्माने के साथ 12 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई। चंडीगढ़ जोन में एनसीबी के अधिकारियों ने लुधियाना के डीएचएल एक्सप्रेस में 438 ग्राम अफीम से भरे दो हॉकी स्टिक वाले पार्सल को रोका था। इसमें गिरफ्तार दो आरोपियों को अफीम को कनाडा ले जाने के प्रयास में उनकी भूमिका के लिए पंजाब की एक अदालत ने तीन साल कैद की सजा सुनाई थी।

## सार संक्षेप

### जम्मू-कश्मीर के सांबा में डूबने से दो बच्चियों की मौत

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले के बारी ब्राह्मणा इलाके में शनिवार को पानी भरी खाई में डूबने से दो बच्चियों की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को कहा कि आसिया और ताहिरा शनिवार शाम से कथित रूप से लापता थीं। वे बारी ब्राह्मणा के निचले बीरपुर इलाके में जानवर चरा रही थीं। लड़कियां खानाबदोश परिवारों से थीं और दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले की रहने वाली थीं। उन्होंने कहा कि बच्चियों के शव बारिश के पानी से भरी खाई से प्राप्त हुए। हो सकता है कि वे गलती से खाई में गिर गई होंगी और डूबने से उनकी मौत हो गई होगी।

### राहुल, प्रियंका ने दी रमजान पर शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने रमजान पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए सबकी खुशहाली की कामना की है। गांधी ने कहा कि रमजान मुबारक। यह पवित्र महीना आपके जीवन को खुशियों से भर दे और आपके दिल को शांति प्रदान करे। प्रियंका वाड्रा ने कहा कि रहमतों और बरकतों के पवित्र माह रमज़ान की आप सभी को दिली मुबारकबाद। मैं ऊपर वाले से दुआ करती हूं कि ये महीना आप सभी के जीवन में सुख, समृद्धि व अमन-चैन लेकर आए।

### महाराष्ट्र में स्कूली छात्रा ने छात्रावास में की आत्महत्या

**नंदुरबार।** महाराष्ट्र के नंदुरबार जिले में आदिवासी विकास विभाग की ओर से संचालित एक स्कूल में आठवीं कक्षा की छात्रा ने छात्रावास के कमरे में फांसी लगाकर कथित रूप से आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पीड़िता की पहचान उषा लहर वसावे के रूप में हुई है। शाहदा तालुका के लड़कियों के छात्रावास में छात्रा के दोस्तों ने आज सुबह जब कमरे का दरवाजा खोला, तो वह कमरे में फंदे से लटकी हुई मिली। पुलिस को संदेह है कि लड़की ने शनिवार को कथित आत्महत्या की है।

### सड़क हादसे में 11 मजदूर कुचले गए, तीन की मौत

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में नेशनल हाईवे-9 पर रविवार को हुए भीषण सड़क हादसे में खराब खड़े कैंटर में टक्कर मारने पर पलटे अन्य वाहन की चपेट में आने से चालक व दो महिला समेत 11 मजदूरों को रौंद दिया। इस हादसे में तीन की मौत हो गयी एवं आठ अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। रविवार तड़के चार बजे एक कैंटर वाहन दिल्ली से लखीमपुर-खीरी जिले के अशोक कुमार, शंभू, रमेश, चेतराम, मोहित तथा देवी व शांति देवी समेत दस मजदूरों को लखीमपुर-खीरी ले कर जा रहा था।

# 'विश्व वन्यजीव दिवस' पर सासणगीर जाएंगे मोदी

**गांधीनगर, 2 मार्च (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 'विश्व वन्यजीव दिवस' मनाने के उपलक्ष्य में सोमवार को गुजरात के जूनागढ में सासणगीर जाएंगे। सरकारी सूत्रों ने रविवार को बताया कि तीन मार्च को समग्र विश्व 'विश्व वन्यजीव दिवस' मनाएगा। इस अवसर पर मोदी सासणगीर जाएंगे। 'विश्व वन्यजीव दिवस' 2025 की थीम 'वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन फाइनांस इन्वेस्टिंग इन पीपल एंट प्लेनेट' (वन्यजीव संरक्षण वित्त लोगों तथा पृथ्वी ग्रह में निवेश) है। इस थीम के माध्यम से विश्व वन्यजीव दिवस वैश्विक संरक्षण प्रयासों में सस्टेनेबल फंड की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल देता है। उन्होंने बताया कि हाल ही में गुजरात के नौ जिलों की 53 तहसीलों में लगभग 30,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में सिंहों की आबादी है। गुजरात में बसने वाले एशियाई सिंहों एवं अन्य वन्यजीवों के संरक्षण के लिए राज्य सरकार द्वारा अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त भारत सरकार के प्रोजेक्ट के हिस्से के रूप में वन्यजीवों के स्वास्थ्य के लिए जूनागढ जिले के नवा पीपलिया में 20.24 हेक्टेर से अधिक भूमि पर नेशनल रेफरल सेंटर बनने जा रहा है। इतना ही नहीं सासण में वन्यजीव ट्रैकिंग के लिए एक हाई-टेक मॉनिटरिंग सेंटर तथा एक अत्याधुनिक अस्पताल का निर्माण भी किया गया है।



■ एशियाई सिंहों के संरक्षण के लिए उठाए गए हैं विभिन्न कदम

# बिहार में सरकार नाम की चीज नहीं : तेजस्वी

■ प्रति व्यक्ति आय, किसानों की आय व निवेश में पिछड़ने पर साधा निशाना



नीतीश कुमार अब ओल्ड मॉडल हो चुके हैं और बिहार को अब न्यू मॉडल चाहिए : तेजस्वी यादव

**पटना, 2 मार्च (एजेंसियां)।** बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव ने रविवार को कहा कि बिहार अब विकास चाहता है। बिहार के लोग बिहार को विकसित देखना चाहते हैं। बिहार में सरकार नाम की चीज नहीं है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अब ओल्ड मॉडल हो चुके हैं और बिहार को अब न्यू मॉडल चाहिए। दरअसल, सोमवार को बिहार विधानसभा में 2025-26 का बजट पेश होना है, इससे पहले विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि 20 साल बिहार में एनडीए की सरकार है, इसके बाद डबल इंजन की सरकार भी रही, लेकिन आज भी बिहार प्रति व्यक्ति आय, किसानों की आय, निवेश में सबसे पीछे है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार का यह आखिरी बजट होगा। उससे पहले बजट में आप महिलाओं के लिए कुछ अच्छा ऐलान कर दीजिए। भले ही मेरी योजना को कॉपी कर लीजिए, लेकिन महिलाओं को 2500 रुपए हर महीने दीजिए। बजट में प्रति महीना 200 यूनिट बिजली मुफ्त कर दीजिए, क्योंकि स्मार्ट मीटर से बिहार के लोग परेशान हैं।

**बिहार की महिलाएं महंगाई से परेशान**

बिहार की महिलाएं महंगाई से परेशान हैं, गैस सिलेंडर 500 रुपये में उपलब्ध कराइए। उन्होंने कहा कि इसके अलावा जातीय गणना के दौरान 94 लाख ऐसे लोगों की पहचान की गई है जिनकी आय 6,000 रुपये से कम है। उन्हें दो लाख रुपए देकर आर्थिक न्याय देने की बात कही गई थी। इस बजट में उसका प्रावधान कर दिया जाए। उन्होंने जातीय गणना में आरक्षण की सीमा बढ़ाए जाने की चर्चा करते हुए कहा कि यह मामला तो सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है। सरकार अगर चाहे तो आरक्षण को लेकर एक अलग से प्रस्ताव ला सकती है। हम लोग समर्थन देकर पास करा देंगे। हम लोग जुमलेबाजी करने वाले लोग नहीं हैं, जो कहते हैं, करके दिखाते हैं। आगे भी बिहार की यात्रा पर निकलेंगे और लोगों से मिलेंगे। कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद यात्रा में उन्होंने आठ हजार पंचायत प्रतिनिधियों से सीधा संवाद किया और जिलों में महिलाओं की बातें भी सुनी। संवाद यात्रा के क्रम में उन्हें जो फीडबैक मिला और जो अनुभव किया, उससे पता चलता है कि महिलाएं, मजदूर और गरीब सबसे अधिक महंगाई से परेशान हो रहे है। इसी सब को देखते हुए उन्होंने महिलाओं को वादा किया है कि राज्य में उनकी सरकार बनने पर माई-बहिन योजना के तहत प्रतिमाह 2500 रुपए की आर्थिक मदद दी जाएगी।

इसके अलावा वृद्धावस्था, दिव्यांगता

## मोदी की बिहार यात्रा पर कसा तंज

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बिहार यात्रा पर तंज कसते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि जितनी बार बिहार आना है आप आइए। कोई दिक्कत नहीं है। 365 दिन मखाना खाइए, इससे भी दिक्कत नहीं है। आप सत्तू घोलकर पीजिए। अगर नहीं आता है तो मेरे पिता लालू यादव आपको सिखा देंगे। मैं 75 साल का नहीं हूं, जुमलेबाजी नहीं करूंगा। मेरी उम्र 36 साल है। जो कहूंगा, करके दिखाऊंगा। तेजस्वी यादव ने आगे कहा कि उन्हें लंबी राजनीति करनी है, इस कारण वे झूठ नहीं बोलेंगे। उनकी उम्र कच्ची है लेकिन वचन पक्की है।

# तेलंगाना में जल्द की गिग व प्लेटफॉर्म श्रमिक कानून लाएगी सरकार : रेवंत रेड्डी

**हैदराबाद, 2 मार्च (एजेंसियां)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने कहा है कि उनकी सरकार जल्द ही राज्य में गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिक कानून लाएगी। रेड्डी ने शनिवार शाम यहां राज्य श्रम विभाग की समीक्षा की और अधिकारियों को प्रस्तावित गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिक अधिनियम पर विस्तृत अध्ययन करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने राज्य में आईटीआई को उन्नत प्रौद्योगिकी केंद्रों (एटीसी) में अपग्रेड करने की प्रक्रिया की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों को प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक एटीसी स्थापित करने का निर्देश दिया गया है। सभी आईटीआई को एटीसी में अपग्रेड किया जाएगा और गैर-आईटीआई केंद्रों में नए एटीसी स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों से विधानसभा क्षेत्रों के मुख्यालयों या शहरी क्षेत्रों के नजदीक एटीसी स्थापित करने का निर्देश दिया। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को एटीसी में कर्मचारियों की आवश्यकता और कौशल प्रशिक्षण संस्थानों में अन्य अवसंरचना विकास के बारे में जानकारी प्रदान की। रेड्डी ने कर्मचारियों की भर्ती पर अधिकारियों को कई सुझाव दिए और कहा कि सरकार एटीसी की स्थापना के लिए तुरंत आवश्यक धनराशि उपलब्ध कराने के लिए तैयार है।

■ मुख्यमंत्री ने की राज्य श्रम विभाग की समीक्षा



## जीएसआई ने वॉकथॉन का किया आयोजन

**हैदराबाद।** तेलंगाना के शहर हैदराबाद स्थित भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) ने रविवार को यहां संजीवैया चिल्ड्रन पार्क में राष्ट्र की 175 वर्ष की सेवा के उपलक्ष्य में वॉकथॉन का आयोजन किया। अठारह सौ 51 में स्थापित, जीएसआई दुनिया का दूसरा सबसे पुराना और भारत का प्रमुख भूवैज्ञानिक संगठन है। जीएसआई के अतिरिक्त महानिदेशक एस.डी. पटभाजे ने कहा कि वॉकथॉन का उद्देश्य राष्ट्र के विकास में जीएसआई की 175 वर्षों की सेवा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस कार्यक्रम में जीएसआई के योगदान, शारीरिक गतिविधि और मानसिक कल्याण के महत्व पर जोर दिया गया। अध्यक्ष पटभाजे ने स्मारिका विमोचित की और जीएसआई की खोजों की प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

## तमिलनाडु में करंट से मृत चार लोगों के परिवारों को सहायता की राशि की घोषणा

**चेन्नई, 2 मार्च (एजेंसियां)।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने कन्याकुमारी जिले के किलियूर में चर्च उत्सव के लिए सजावट का काम करते समय बिजली का करंट लगने से मृत चार लोगों के परिवारों को पांच-पांच लाख रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की है। स्टालिन ने रविवार को मुख्यमंत्री सार्वजनिक राहत कोष से मृतकों के परिवारों को यह सहायता राशि देने की घोषणा की। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति हार्दिक संवेदना भी व्यक्त की।



घटना शनिवार शाम को उस समय हुई जब पीड़ित सजावट का काम करते हुए लोहे की सीढ़ी को दूसरी जगह लगा रहे थे, तभी वे हाई टेंशन बिजली तार के संपर्क में आ गये। मृतकों की पहचान विजयन (52), उस्मान (34), सोबेन (45) और जस्टस (35) के रूप में हुई है।

# झारखंड में बच्चियों के खिलाफ यौन अपराध का एक और मामला



■ रांची में चार साल की बच्ची से दुष्कर्म

**रांची, 2 मार्च (एजेंसियां)।** झारखंड में बच्चियों से दुष्कर्म और उनके खिलाफ यौन अपराध की वारदातें थम नहीं रही हैं। रांची के सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के स्वर्ण जयंती नगर में चार साल की एक बच्ची से दुष्कर्म के मामले में उसकी मां के बयान पर रविवार को एफआईआर दर्ज हुई है। आरोपी मौके से फरार हो गया है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। महिला थाना प्रभारी ने पीड़ित बच्ची का भी बयान दर्ज किया है।

उसकी मेडिकल जांच कराई गई है। पुलिस के अनुसार, शनिवार की रात बच्ची की मां घर के कामकाज में व्यस्त थी और बच्ची वहीं खेल रही थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला व्यक्ति वहां पहुंचा। वह बच्ची को बहला-फुसला कर अपने कमरे में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। बच्ची रोते हुए लौटी तो घटना की जानकारी सामने आई। बच्ची के परिजनों ने आरोपी के घर पहुंचकर उसकी पिटाई भी की। पुलिस को घटना की सूचना दी गई, लेकिन आरोपी पुलिस के पहुंचने के पहले किसी तरह भागने में सफल रहा। पुलिस ने रविवार को जांच के दौरान आरोपी के मोबाइल का लोकेशन बिहार पाया है। पुलिस की एक टीम उसकी गिरफ्तारी के लिए बिहार रवाना हुई है। रांची से सटे खूंटी जिले में 23 फरवरी को तीन नाबालिग लड़कियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया था।

**तैयारी** | *कश्मीर में पर्यटकों का स्वागत करने को तैयार इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्यूलिप गार्डन*

# अधिकारियों को एक और रिकॉर्ड तोड़ने वाले सीजन की उम्मीद

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 2 मार्च (देशबन्धु)।** प्रतिष्ठित इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्यूलिप गार्डन में 15 मार्च के बाद टूरिस्टों का स्वागत करने की तैयारी तेजी से हो रही है, जिसमें विस्तारित पार्किंग सुविधाएं और नीदरलैंड से आयातित दो नई ट्यूलिप किस्में शामिल हैं।

डल झील और जबरवान पहाड़ियों के बीच बसे इस गार्डन में 75 किस्मों के 1.7 मिलियन ट्यूलिप बल्ब हैं। पिछले साल की जबरदस्त प्रतिक्रिया के बाद अधिकारियों को एक और रिकार्ड तोड़ने वाले सीजन की उम्मीद है, जिसमें केवल 30 दिनों में 4.5 लाख टूरिस्ट आए थे। ट्यूलिप गार्डन के प्रभारी जाविद मसूद कहते थे कि कर्मचारी लगातार यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि गार्डन समय पर तैयार हो जाए। वे कहते थे कि लगभग 100 माली और दिहाड़ी मजदूर रखरखाव और सौंदर्यीकरण में लगे हुए हैं। हमें इस साल और भी अधिक लोगों के आने की उम्मीद है। प्रत्याशित भीड़ को समायोजित करने के लिए पार्किंग स्थान का विस्तार किया गया है। मसूद के बकौल, पिछले साल, हम टूरिस्टों की भारी संख्या के कारण भीड़भाड़ से जूझ रहे थे। इस बार, हमने एक सहज अनुभव प्रदान करने के लिए पार्किंग क्षमता बढ़ा दी है। स्थानीय दुकानदार भी पर्यटकों की आमद के लिए कमर कस रहे हैं। गार्डन के पास एक हस्तशिल्प की दुकान चलाने वाले रियाज अहमद ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि ट्यूलिप का मौसम हमारे लिए सबसे अच्छा समय है। हम विदेशी पर्यटकों सहित अच्छी संख्या में ग्राहकों को देखते हैं, जो कश्मीरी शाल और स्मृति चिन्ह खरीदना पसंद करते हैं।



■ पिछले साल 30 दिनों में आए थे 4.5 लाख पर्यटक

यह भी सच है कि पर्यटक भी उतने ही उत्साहित हैं। दिल्ली से आए एक पर्यटक अनिल शर्मा कहते थे कि मैंने पिछले साल यहां का दौरा किया था, और यह लुभावना था। इस साल ट्यूलिप की अधिक किस्मों के विचार से मुझे फिर से यहां आने का मन कर रहा है। याद रहे ट्यूलिप गार्डन ने 2023 में एशिया के सबसे बड़े के रूप में वर्ल्ड बुक आफ रिकार्ड्स (लंदन) में प्रवेश किया, जिससे इसकी वैश्विक अपील मजबूत हुई। अधिकारियों ने पर्यटकों की आसान पहुंच की सुविधा के लिए ई-टिकट भी शुरू किए हैं। जीवंत फूलों और बढ़ी हुई सुविधाओं के साथ, इस साल का ट्यूलिप सीजन प्रकृति प्रेमियों और पर्यटकों दोनों के लिए एक खुशी की बात है। हाल के आंकड़ों के अनुसार, जिला श्रीनगर में फ्लोरीकल्चर अधिकारी के अधिकार क्षेत्र में आने वाले उद्यानों और पार्कों ने सामूहिक रूप से 2022 से 2025 तक 1.5 करोड़ रुपए से अधिक का राजस्व उत्पन्न किया है।

यह राजस्व विभागीय संग्रह और चिल्ड्रन पार्क, इकबाल पार्क, बादामवारी और ईदगाह पार्क जैसे स्थानों में आउटसोर्स की गई टिकट प्रणाली से प्राप्त किया गया था।

देशबन्धु

बिलासपुर, सोमवार 3 मार्च 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# जेलेंस्की-ट्रम्प विवाद से नये समीकरण

रूस के साथ पिछले तीन साल से जंग कर रहे यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की तथा दुनिया के सबसे शक्तिशाली कहे जाने वाले देश अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच तीखी बहस ने दुनिया को हैरत में डाल दिया है। इसके कारण नये वैश्विक समीकरण बनते दिख रहे हैं। शुक्रवार की शाम को जेलेंस्की की ट्रम्प के साथ उनके ओवल कार्यालय में बैठक हुई थी। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस भी साथ थे। बातचीत ने अप्रत्याशित मोड़ ले लिया जिसके कारण ट्रम्प के भोज को ठुकराकर जेलेंस्की अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ वहां से निकल गये। अमेरिका से जेलेंस्की यूनाइटेड किंगडम की राजधानी लंदन पहुंचे जहां उन्हें पूरे यूरोपीय देशों का समर्थन मिल गया। हालांकि उन्होंने बातचीत के लिये ट्रम्प का धन्यवाद किया है तथा ट्रम्प ने भी उनके अमेरिका छोड़ने के पहले ट्वीट किया है कि जब वे शांति की सोचें तो दोबारा आ सकते हैं। यह बहस तथा कौन सही है व कौन गलत, इसका विवाद एक ओर रख दें तो भी सारा विश्व हास्य कलाकार की भूमिका से राजनीति में आकर राष्ट्रपति बने जेलेंस्की की इस बात की प्रशंसा कर रहा है कि उन्होंने बगैर दबे जमकर बहस की तथा देश की सम्प्रभुता की दमदारी से रक्षा की।

दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश रूस के साथ लम्बे समय से युद्धरत छोटे से देश यूक्रेन के संसाधन तेजी से चूक रहे हैं। देश का एक बड़ा हिस्सा रूसी बमबारी से तबाह हो चुका है। दुनिया भी अब शांति विराम चाहती है। वैसे खुद यूक्रेन के लिये स्वतंत्र अस्तित्व बनाये रखने हेतु यह ज़रूरी हो गया है क्योंकि इसे वापस रूस द्वारा अपने में शामिल कराये जाने का खतरा उसके सिर पर मंडरा रहा है। दूसरी बार जीतकर आने के बाद अब ट्रम्प की रुचि अंतरराष्ट्रीय सम्बन्धों में कम और व्यवसाय में ज्यादा है। यूरोप भी चाहता है कि युद्धविराम हो। इस सिलसिले में जेलेंस्की गये तो थे ट्रम्प को मनाने लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति ने उन पर आरोप लगाया कि वे विश्व को तीसरे महायुद्ध की ओर ले जा रहे हैं तथा एक तरह से एहसान जतलाया कि अमेरिका ने उन्हें 350 बिलियन डॉलर दिये हैं। उन्होंने यह भी ध्यान दिलाया कि अमेरिका यदि हथियारों की मदद नहीं करता तो यूक्रेन के लिये लड़ाई में दो हफ्ते भी टिकना मुश्किल था। इसकी ईमानदार स्वीकारोक्ति जेलेंस्की ने की लेकिन वे अपनी शर्तों पर अड़े रहे। जेलेंस्की को इस बात की भनक थी कि ट्रम्प स्थिति का फायदा उठाकर उनके देश के खनिज भंडारों से सम्बन्धित समझौता कराने के लिये दबाव डाल सकते हैं। वैसा हुआ भी। सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में प्रारम्भ हुई बातचीत के आखिरी 10 मिनटों में सब कुछ बदल गया जब ट्रम्प ने उनसे कहा कि वे युद्ध रोक दें। पूरी कूटनीतिक सतर्कता बरतते हुए जेलेंस्की ने कहा कि जब तक यूक्रेन की सुरक्षा की जिम्मेदारी अमेरिका नहीं लेता, वे ऐसा नहीं करेंगे।

आगे यूक्रेन-अमेरिका सम्बन्ध क्या मोड़ लेते हैं, यह तो अगले कुछ दिनों में साफ हो पायेगा, परन्तु आम तौर पर अमेरिका के पीछे चलने वाले सभी 27 यूरोपीय देशों ने एकता दिखाते हुए जेलेंस्की को अपना समर्थन दे दिया। इसे लेकर जल्दी ही उनकी एक बैठक होने जा रही है। आस्ट्रेलिया और कनाडा भी यूक्रेन के पक्ष में खड़े हैं। मदद किस स्वरूप में रहेगी, कितने हथियार और धन की सहायता मिलेगी यह कुछ दिनों में सामने आयेगा परन्तु यह यूक्रेन को बड़ा सम्बल प्रदान करेगी। दूसरी ओर इस मामले में रूस की जीत बतलाई जा रही है लेकिन उससे इसलिये बहुत फायदा नहीं होने जा रहा है क्योंकि यूक्रेन तो उससे पहले से ही युद्ध कर रहा है और जितना नुकसान रूस कर सकता था वह कर चुका है। अलबत्ता, यूक्रेन ने यूरोपीय देशों से अमेरिका को अलग करने में सफलता पा ली। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने 2.84 अरब डॉलर का ऋण रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने के लिये दे दिया। जेलेंस्की ने कहा कि इस राशि का उपयोग हथियार बनाने के लिये किया जायेगा।

ट्रम्प द्वारा यूक्रेन पर युद्धविराम के लिये दबाव डालना यूरोपीय देशों के अलावा कनाडा, आस्ट्रेलिया आदि को नागवार तो गुजरा है, अमेरिका द्वारा रूस का एक तरह से अप्रत्यक्ष समर्थन उन्हें बिलकुल ही हजम नहीं हो सकता क्योंकि ज्यादातर देश पूंजीवादी व्यवस्था के समर्थक हैं जबकि रूस अब भी अलग खेमा माना जाता है, बावजूद इसके कि उसके अपने साम्यवादी विचारों में काफी लचीलापन आ चुका है और सोवियत संघ का विघटन हुए तीन दशकों से अधिक का वक्त गुजर चुका है। उसके पास अब केवल कम्युनिस्ट विचारधारा का इतिहास है और शासन प्रणाली। तो भी दुनिया, खासकर यूरोपीय संघ (ईयू), नाटो जैसे संगठन अमेरिका तथा रूस में यह नज़दीकी देखने की आदी नहीं है। न उसे वह रुचिकर लगेगा। सम्भवतः यही कारण है कि जेलेंस्की-ट्रम्प वार्ता के नाकाम होने के कुछ ही घंटों के भीतर यूक्रेन के साथ इतने देश खड़े हो गये। अपने शपथ ग्रहण समारोह में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग को आमंत्रित कर ट्रम्प ने पहले ही संकेत दे दिये थे कि वे विचारधारा की बजाये व्यवसाय को तरज़ीह देंगे।

भारत के सन्दर्भ में कहें तो लोग जेलेंस्की की तुलना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से कर रहे हैं जिन्होंने पिछले दिनों ट्रम्प से मुलाकात की थी और पेश किये गये दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कर दिये थे। कई शर्तें भारत के हितों के खिलाफ हैं- खासकर कबाड़ हो चुके एफ-35 लड़ाकू जहाज तथा महंगी दरों पर प्राकृतिक गैस व तेल की अमेरिका से खरीदी। जेलेंस्की को 'मसखरा' कहें या 'कॉमेडियन' लेकिन उन्होंने महाशक्ति के आगे घुटने न टेककर यूक्रेन के सम्मान की रक्षा की। दूसरी ओर कथित 'विश्वगुरु' ने खामोशी से उसकी सारी शर्तें मान लीं।

# इंदिरा जैसी हिम्मत नहीं दिखा पाए मोदी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बेहद खतरनाक शुरूआत कर दी। पुराने राष्ट्रपति (सरकार) के फैसलों को हम क्यों मानें? ट्रंप ने यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ हुई बातचीत, जो दुनिया भर में वायरल हुई और आखिरी दौर में बातचीत कम हम भारतीयों के हिसाब से सास-बहू के झगड़े की तरह थी, में कहा कि हमारे एक मूर्ख राष्ट्रपति ( जो बाइडन) ने आपको रूस से लड़ने के लिए 350 अरब डालर दे दिए। संभवतः यह पहली बार है जब अन्तरराष्ट्रीय मामलों में इस तरह कैमरों के सामने कटु विवाद हो और एक बड़े देश का राष्ट्रपति अपने पूर्व राष्ट्रपति को मूर्ख कहे उसके अन्तरराष्ट्रीय फैसलों को मानने से इनकार करे।

बाबा भारती की कहानी याद आती है कि फिर कौन यकीन करेगा? सुदर्शन की मशहूर कहानी 'हार की जीत' में बाबा भारती कहते हैं कि अगर इस तरह धोखे हुए तो फिर कौन बात का यकीन करेगा?

हालांकि अपने पूर्ववर्तियों को कुछ नहीं बताने का सिलसिला हमारे वाले पहले ही शुरू कर चुके हैं। ट्रंप ने तो अपने पूर्ववर्ती के लिए जो कुछ कहा अपने देश में ही कहा हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी इससे बहुत बड़ी बात विदेश में कह आए थे कि 2014 से पहले भारत में पैदा होना शर्म की बात थी।

प्रधानमंत्री बनते ही 2015 में दक्षिण कोरिया में मोदी जी ने यह कहा था। और उसके बाद तो उनके भक्तों ने यह बताना शुरू कर दिया था कि भारत आजाद ही 2014 में हुआ। यह कहने वाली फिल्म एक्ट्रेस कंगना रनौत को फिर ईनाम के तौर बीजेपी का लोकसभा टिकट दे दिया गया।

और वे सांसद बन गईं। प्रसंग आया है तो यह और बता दें कि सांसद बनने के बाद अभी उन्हें कोर्ट में प्रसिद्ध लेखक जावेद अख्तर से माफी मांगनी पड़ी। हालांकि यह शीर्षक किसी अख़बार या टीवी चैनल में नहीं दिखा कि भाजपा सांसद कंगना रनौत ने माफी मांगी! खबर को दबा कर दिया गया कि मामला निपटा। और अगर किसी कांग्रेस के या विपक्ष के किसी सांसद ने माफी मांगी होती तो यह गोदी मीडिया किस तरह खुश होकर शोर मचाता?

खैर 2014 में भारत आजाद हुआ कहने वाली कंगना को सांसदी का पुरस्कार मिल गया अब उनके बाद दूसरे जिसने कहा कि 1947 की आजादी दरअसल 99 साल के पट्टे पर मिली थी उसे मिलना शेष है। यह बात संघ और भाजपा अपने लोगों को आपसी बातचीत में बताते रहते हैं। मगर इसे सार्वजनिक रूप से जिसने कहा उसे अभी पुरस्कार नहीं मिला है। मिलेगा! शायद तय हो रहा है कि कितना बड़ा पुरस्कार देना है।



शकील अख्तर

> हम यह बात पहले से जानते थे। नेहरू का नान अलायंस मूवमेंट ( गुट निरपेक्ष आंदोलन ) आज सबको याद आ रहा होगा। नेहरू न रूस के साथ न अमेरिका के। मगर उनके साथ दुनिया के 120 देश। ट्रंप इसी बातचीत में जेलेंस्की से कह रहे हैं कि तुम दुनिया को तीसरे विश्व युद्ध की तरफ धकेलना चाहते हो। उस समय जब अमेरिका और रूस में भयानक शीत युद्ध चल रहा था।

तो ट्रंप ने दुनिया को यह मैसेज दे दिया कि उनके शासनकाल में किसी भी देश से जो भी एग्रीमेंट होगा, अन्तरराष्ट्रीय संधि होगी वह केवल तब तक ही लागू रहेगी जब तक वे कुर्सी पर हैं। बाद वाला उसे इसी तरह करने वाले को मूर्ख कहकर नकार सकता है जैसा मैं यूक्रेन के मामले में कर रहा हूं।

यूक्रेन को रूस से लड़ाया किसने? अमेरिका ने! और आज उसके राष्ट्रपति ट्रंप कह रहे हैं समझौता कर लो। वह तो यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की की सुन ही नहीं रहे कि उससे शांति होगी। हमारे ऊपर बाद में हमला न होने की गारंटी होगी। क्या होगा? कुछ नहीं। हमने कहा मान लो। डिप्लोमेसी का सबसे बड़ा मैसेज। कि यहां कोई किसी पर विश्वास नहीं करे।

अपने स्वार्थ, नए बन रहे संबंध, दूसरे की कम हो रही उपयोगिता इन सब आधारों पर कोई भी किसी को छोड़ सकता है। और एकदम मंझधार में! जैसा यूक्रेन को छोड़ा। कहीं का नहीं रहा वह। रूस अब अपनी शर्तों पर समझौता करेगा।

सबसे ज्यादा झंडा उसी का बुलंद रहा। अमेरिका ने माना कि तुम दो हफ्ते नहीं लड़ सकते थे उससे। जिस अमेरिका की दम पर वह रूस को सबक सिखाने की बात कर रहा था उसी अमेरिका ने अब उसे सबक सिखा दिया कि कोई किसी का नहीं होता।

हम यह बात पहले से जानते थे। नेहरू का नान अलायंस मूवमेंट (गुट निरपेक्ष आंदोलन) आज सबको याद आ रहा होगा। नेहरू न रूस के साथ न अमेरिका के। मगर उनके साथ दुनिया के 120 देश। ट्रंप इसी बातचीत में जेलेंस्की से कह रहे हैं कि तुम दुनिया को तीसरे विश्व युद्ध की तरफ धकेलना चाहते हो। उस समय जब अमेरिका और रूस में भयानक शीत युद्ध चल रहा था तो यह 120 गुटनिरपेक्ष देशों का संगठन ही था जिसने दोनों महाशक्तियों को रोक कर रखा था।

आज हम खुद ही खुद को विश्व गुरु कहने लगे। और हमारे प्रधानमंत्री को ही सामने बिठाकर ट्रंप ने ऐसे ही खूब खरी खोटी सुनाई थी। वायलेटर कहा था। टैरिफ बढ़ाने की धमकी दी थी।

ब्रिक्स जिसका भारत सदस्य है उसे खत्म करने की बात कही। यानी जो मुंह में आया कहा। और हमारे प्रधानमंत्री मुस्कराते हुए सब चुपचाप सुन रहे थे। फ्रांस के राष्ट्रपति मेक्रों ने हाथ पकड़ कर ट्रंप को रोक दिया। और अपने देश का यूरोप का पक्ष रखा। ऐसे ही यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने तो यहां तक कह दिया कि यह युद्ध आपकी धरती पर भी आ सकता है। सबने तुर्की ब तुर्की जवाब दिए।

यहां हमारे वाले तो केवल अपनी तीखी जबान का उपयोग नेहरू-इन्दिरा को कोसने के लिए करते हैं। पता नहीं उन्हें कोई बताने वाला है या नहीं। हमारी विदेश सेवा में तो एक से एक काबिल अफसर हैं, खुद विदेश मंत्री एस जयशंकर रहे हैं आईएफएस। विदेश सेवा में सबसे उच्च पद विदेश सचिव तक रहे। उन्हें तो मालूम होगा कि 1971 में अमेरिकी राष्ट्रपति निक्सन से इसी व्हाइट हाउस में इन्दिरा गांधी ने कितने तीखे अंदाज में बात की थी। अमेरिका की विदेश नीति के बारे में सवाल पूछे थे। वे इसके कुछ साल बाद ही जब विदेश सेवा में आए तो उस समय इन्दिरा गांधी की अन्तरराष्ट्रीय राजनीति में दृढ़ता और भारतीय हित सर्वोपरि रखने की बात साउथ ब्लाक ( विदेश मंत्रालय) में सब जगह एक गर्व के साथ कही जाती थी।

प्रसिद्ध लेखिका कैथरीन फ्रैंक ने लिखा है कि भारत की प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी ने इस अंदाज में अमेरिकी राष्ट्रपति निक्सन से बात की थी जैसे एक प्रोफेसर अपने किसी पढ़ाई में दिल नहीं लगाने वाले स्टूडेंट से करता है। इन्दिरा गांधी की दृढ़ता ने तो अमेरिका के सातवें बेड़े को वापस लौटा दिया था। जो पाकिस्तान की मदद करने के लिए आ रहा था।

और यहां मोदी के जाने के बाद दो और अमेरिकी सेना के जहाजों में भारतीयों को हथकड़ी-बेड़ियों के साथ लाया गया। उनके जाने से पहले एक जहाज आ चुका था। हथकड़ी-बेड़ियों से बंधे भारतीयों को लेकर। लेकिन मोदी के अमेरिका जाने से लगा कि वे इस बारे में ट्रंप से विरोध करेंगे। जैसा कि संसद में विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा था।

मगर उनके जाने के बाद अमेरिका ने दो जहाजों में और ऐसे ही बांधकर भारतीयों को भेजा। ट्रंप से नहीं कह पाए। इसीलिए लोग इन्दिरा गांधी को याद कर रहे हैं कि अगर वे होतीं तो जैसा निक्सन का हाल किया था वैसा ट्रंप का कर देतीं। इन्हीं की पार्टी के वाजपेयीजी ने ही तो कहा था वे दुर्गा थीं।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार है )

# विपक्षी इंडिया गठबंधन देश के लोगों को कैसे निराश कर रहा है?

■ नित्य चक्रवर्ती

लोकतांत्रिक अधिकार कार्यकर्ता जगदीप एस. छोकर ने समाचार पोर्टल द वायर में अपने हालिया लेख में दिल्ली विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत के बाद वर्तमान चरण में भारतीय राजनीति की स्थिति पर अपने चार निष्कर्षों का उल्लेख किया है। उनके चार निष्कर्ष हैं- पहला, भाजपा भारत में विपक्ष-मुक्त राजनीतिक परिदृश्य को लगभग प्राप्त कर रही है; दूसरा, ऐसा लगता है कि यह विपक्षी दलों को खत्म करके और संस्थागत कब्जे से हासिल किया गया है; तीसरा, विपक्षी दलों ने देश और उसके लोगों को निराश किया है; और चौथा, भारत के लोगों ने देश को निराश किया है।

हालांकि, श्री छोकर के निष्कर्ष 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के शासन के विश्लेषण पर आधारित है, लेकिन वे अपने अंतिम निष्कर्ष बिंदु पर सही नहीं थे कि भारत के लोगों ने भाजपा को सत्तारूढ़ पार्टी के रूप में चुनकर देश को विफल कर दिया है। उनका बिंदु बी आर अंबेडकर और राजेंद्र प्रसाद की टिप्पणियों पर आधारित था, जिन्होंने संविधान के लिए काम करने वाले लोगों को चुनने वाले लोगों के महत्व को रेखांकित किया था। चूंकि भारत के मतदाताओं ने उस पार्टी को शासन करने के लिए चुना है जो संविधान को कमजोर कर रही है, इसलिए उन्होंने देश को विफल कर दिया है। श्री छोकर 2025 में भारतीय राजनीति का आकलन करने में बहुत अधिक निराशावाद दिखा रहे हैं।

> इंडिया ब्लॉक से लोकसभा चुनाव और उसके बाद के राज्य विधानसभा चुनाव परिणामों से उचित सबक लेने की उम्मीद थी, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया, इसके बजाय, इंडिया ब्लॉक के घटक उन राज्यों में सार्वजनिक रूप से झगड़े में लगे रहे, जहां लोकसभा चुनावों में प्रभावशाली प्रदर्शन के बावजूद उनका प्रदर्शन खराब रहा।

वास्तव में भारत के लोगों ने देश को विफल नहीं किया है। वे अभी भी सतर्क और चुस्त हैं, लेकिन विफलता ज्यादातर विपक्षी इंडिया ब्लॉक के सही एजेंडे और संगठनात्मक क्षमता के साथ लोगों तक पहुंचने में असमर्थता के कारण है। भारतीय जनता ने 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा को बहुमत न देकर और भाजपा और संघ परिवार के चौतरफा प्रचार और भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में केंद्र की स्वायत्त संस्थाओं के पूर्ण दुरूपयोग के बावजूद उसकी लोकसभा सीटों की संख्या को पहले के 303 से घटाकर 240 पर लाकर अपने सतर्क रवैये का परिचय दिया है। यह देश के जीवंत लोकतंत्र और सतर्क मतदाताओं का प्रदर्शन था।

दिल्ली विधानसभा चुनावों में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) को हराकर भाजपा की जीत निश्चित रूप से विपक्षी इंडिया ब्लॉक के लिए एक झटका है, लेकिन इसका मतलब आप का अंत या इंडिया ब्लॉक के लिए अंतिम तिनका नहीं है, जैसा कि राष्ट्रीय मीडिया और टीवी चैनलों के कुछ टिप्पणीकार पेश कर रहे हैं। जिन लोगों ने दिल्ली के मतदाताओं के मूड का अध्ययन किया है, वे जानते हैं कि 2025 के चुनावों में, भाजपा को हराकर सत्ता बरकरार रखना आप के लिए बहुत कठिन होगा, क्योंकि दिल्ली की सत्तारूढ़ पार्टी के दो कार्यकाल पूरे होने के बाद सत्ता विरोधी लहर थी। अंतिम निर्णायक बात यह रही कि मतदान से चार दिन पहले 1 फरवरी को घोषित 2025-26 के केंद्रीय बजट में आयकर में बड़ी छूट दी गयी और केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए आठवें वेतन आयोग के गठन की घोषणा की गयी।

इंडिया ब्लॉक की दोनों पार्टियों आप और कांग्रेस के वोटों को मिलाकर आप-कांग्रेस गठबंधन को लगभग 50 प्रतिशत वोट मिले और सीटों के मामले में, अगर गठबंधन होता तो इंडिया ब्लॉक के खाते में 14 और सीटें आतीं। इसका मतलब है कि अगर आप और कांग्रेस के बीच गठबंधन होता तो इंडिया ब्लॉक कुल 70 सीटों में से 36 सीटें जीतकर मामूली जीत हासिल कर सकता था।

इसके अलावा, आप ने दलितों, गरीबों और मुसलमानों के अपने आधार को बरकरार रखा, जैसा कि निर्वाचन क्षेत्रवार मतदान पैटर्न के विश्लेषण से पता चलता है। यह फैसला मतदान के दिन आप से भाजपा की ओर बड़े पैमाने पर मध्यम वर्ग के झुकाव का नतीजा था, जबकि गरीब कमोबेश आप और कांग्रेस के साथ खड़े थे। इसलिए, इस विचार से घबराने की कोई बात नहीं है कि भाजपा का रथ अजेय बनकर उभरा है।

इंडिया ब्लॉक से लोकसभा चुनाव और उसके बाद के राज्य विधानसभा चुनाव परिणामों से उचित सबक लेने की उम्मीद थी, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया, इसके बजाय, इंडिया ब्लॉक के घटक उन राज्यों में सार्वजनिक रूप से झगड़े में लगे रहे, जहां लोकसभा चुनावों में प्रभावशाली प्रदर्शन के बावजूद उनका प्रदर्शन खराब रहा। महाराष्ट्र में, अभी भी इंडिया ब्लॉक के सहयोगियों के बीच मतभेद जारी हैं। एनडीए की चुनौती का सामना करने के लिए मजबूत नेतृत्व के तहत इंडिया ब्लॉक को एकजुट करने और मतभेदों को दूर करने का गंभीर प्रयास करने की आवश्यकता थी।

भाजपा का अगला फोकस बिहार है, जहां साल के अंत तक राज्य विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस सप्ताह की शुरुआत में भागलपुर का दौरा किया और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मौजूदगी में पूरे जोर-शोर से चुनाव अभियान की शुरुआत की। भाजपा और आरएसएस दोनों ही पूरी तरह से तैयारी कर रहे हैं ताकि समय से पहले चुनाव की चुनौती का सामना करने की तैयारी पूरी की जा सके।

इंडिया ब्लॉक के मोर्चे पर क्या स्थिति है? पिछले साल 4 जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे घोषित हुए करीब नौ महीने हो चुके हैं, लेकिन इंडिया ब्लॉक की कोई बैठक नहीं हुई है। अब कोई नहीं जानता कि यह ब्लॉक की तरह काम कर भी रहा है या नहीं। इंडिया ब्लॉक के नेता के तौर पर कांग्रेस को 8 फरवरी को दिल्ली विधानसभा के नतीजे घोषित होने के तुरंत बाद बैठक बुलानी थी, लेकिन पार्टी अब तक इस मुद्दे पर चुप है। ममता बनर्जी, अखिलेश यादव जैसे अन्य नेताओं ने नये नेता के नेतृत्व में इंडिया ब्लॉक के तत्काल कायाकल्प की मांग की है, लेकिन कांग्रेस इस पर चुप है, हालांकि पार्टी यह आभास देती है कि 99 सीटों के साथ लोकसभा में सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी होने के कारण उसे विपक्ष का नेता बने रहने का अधिकार है।

लेकिन फिर दो ही स्थितियां हो सकती हैं - या तो कांग्रेस सक्रिय घटक के रूप में नेतृत्व करेगी या फिर शीर्ष पर अन्य वरिष्ठ नेताओं की भागीदारी के साथ इंडिया ब्लॉक के नेतृत्व का पुनर्गठन किया जायेगा। पिछले कुछ महीनों में इंडिया ब्लॉक ने बहुत समय बर्बाद किया है। बिहार को इंडिया ब्लॉक का पूरा ध्यान आकर्षित करना है और यह सुनिश्चित करने के लिए, कांग्रेस, आरजेडी और वाम दलों के शीर्ष स्तर पर तत्काल घनिष्ठ समन्वय जरूरी है। अगर एनडीए बिहार विधानसभा चुनाव जीतता है, तो भाजपा को असम और बंगाल में 2026 के राज्य विधानसभा चुनावों के लिए बड़ी गति मिलेगी। भाजपा के लिए, 'अंग बंग कलिंग' जीतना पवित्र मिशन है। ओडिशा पहले से ही इसके साथ है और बिहार भी जेडी(यू) के सहयोग से अब भाजपा के पाले में है। पार्टी आरएसएस की पूरी मदद से असम और बंगाल में अपनी स्थिति में काफी सुधार करना चाहती है।

इंडिया ब्लॉक को अपनी लंबी नींद से तुरंत जागना होगा और कार्रवाई में कूदना होगा।



## ललित सुरजन की कलम से

### अनशन से फायदा किसे

*'आजकल के जो संचार माध्यम हैं उनकी उपयोगिता से कौन इंकार करेगा, लेकिन इसी रविवार को द हिन्दू में सेवंती नाइनन ने एक गंभीर प्रश्न उठाया है कि जो नया सामाजिक मीडिया आया है, क्या वह हमेशा समाज हितैषी ही होगा या उसकी कोई नुकसानदायक भूमिका भी हो सकती है! उन्होंने इंग्लैण्ड के हाल के उपद्रवों का उदाहरण देकर बताया है कि कैसे फेसबुक, ट्विटर आदि का दुरुपयोग किया गया। इसी बात को भारत के संदर्भ में रखकर देखें। ये माध्यम बच्चों के खिलौने नहीं हैं, इनका शौक रखना एक बात है, लेकिन इनके अच्छे और बुरे प्रभावों के बारे में विचार करना भी आवश्यक है।'*

*'यह समझा जाता है कि अरब जगत में खासकर टयूनीशिया और इजिप्त में सत्ता परिवर्तन में इन माध्यमों ने अहम् भूमिका अदा की। ऐसा लगता है कि भारत का मीडिया उस समय से ही उतावला था कि यहां भी वैसा कुछ कर दिया जाए। मैं एक बार फिर मार्शल मैकलुहान की उक्ति याद करता हूं कि 'माध्यम ही संदेश है' (मीडिया इज द मैसेज)। जैसा कि सब जानते हैं मीडिया अब पत्रकारों के हाथ में नहीं, बल्कि कार्पोरेट घरानों के हाथ में है। विश्व की अर्थव्यवस्था और राजनीति पर नियंत्रण करने के लिए इन महापूंजीपतियों के पास मीडिया के रूप में एक सशक्त अस्त्र आ गया है।'*

**( 19 अगस्त 2011 को प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2012/04/

## गुरवाणी विचार

### साथ न चाले बिन भजन बिखिया सगली छारि

गऊड़ी अगले मुऐ सि पाछै परै जो उबरे से बधि लक खरे।
जिह धंधे महि उऐ लपटाये उन ते दुगण उनि माये।
उह बेला कछु चीति न आवै बिनसि जाये ताहू लपटाये।

गुरवाणी की इन पंक्तियों द्वारा पांचवें नानक गुरु अर्जुन देव जी फरमा रहे हैं कि हमारे पूर्वजों ने अपने जीवन काल में कितने ही प्रपंच कर, छल कपट कर, झूठ बेईमानी का सहारा लेकर धन दौलत कमाई होगी पर इस संसार से विदा होकर वे भी खाली हाथ ही गए साथ में कुछ भी लेकर नहीं गए। बादशाह सिकंदर जो विश्व विजेता कहा गया था वह भी जाते समय खाली हाथ ही गया। उसने तो अपने अहलकारों से यहां तक कह दिया था कि जब मेरा जनाजा निकले तो मेरे दोनों हाथ कफन से बाहर ही रखे ताकि दुनिया देखे कि विश्व विजेता सिकंदर भी अपनी हर चीज छोड़कर खाली हाथ ही गया। इस संसार में हमारे साथ कुछ भी जाने वाला नहीं है जाएगा तो वही जो हमने सत्कर्म किए होंगे। इसीलिए गुरवाणी में हमें समझाइश दी गई है कि-

साथ न चाले बिन भजन बिखिया सगली छारि।
हरि हरि नाम कमावना नानक ऐहो धन सारि।।

हमें इस बात से शिक्षा लेनी चाहिए कि जाते वक्त हर किसी को सब कुछ यहीं छोड़ कर जाना पड़ेगा साथ में केवल हमारे द्वारा प्रभु सिमरन बंदगी करके प्राप्त किया है। हम भी अगर अपने बुजुर्गों की तरह धन दौलत इकट्ठी करते रहे प्रभु बंदगी में मन नहीं लगाया, सांसारिक मोह माया में फंसे रहे तो प्रभु के सांचे दरबार में उजले मुख से नहीं जा पाएंगे। मानव जीवन तभी सार्थक होगा इस धरा पर आकर प्रभु बंदगी में अपना मन लगाएंगे। उसके पास तो हमारे 84 जनमों का पाप-पुण्य का हिसाब-किताब है। वह हमें किसी भी योनि में कीड़े-मकोड़े के जनम में भेज देगा। परमात्मा ने हमें मानव जनम दिया है तो हमें समय रहते चेत जाना है। हमें पुण्य फल के ईनाम स्वरूप प्रभु के सांचे दरबार में स्थान की प्राप्ति होगी। दंड स्वरूप हमें इस धरा पर फिर से जनम लेना पड़ेगा।

हमें भी अपने बुजुर्गों की तरह खाली हाथ ही जाना है। फिर इस संसार में वापस आना है। अगर हमने-

सिमरन भजन दया नहीं कीनी तां मुख चोटा खाएगा।
मन राम सिमर नहीं तो पछताएगा।।

इसलिए हमें चाहिए कि प्रभु परमात्मा द्वारा दी गई प्रत्येक श्वांसों का सदुपयोग करते हुए प्रभु बंदगी में मन लगाते रहना है। हीरों से भी कीमती मानव जीवन कौड़ियों के भाव से खतम न कर लें-

श्वांस श्वांस सिमरो गोविंद मन अंतर की उतरे चिंद।

हमें हर वक्त प्रभु परमात्मा से बिनती करते रहना चाहिए ताकि वह हम पर अपनी कृपा दृष्टि डाल देवे तभी हम इस संसार से पार लग पाएंगे। उसकी सिमरन बंदगी में लग जावें और अपना मानव जीवन पाकर इस धरा पर आना सार्थक कर लेंवें। शुरु शुरू में भले ही हमारा मन सिमरन बंदगी में नहीं लग पाएगा पर अभ्यास करते रहने से उस निरंकार से लग जाएगा फिर हम स्वयं प्रभु मूरत हमारे मन में विराजमान है ऐसा प्रतीत करने लग जाएंगे। इस बात का कोई भी आज तक बखान नहीं कर पाया है।

गूंगे मनुष्य को अगर हम मिठाई खिला देवें तो वह उसका स्वाद नहीं बता पाएगा। ठीक इसी तरह हमने प्रभु मूरत के दर्शन कर भी लिए तो उसका आनंद किसी को भी बता नहीं सकेंगे। बस हमें सिमरन बंदगी कर इसी आनंद की प्राप्ति करनी है ताकि हम उजले मुख से इस संसार समुद्र से पार उतर कर प्रभु के लोक में स्थान प्राप्त कर लेंवे।

**इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

### महिलाओं के लिए रोज़गार का माध्यम है बाजार

राजस्थान का अजमेर पर्यटन और तीर्थ नगरी होने के कारण बहुत लोगों के लिए रोज़गार प्राप्त करने का एक अहम जरिया भी है। यहां के सभी बाज़ारों में सालों भर देसी और विदेशी पर्यटकों, तीर्थ यात्रियों और आम लोगों की आवाजाही लगी रहती है जिससे बड़े स्तर के व्यापारियों से लेकर छोटे स्तर तक रोज़गार करने वाले लोगों को आर्थिक रूप से लाभ होता है। इन बाजारों में महिलाएं भी छोटे स्तर पर अपना रोजगार चलाती हैं इन्हीं में एक 'नया बाजार' भी है। करीब 60 साल पुराने इस बाजार में पिछले दो सालों से पिंकी अपने चाय की एक छोटी स्टॉल लगाती है जिससे होने वाली आमदनी से उसके परिवार का भरण-पोषण होता है। इस बाजार की सभी दुकानें पुरुष चलाते हैं। ऐसे में एक महिला के रूप में उन्हें अपनी दुकान चलाने के लिए किसी प्रकार की चुनौती का सामना नहीं होता है। पिंकी इससे पहले एक ज्वेलरी शॉप में काउंटर असिस्टेंट के रूप काम कर चुकी हैं। वह कहती हैं कि दो साल पहले जब उन्होंने चाय की अपनी दुकान शुरू की थी तो उनके सामने पुरुष सत्तात्मक समाज में जगह बनाने की चुनौती थी। क्योंकि यहां की सभी दुकानें पुरुष ही चलाते हैं और उनमें काम करने वाले अधिकतर कर्मचारी भी पुरुष होते हैं। ऐसे में उनके लिए यह काफी मुश्किल था। शुरू-शुरू में उन्हें लोगों से बात करने में थोड़ी परेशानी होती थी। लेकिन ज्वेलरी शॉप में काम करने के अनुभव का उन्हें काफी लाभ मिला। वह बहुत जल्द इस मार्केट की दिनचर्या और व्यवहार को समझ गई।

पिंकी रोज़ सुबह 8 बजे दुकान पहुंच जाती हैं और साफ़ सफाई के बाद ग्राहकों के लिए चाय बनाना शुरू कर देती हैं।

इस काम में उनका बेटा भी मदद करता है जबकि उनकी दोनों बेटियां स्कूल और कॉलेज जाती हैं। वह रात 8 बजे तक इस दुकान को संभालती है। वह कहती हैं कि उन्होंने पांचवीं कक्षा तक की पढ़ाई की है। ऐसे में वह शिक्षा के महत्व को पहचानती हैं। हालांकि उनके बेटे को पढ़ाई में दिल नहीं लगता था जिसके बाद वह पढ़ाई छोड़कर मां के कामों में हाथ बंटाने लगा। वे कहती हैं कि सबसे अधिक शाम के समय उनके दुकान पर भीड़ लगती है जब आसपास की दुकानों और ऑफिस से निकले लोग चाय की चुस्की के साथ चर्चा करते हैं। अक्सर यह चर्चा घर और ऑफिस से शुरू होकर देश और दुनिया के मुद्दों पर चलती है। वहीं दोपहर के समय ज़्यादातर अजमेर घूमने आये पर्यटकों की भीड़ जमती है। जब लोग एक पर्यटन स्थल से दूसरे पर्यटन स्थल को देखने जाने के बीच कुछ देर उनकी चाय पीकर अपनी थकान मिटाना चाहते हैं।

ऐसे में चाय के साथ उन्हें पर्यटकों का अनुभव भी सुनने को मिलता रहता है। पिंकी कहती हैं कि उन्हें राजनीति की अधिक समझ नहीं है, लेकिन जब शाम में चाय के साथ उनकी दुकान पर देश और दुनिया की राजनीति पर चर्चा होती है तो उन्हें बहुत कुछ जानकारी मिल जाती है। वहीं पर्यटकों द्वारा भी उनकी चाय की दुकान पर बैठ कर चर्चा करने से उन्हें काफी कुछ जानकारियां प्राप्त हो जाती है।

**आशा नारंग, अजमेर राजस्थान**

CMYK

देशबन्धु
संस्कारधानी

5 बिलासपुर

सोमवार,03 मार्च 2025

उल्टा पुल्टा

मंटू- गुरुजी मुझे बताइए कि मैं कैसे अपने अंदर की कमियां ढूंढू ?
गुरुजी- बेटा...बहुत आसान है शादी कर लो.
मंटू- उससे क्या होगा ?
गुरुजी- तुम्हारी पत्नी न केवल तुम्हारी बल्कि तुम्हारे पूरे खानदान की कमियां इतनी बार गिनवाएगी कि तुम्हें याद हो जाएंगी.

# सार्वजनिक आवागमन के मार्ग पर जन्मदिन,पार्टियाँ एवं किसी भी प्रकार के निजी आयोजनों पर प्रतिबंध

## ऐसे आयोजनों में शामिल लोगों पर जुर्माना एवं वाहनों की जाएगी जब्ती

**बिलासपुर**,(देशबंधु)। सार्वजनिक स्थानों पर बर्थडे पार्टी और अन्य आयोजन कर ट्रैफिक जाम करने के मामले में हाईकोर्ट द्वारा कड़ा रुख अख्तियार करने और रायपुर की महापौर के बेटे को ऐसे ही आयोजन पर गिरफ्तार किए जाने के बाद बिलासपुर में भी सख्त रवैया अपनाने की दिशा में निर्णय लिया गया है। सार्वजनिक आवागमन के मार्ग को अवरोध करने वाले व्यक्तियो एवं समूहों पर एन्टी एंक्रोचमेंट एक्ट, मोटर व्हीकल एक्ट, नगर पालिक अधिनियम, अन्य सुसंगत अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता के सुसंगत धाराओं पर की जाएगी दंडात्मक कार्रवाई, इस तरह के अवांछित गतिविधियों पर रोक लगाने हेतु प्रशासन द्वारा नियम बनाया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के दिशा निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे के मार्गदर्शन पर लगातार यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध जिला यातायात पुलिस बिलासपुर द्वारा मोटरयान अधिनियम के तहत सघन कार्रवाई की जा रही है।

कई बार ऐसा भी देखने मे मिलता है कि कुछ जगहों पर बिना सम्बन्धित विभाग के परमिशन लिए अनाधिकृत रूप से कहीं पर भी जन्मदिन मनाने, भंडारा लगाने एवं अन्य प्रयोजन से पंडाल आदि लगा दी जाती है जिससे सार्वजनिक आवागमन के मार्ग अवरुद्ध होने के साथ-साथ आम जनमानस को अपने गंतव्य तक जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

उक्त परेशानियों को ध्यान में रखते हुए वरिष्ठ कार्यालय से लगातार दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन प्राप्त हो रहे हैं कि ऐसे आयोजनों पर अभिलंब प्रतिबंध लगाई जाए एवं इन पर मोटर व्हीकल एक्ट, एंटी एक्रोचचमेंट एक्ट, नगर



पालिका अधिनियम के सुसंगत अधिनियमों के तहत तथा भारतीय न्याय संहिता के सुसंगत धाराओं के तरह सख्त दंडात्मक कार्यवाही किया जाए ताकि सार्वजनिक प्रयोजन के लिए बनाई गई सड़कों पर आवागमन निर्बाध रूप से संचालित संचालित हो सके और किसी भी व्यक्ति को आवागमन के दौरान अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

ज्ञातव्य हो कि सार्वजनिक स्थल पर किसी भी प्रकार के आयोजन हेतु विधिवत रूप से संबंधित विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने एवं विधिवत विशेष शर्तों के अनिवार्य रूप से अनुपालनीय कंडिकाओ के साथ अनुमति मिलने पश्चात ही आयोजन संपादित किया जाता है परंतु कई बार यह देखने में आता है कि सार्वजनिक मार्ग को निजी उपयोग हेतु न किसी प्रकार की परमिशन ली जाती है नहीं संबंधित विभाग को इस संबंध में सूचना प्राप्त होता है और आकस्मिक सड़कों पर इस तरह के आयोजन से जाम की स्थिति बनती है। अनुमति प्राप्त होने पर दिए गए दिए निर्देश और विशेष शर्तों का पालन नहीं किया जाता जिसके कारण कई बार अव्यवस्था की स्थिति बनती है

पुनः विदित हो कि ऐसे आयोजनों के संबंध में यातायात विभाग को जानकारी प्राप्त होने की स्थिति में पूर्व से ही यातायात के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समुचित रूप से पूर्व निर्धारित ड्यूटी लगाई जाती है क्योंकि यातायात को निर्बाध रूप से संचालित करने हेतु डायवर्सन प्लान, पार्किंग एवं अन्य तात्कालिक व्यवस्थ तैयार किया जाता है परंतु किसी भी प्रकार के सार्वजनिक मार्ग पर आकस्मिक आयोजन की स्थिति में वाहनों की कतार लगने की संभावना बन जाती है मार्ग को किसी के द्वारा अवरुद्ध करना अपराध के श्रेणी में आता है।

अतः किसी भी स्थिति में सार्वजनिक स्थान पर जन्मदिन, भंडारा, महोत्सव, पार्टियां, जुलुश एवं रैलिया आदि आयोजन के पूर्व विधिवत परमिशन लिए जाने हेतु समस्त संबंधितो को अपील की जाती है विधिवत परमिशन नहीं लेने की स्थिति में इस तरह की के आयोजन पर जिला यातायात पुलिस बिलासपुर के द्वारा मोटर व्हीकल एक्ट के तहत सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी एवं अन्य सुसंगत अधिनयम और धाराओं के तहत कार्रवाई किए जाने हेतु संबंधित विभाग को भी प्रतिवेदन भेजी जाएगी।

ऐसे आयोजन कर मार्ग को अवरुद्ध करने वाले व्यक्तियों एवं वाहन मालिकों पर जुर्माना के साथ-साथ वाहनों की जप्ती की भी कार्यवाही की जाएगी जिससे बिना अनुमति के इस तरह के आयोजन करने वाले व्यक्ति एवं समूह को न्यायिक प्रक्रियाओं का सामना करना पड़ सकता है। इस संबंध में राष्टीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान एवं पूरे वर्ष भर लगातार यातायात जन जागरूकता के माध्यम से लोगों को जागरुक भी किया जा रहा है परंतु फिर भी इस तरह की की अवांछित गतिविधियों समय-समय पर शहर में परिलक्षित होती है जिस पर वरिष्ठ कार्यालय एवं वरिष्ठ अधिकारियों का सख्त निर्देश प्राप्त हुआ है अतः समस्त जनमानस से अपील है कि किसी भी आयोजन के दौरान यातायात व्यवस्था बाधित न हो इस बात का समुचित ध्यान रखी जावे।

## संपादकीय

### सड़कें रोकने वालों पर कार्रवाई

*छत्तीसगढ़ शासन द्वारा एक बेहतरीन फैसला लिया गया है जिसके अंतर्गत रास्तों को किसी भी तरह से अवरुद्ध करने वालों के खिलाफ अब कड़ी कार्रवाई होगी। सड़कें रोके जाने पर प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी जिम्मेदार माने जायेंगे। प्रशासन को इस नियम का कठोरता से पालन कराना होगा। राज्य के मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने उच्चाधिकारियों की बैठक में इस आशय के निर्देश जारी किये। इसके अंतर्गत सड़कों का उपयोग पार्टी मनाने अथवा किसी भी तरह के निजी आयोजनों के लिये करने तथा ट्रैफिक को बाधित करने पर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया गया। इस सम्बन्ध में स्पष्ट नियम तो हैं लेकिन उन पर कड़ाईपूर्वक कार्रवाई नहीं होती। वर्ष भर कई धार्मिक, राजनीतिक व सामाजिक कार्यक्रम सड़कों पर होते हैं जिनके कारण रास्ते बन्द हो जाते हैं। बहुत से तो निजी कार्यक्रम होते हैं। रसूखदार लोग सड़कों को घरों के कार्यक्रमों के लिये तक इस्तेमाल में लाते हैं- यह जानते हुए कि सड़कें सार्वजनिक उपयोग के लिये हैं। इससे सैकड़ों लोगों को परेशानी होती है।*

*इस निर्देश का तत्काल पालन शुरू हो गया है जो अच्छी बात है। रायपुर की नवनिर्वाचित मेयर मीनल चौबे के पुत्र मेहुल को 28 फरवरी को बीच सड़क पर जन्मदिन मनाने के कारण 4 अन्य साथियों के साथ गिरफ्तार किया गया। इसके लिये श्रीमती चौबे ने सार्वजनिक माफी मांगी है। पिछले महीने ही कांग्रेस से जुड़े 1 युवक इसी आरोप में गिरफ्तार हुए थे। ऐसे ही रायपुर के रायपुरा ब्रिज के नीचे कुछ लोगों ने बीच सड़क पर दो कारों के बोनट पर केक काटकर व आतिशबाजी कर अपने परिवार के एक सदस्य का जन्मदिन मनाया था। रसूखदारों को न नियमों की परवाह होती है और न ही सामान्यजनों की दिक्कतों से उन्हें कुछ लेना-देना होता है। ऐसे लोगों का प्रभाव इतना होता है कि वे अपने निजी आयोजनों के लिये चलती सड़कों को भी रोक लेते हैं।*

*प्रदेश भर में सार्वजनिक कार्यक्रम हों या निजी, लोग बीच सड़कों पर मंच, पंडाल, शामियाने, कुर्सियां आदि लगाने में नहीं झिझकते। पुलिस प्रशासन आयोजकों को दिशा-निर्देश तो जारी करता है कि पंडाल इस तरह से लगाये जायें कि किसी को आवाजाही की दिक्कत न हो, लेकिन बहुत कम लोग ऐसे होते हैं जो इसका ईमानदारी से पालन करते हैं। ये आयोजक न केवल सड़कों को घेरते हैं वरन खम्भे खड़े करने के लिये गड्ढे तक खोद देते हैं। आयोजन के पश्चात पंडाल, मंच आदि तो समेट लिये जाते हैं परन्तु गड्ढे, अनुपयोगी सामग्रियां, खान-पान के अपशिष्ट आदि सड़कों पर ही छोड़ दिये जाते हैं। मरम्मत का खर्च स्थानीय निकायों को उठाना पड़ता है। विभिन्न संगठन और लोग अपना सामाजिक उत्तरदायित्व नहीं समझते तथा जहां सुविधा हो अपना मंच सजा लेते हैं। कार्यक्रम चलते तक लोगों का आना-जाना दूभर होता है।*

## सार-संक्षेप




### जन औषधि सप्ताह

### स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन, लोगों को स्वास्थ्य संबंधी दी गई जानकारी

**बिलासपुर**, 2 मार्च (देशबन्धु)। भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा बिलासपुर के द्वारा श्री अवनीश शरण कलेक्टर एवं अध्यक्ष रेडक्रास बिलासपुर के कुशल मार्गदर्शन में जन औषधि सप्ताह के अंतर्गत दूसरे दिन प जन औषधि की सस्ती दवा के प्रति आम जनों को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन स्थानीय कंपनी गार्डन बिलासपुर में किया गया। सवेरे 06.30 बजे से स्वास्थ्य परीक्षण हेतु डॉ अनिल गुप्ता सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय के साथ जिला चिकित्सालय की टीम उपस्थित थी। शिविर में 100 से ज्यादा लोगों की बीपी शुगर जांच की गई। सिविल सर्जन डॉ अनिल गुप्ता द्वारा शिविर में आए लोगों को बताया गया कि कैसे शुगर एवं बीपी की समस्या से बचा जा सकता है साथ ही पुरे दिन कि पोषक आहार की जानकारी दी गयी। डॉ एम . ए.जीवानी नोडल ऑफिसर रेडक्रास सोसायटी एवं पूर्व कार्यकारिणी सदस्य श्री अनिल तिवारी द्वारा लोगों स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। अमरजीत सिंह दुआ कोषाध्यक्ष रेडक्रास प्रबंध समिति, श्री सैयद जफर अली सदस्य प्रबंध समिति, श्री सौरभ सक्सेना जिला समन्वयक श्री आदित्य पांडेय प्रभारी रेडक्रास एवं श्री प्रणय मजुमदार नोडल अधिकारी जनऔषधि के द्वारा शिविर में आए सभी लोगों को पेन एवं नोट बुक वितरित किया गया । साथ ही जन औषधि की उच्च गुणवत्ता की सस्ती दवाइयों के बारे में जानकारी दी गयी। शिविर में लक्ष्मीनारायण मिश्रा, मनीष मिश्रा, सुशील राजपूत, आशीष गोविंद मिश्रा, मोहन वैष्णव, श्रीमती अंजू ठाकुर, दिनेश राठौर धरम लाल साहू, सुश्री गीतेश्वरी चंद्रा, नेहा राय, रचना राय, ममता लहरे, सरिता साहू साथ ही रेडक्रास से समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अनुभूति की सुरभि काव्य संग्रह का विमोचन आज

बिलासपुर, 2 मार्च (देशबन्धु)। प्रयास प्रकाशन के तत्वावधान में श्रीमती रेखा ठाकुर के काव्य संग्रह अनुभूति की सुरभि का विमोचन 3 मार्च दिन सोमवार की संध्या 4 बजे शासकीय जे.पी.वर्मा स्नातकोत्तर कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय महाराणा प्रताप चौक में होगा। इस विमोचन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ.विनय कुमार पाठक कुलपति थावे विद्यापीठ गोपालगंज बिहार होंगे तथा अध्यक्षता डॉ.श्याम निराला प्राचार्य शासकीय जे.पी. वर्मा स्ना.महा.विद्या.बिलासपुर करेंगे।विशिष्ट अतिथि राजेन्द्र चन्द्र सिंह सामन्त अध्यक्ष छत्तीसगढ़ मध्यस्थता न्यायाधिकरण पूर्व न्यायाधीश उच्च न्यायालय रायपुर,विशिष्ट अतिथि न्यायमूर्ति चन्द्रभूषण वाजपेयी पूर्व न्यायाधीश उच्च न्यायालय बिलासपुर होंगे। स्वागत भाषण डॉ.अनिता सिंह प्राचार्य महाराणा प्रताप महाविद्यालय बिलासपुर,संचालन डॉ. राघवेंद्र दुबे अध्यक्ष तुलसी साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ एवं आभार डॉ.रंजीत सिंह पवार सचिव शिवाजी राव शिक्षण संस्थान पिपरतराई कोटा व्यक्त करेंगे।

# तीन सवारी पुलिस कर्मियों का काटा गया चालान

**बिलासपुर,** 2 मार्च (देशबन्धु)। शहर में यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वालों की कमी नहीं है। वहीं कई बार देखा जाता है कि पुलिस कर्मि भी तीन सवारी वाहन चलाते है। ऐसे में उन्हे पुलिस विभाग का है सोचकर छोड़ दिया जाता है। लेकिन अब पुलिस कप्तान ने इस पर भी सख्ती दिखाई है और तीन सवारी पुलिसकर्मियों का भी चालान काटने के निर्देश दिए है। इसी के तहत तीन सवारी वाहन पर चलने वाले पुलिसकर्मियों का चालान काटा गया है। पुलिस कप्तान का कहना है कि हर कोई एक समान है चाहे व पुलिस हो या आम जनता। इस तरह से वे नागरिकों को जागरूक करना चाहते हैं।

**■ ट्रैफिक नियम है सभी के लिए समान-एसपी**

पुलिस अधीक्षक बिलासपुर रजनेश सिंह के दिशा निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे के मार्गदर्शन पर जिला यातायात पुलिस बिलासपुर द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर अभियान चलाकर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में दीगर जिला से वीआईपी ड्यूटी में आये पुलिस के जवानों द्वारा शहर में वाहन तीन सवारी चलते हुए पाया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के निर्देश पर यातायात पुलिस द्वारा आई. टी. एम. एस. के माध्यम से तत्काल ही तीन सवारी का 500 का ई चालान जुर्माना भेजा गया।

28 फरवरी को वाहन क्रमांक सीजी 10 बीएम 3098 में पुलिस की वर्दी पहने हुए पुलिस के जवानों के द्वारा विभागीय कार्यों की शीघ्रता हेतु ट्रिपल सवारी दुपहिया वाहन चलाई जा रही थी जिसकी फोटो और वीडियो सोशल मीडिया के माध्यम से वायरल किया गया था और विभाग के चालानी कार्यवाही पर प्रश्न चिन्ह भी लगाने का प्रयास किया गया था परंतु यातायात विभाग के द्वारा पूर्व में भी विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारी जिन्होंने अनाधिकृत रूप से वाहन चालन के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन किया है उन पर मोटरयान अधिनियम के तहत चालानी करवाई किया गया है।

आगे भी जिस भी विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा इस तरीके की यातायात नियमों का अनदेखा या उल्लंघन किया जाएगा उन पर बिना किसी किसी दबाव या विभागीय औपचारिक संबंधों को बिना कोई विशेष तवज्जो देते हुए हुए विधिवत नियमानुसार मोटरयाँ अधिनियम की सम्बन्धित सुसंगत धाराओं में कार्यवाही अवश्य की जाएगी।

# पुलिस ने दर्री कापा में 5सौ लीटर महुआ शराब और 6सौ किलो लहान जब्त किया

**बिलासपुर,** 2 मार्च (देशबन्धु)। जिले में अवैध शराब के खिलाफ चल रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत कोटा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 510 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की। साथ ही, आरोपी के घर से 500-600 किलो महुआ लहान मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। यह छापेमारी जिले में पिछले कुछ दिनों में की गई छठी बड़ी कार्रवाई है।

जानकारी के अनुसार, थाना कोटा प्रभारी आईपीएस सुमितकुमार धोत्रे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एक मार्च की रात आठ बजे ग्राम दर्रीकापा में छापेमारी की। इस दौरान आरोपी रोशन खांडे (24 वर्ष, पिता राजाराम खांडे, निवासी दर्रीकापा) के घर में अवैध महुआ शराब बनाने और बेचने का मामला सामने आया। पुलिस ने मौके से 510 लीटर कच्ची महुआ शराब, 6 एल्युमिनियम डेचकी, 1 गैस चूल्हा और 1 गैस सिलेंडर बरामद किया। जब्त किए गए सामान की कुल अनुमानित कीमत एक लाख बताई जा रही है।



आरोपी रोशन खांडे के खिलाफ धारा 34(1) क, 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

**टीम में ये रहे शामिल**

इस कार्रवाई में उप निरीक्षक राज सिंह के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक ओंकार प्रसाद बंजारे, आरक्षक भोप सिंह साहू, रामलाल सोनवानी, महिला आरक्षक पूर्णिमा सिदार, प्रियांश तिग्गा सहित अन्य पुलिसकर्मियों का विशेष योगदान रहा।

# नवनिर्मित बॉस्केट बॉल मैदान का हुआ उद्घाटन

## न्यायधानी को मिली एक और खेल उपलब्धि

## छत्तीसगढ़ स्कूल परिसर में स्थित इस बास्केटबॉल मैदान का जीर्णोद्धार किया गया

**बिलासपुर**, 2 मार्च (देशबन्धु)। न्यायधानी में खेलों को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में, शहर और खिलाड़ियों को एक आधुनिक बास्केटबॉल मैदान की सौगात मिली है। छत्तीसगढ़ स्कूल परिसर में स्थित इस बास्केटबॉल मैदान का जीर्णोद्धार कर इसे नए रूप में तैयार किया गया। जिसका भव्य उद्घाटन बिलासपुर कलेक्टर अवनीश शरण, निगम आयुक्त अमित कुमार एवं जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ।

### शानदार बास्केटबॉल मुकाबला में शिकागो बुल्स ने दर्ज की जीत

इस अवसर पर एक मैत्री बास्केटबॉल मैच का आयोजन किया गया, जिसमें फाइटिंग पैंथर और शिकागो बुल्स की टीमें आमने-सामने थीं। रोमांचक मुकाबले में शिकागो बुल्स ने 53-46 अंकों से जीत दर्ज की। खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन पर सभी ने उत्साहपूर्वक तालियां बजाईं।

### खेल और खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग का कलेक्टर ने दिया आश्वासन

पुरस्कार वितरण के दौरान बिलासपुर कलेक्टर अवनीश शरण ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया और जिले में खेल गतिविधियों को और अधिक बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए प्रशासन हरसंभव मदद करेगा, ताकि बिलासपुर से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार हो सकें।



### बास्केटबॉल कोर्ट के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान

इस शानदार बास्केटबॉल कोर्ट के पुनर्निर्माण में जिला बास्केटबॉल संघ, बिलासपुर का अभूतपूर्व योगदान रहा। अमित मंडल,प्रवीण बिसेन, प्रीतम दास, प्रदीप वर्मा, धीरेंद्र सिंह, सुनील राठौर, डेमन साहू, श्री प्रदीप साहू, अख्तर खान, देवेंद्र भोंसले,अजय यादव, विकास काकडे, विमल रॉय, योगेश साहू, आतिश पारीख, प्रदीप यादव, संतोष यादव सहित कई सदस्यों ने इस कार्य को सफल बनाने में अपना प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष सहयोग दिया।जिला बास्केटबॉल संघ के सचिव अमित मंडल ने जानकारी देते हुए कहा कि यह बास्केटबॉल कोर्ट भविष्य में शहर के युवा खिलाड़ियों को उत्कृष्ट मंच प्रदान करेगा और बिलासपुर को खेल के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

इस नवनिर्मित बास्केटबॉल कोर्ट के उद्घाटन के साथ, बिलासपुर के खेल प्रेमियों के लिए एक नई खेल उपलब्धि जुड़ गई है। यह कोर्ट ना सिर्फ खिलाड़ियों के लिए एक बेहतरीन सुविधा होगी, बल्कि आने वाले समय में यहां कई बड़े टूर्नामेंट और प्रतियोगिताएं आयोजित करने का भी मार्ग प्रशस्त करेगा।

## सार-संक्षेप

### दीपका में अध्यक्ष व पार्षदों ने ली शपथ

**कोरबा,** 02 मार्च (देशबन्धु)। नगर पालिका दीपका के नव निर्वाचित अध्यक्ष राजेन्द्र राजपूत एवं सभी पार्षदगणों ने केबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन की उपस्थिति में पद की शपथ ली। इस अवसर पर कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज शर्मा, जिला महामंत्री संतोष देवांगन, जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी सहित कार्यकर्तागण व आम जनमानस उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंत्री लखनलाल देवांगन ने नवनिर्वाचित पार्षदों को उनके दायित्व की शपथ लेने पर बधाई देते हुए संकल्प पत्र में किए गए वचनों को पूर्ण करने के लिए प्रेरित करते हुए उनके कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी।

### नगर पालिका बांकीमोंगरा में हुआ शपथ ग्रहण



**कोरबा,** 02 मार्च (देशबन्धु)। बांकीमोंगरा नगर पालिका की नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती सोनी झा एवं पार्षदों ने श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन की उपस्थिति में पद की शपथ ली। इस अवसर पर मंत्री श्री देवांगन ने अध्यक्ष एवं सभी पार्षदों को सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार अटल विश्वास पत्र के संकल्प को पूरा करेगी और बांकीमोंगरा नगर को विकसित, समृद्ध, सुव्यवस्थित और स्वच्छ बनाएगी। समारोह में कटघोरा के विधायक प्रेमचंद पटेल, पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर, भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज शर्मा, जिला महामंत्री संतोष देवांगन, जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, कोरबा निगम के वार्ड पार्षद नरेंद्र देवांगन, पूर्व जिला अध्यक्ष पवन गर्ग, विकास झा, सतीश झा, मंडल अध्यक्ष उदय शर्मा समेत अन्य कार्यकर्तागण व आमजन उपस्थित रहे।

### छुरीकला में अध्यक्ष व पार्षदों ने ली शपथ



**कोरबा,** 02 मार्च (देशबन्धु)। वाणिज्य, उद्योग व श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन छुरीनगर पंचायत की नव निर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती पदमिनी देवांगन एवं सभी पार्षदगणों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर मंत्री श्री देवांगन ने सभी को नव दायित्व की बधाई और सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कटघोरा के विधायक प्रेमचंद पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज शर्मा, जिला महामंत्री संतोष देवांगन, जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, कौशल देवांगन, नरेश देवांगन, प्रीतम देवांगन, पूर्व जिला अध्यक्ष पवन गर्ग समेत अन्य कार्यकर्तागण व आम जनमानस उपस्थित रहे।

### नपं पाली में अध्यक्ष सहित पार्षदों ने ली शपथ




**कोरबा,** 02 मार्च (देशबन्धु)। श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने नगर पंचायत पाली के नव निर्वाचित अध्यक्ष अजय जायसवाल एवं सभी पार्षद गणों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। मंत्री श्री देवांगन ने अध्यक्ष सहित निर्वाचित पार्षदों को बधाई और सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कटघोरा के विधायक प्रेमचंद पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज शर्मा, जिला महामंत्री संतोष देवांगन, जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, संजय भावनानी, पाली मंडल अध्यक्ष रोशन सिंह ठाकुर समेत अन्य कार्यकर्ता गण व आम जनमानस उपस्थित रहे।

### पानी में थी मरी हुई छिपकली, 4 लोगों की बिगड़ी तबियत



**कोरबा,** 02 मार्च (देशबन्धु)। रसोईघर में लापरवाही के चलते एक ही परिवार के चार लोग फूड पॉइजनिंग का शिकार हो गए। पति-पत्नी और बेटी-दामाद को जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार यह पूरी घटना कोरबा जिले के सीमावर्ती क्षेत्र बरपाली तुर्रीधाम नगरदा गांव की है। यहां 50 वर्षीय प्यारेलाल, पत्नी 48 वर्ष, 32 वर्षीय बेटी कलाबाई और 35 वर्षीय दामाद रथराम एक साथ खाना खाए। खाना खाने के 1 घंटे बाद अचानक सभी की तबीयत बिगड़ने लगी। उन्होंने इसकी जानकारी पड़ोसियों को दी। चारों को एंबुलेंस की सहायता से अस्पताल पहुंचाया गया। बताया जा रहा है कि पीने का पानी जिस बर्तन में रखा गया था, उसमें मरी हुई छिपकली मिली। खाना खाने के दौरान इसी पानी का उपयोग करने से चारों की तबीयत बिगड़ने की बात सामने आ रही है।

### रामगोपाल पाण्डेय का निधन



**कोरबा,** 02 मार्च (देशबन्धु)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक रामगोपाल पाण्डेय का 90 वर्ष की उम्र में दु:खद निधन हो गया है। वे अपने पीछे तीन पुत्र सुनील, सुबोध, पंकज सहित एक पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। पंप हाऊस झोपड़ी पारा और पावर हाऊस रोड कोरबा में लम्बे समय तक निवासरत रहने के बाद वर्तमान में स्व. रामगोपाल पाण्डेय का परिवार इंदिरा विहार कालोनी गायत्री मंदिर के पीछे टीपी नगर कोरबा में निवासरत हैं। उनका अंतिम संस्कार मोतीसागरपारा स्थित मुक्तिधाम में किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में शुभचिंतक व गणमान्यजन शामिल हुए। आरएसएस सहित विभिन्न समाजसेवी संगठनों से जुड़े रामगोपाल पाण्डेय के निधन से शोक व्याप्त है।

### सुरेश कुमार मित्तल का निधन

**कोरबा**-कटघोरा, 02 मार्च (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद कटघोरा के पूर्व अध्यक्ष रतन मित्तल के बड़े भाई व नरेंद्र ज्वेलर्स के संचालक सुरेश कुमार मित्तल का 70 वर्ष की आयु में रविवार को आकस्मिक दुखद निधन हो गया। वे अपने पीछे पत्नी, पुत्र नरेंद्र मित्तल, दो पुत्री व नाती-पोतों से भरा-पूरा परिवार रोता-बिलखता छोड़ गए हैं। उनके निधन का समाचार मिलते ही कटघोरा नगर के व्यवसायियों सहित परिजनों व शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ पड़ी है। उनका अंतिम संस्कार सोमवार को प्रात: 11 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा।

# पाली, छुरी, बांकीमोंगरा व दीपका में अध्यक्ष सहित पार्षदों ने ली शपथ




**कोरबा,** 02 मार्च (देशबन्धु)। नगरीय निकाय निर्वाचन अंतर्गत नव निर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों ने रविवार को उद्योग, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य एवं विधायक प्रेमचंद पटेल की उपस्थिति में शपथ ली। नगर पंचायत पाली में एसडीएम श्रीमती सीमा पात्रे ने नव निर्वाचित अध्यक्ष अजय जायसवाल और पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। नगर पंचायत छुरी में श्रीमती पद्मिनी प्रीतम देवांगन और पार्षदों को एसडीएम कटघोरा रोहित सिंह ने शपथ दिलाई। नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा में नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती सोनी झा, दीपका में अध्यक्ष राजेन्द्र राजपूत और पार्षदों को एसडीएम कटघोरा रोहित सिंह ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

इस दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्षों और पार्षदों ने उद्योग मंत्री श्री देवांगन से आशीर्वाद प्राप्त किया। उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने सभी नवनिर्वाचित अध्यक्षों और पार्षदों को बधाई तथा शुभकामनाएं दी। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार बनने के साथ ही आने वाले दिनों में निकायों के अंतर्गत वार्डों में भी समुचित विकास नजर आएगी।

मंत्री श्री देवांगन ने सभी की सहभागिता से गाँव से लेकर शहर तक विकास की गंगा बहाने की बात कही। इस अवसर पर पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर, भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज शर्मा, जिला महामंत्री संतोष देवांगन, जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, कौशल देवांगन, नरेश देवांगन, प्रीतम देवांगन, पूर्व जिला अध्यक्ष पवन गर्ग, विकास झा, सतीश झा, समेत अन्य कार्यकर्ता गण व आम जनमानस उपस्थित रहे।

## नपा दीपका में भी शपथ ग्रहण का बहिष्कार

**कोरबा,** 02 मार्च (देशबन्धु)। नगर पालिका दीपका में नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह का कांग्रेस पार्षदों ने विरोध करते हुए समारोह में शामिल होने से इंकार कर दिया। इस दौरान सभी कांग्रेस पार्षद नगर पालिका के गेट पर खड़े रहे और मंच पर जाने से परहेज किया। कांग्रेस पार्षदों ने आरोप लगाया कि कोरबा लोकसभा सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत का नाम आमंत्रण कार्ड में अवश्य था, लेकिन मंच पर उनका फोटो नहीं लगाया गया, जिससे उनकी अवहेलना हुई। कांग्रेस पार्षदों ने इसे अपने नेताओं के सम्मान से जुड़ा मुद्दा बताते हुए कहा कि जब तक उच्च नेताओं को उचित सम्मान नहीं मिलेगा, वे किसी भी आधिकारिक कार्यक्रम में भाग नहीं लेंगे।

कांग्रेस पार्षदों के इस विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस प्रत्याशी विशाल शुक्ला, ब्लॉक अध्यक्ष दिलीप सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रजनीश तिवारी समेत अन्य कांग्रेसी पार्षद एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। उन्होंने इस मुद्दे को गंभीर बताते हुए प्रशासन से स्पष्ट जवाब देने की मांग की।



## गाजियाबाद में सोशल वर्क अवार्ड से सम्मानित हुए विनोद सिन्हा



**कोरबा,** 02 मार्च (देशबन्धु)। सामाजिक कार्यकर्ता विनोद सिन्हा को गाजियाबाद में समाज कल्याण फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा सोशल वर्क अवार्ड से सम्मानित किया गया। समाज कल्याण फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित देश के आठ प्रदेशों से आए अलग-अलग विधाओं में सर्वश्रेष्ठ 51 प्रतिभागी को अपने कार्य क्षेत्र में महारत हासिल करने वालों में 51 हस्तियों को अवार्ड से सम्मानित किया गया। गाजियाबाद सम्मान समारोह प्रताप विहार सेक्टर 11 फ्लोरिस में आयोजित किया गया था जिसके मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ. भरत सिंह ,अध्यक्ष पी आई आई टी कॉलेज ग्रेटर नोएडा उत्तर प्रदेश के विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉक्टर एमके सिंह, निर्देशक डॉ गौरव गुप्ता अस्पताल गाजियाबाद, निर्देशक डॉ. अशोक कुमार, महानिदेशक सुधीर कुमार श्रीवास्तव, संयोजक मनोज श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष गाजियाबाद के आतिथ्य में मां वीणा वादिनी की पूजा अर्चना दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। सम्मान समारोह में शहर के शिक्षा प्रशासनिक व शहर के प्रतिष्ठित नागरिकों की उपस्थिति में 51 प्रतिभागियों को अवार्ड से नवाजा गया। छत्तीसगढ़ से सामाजिक कार्यकर्ता व पत्रकार विनोद सिन्हा को सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सर्वश्रेष्ठ समाज रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया।

## सारथी, सहीस व थनवार जाति का बने अजा प्रमाण पत्र




**कोरबा,** 02 मार्च (देशबन्धु)। सहीस समाज सेवा समिति कोरबा के अध्यक्ष लखनलाल सहीस ने रविवार को प्रेस क्लब तिलक भवन में आयोजित पत्रवार्ता में कहा कि राजस्व रिकार्ड में अंकित जाति घासी, घसिया के आधार पर सूत सारथी, सारथी, सहीस और थनवार जाति का अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र बनाया जाए।

लखनलाल सहीस ने कहा कि 6 मई 2016 को भारत सरकार ने असाधारण राजपत्र द्वारा विभिन्न राज्यों के अनुसूचित जाति, जनजाति, संविधान संशोधन अधिनियम 2016 प्रसारित किया। संशोधन में छत्तीसगढ़ राज्य के अनुसूचित जाति घासी, घसिया के साथ सईस, सहीस, सारथी, सूत-सारथी एवं थनवार को प्रतिस्थापित किया, जिसे छत्तीसगढ़ शासन आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा सभी जिलों के कलेक्टरों को अनुपालन हेतु परिपत्र जारी किया गया। परिपत्र जारी करने के बाद जाति प्रमाण पत्र बनाने में तकनीकी कठिनाई हुई क्योंकि प्रतिस्थापित जातियों के जाति प्रमाण पत्र बनवाने संबंधी मिसल दस्तावेज में उक्त जाति अंकित ही नहीं है। उक्त परिपत्र को आधार मानकर सहीस समाज द्वारा भी सरल कमांक 25 में पूर्वजों के राजस्व रिकार्ड में अंकित जाति घासी/घसिया के आधार पर जाति प्रमाण पत्र जारी करने हेतु, परिपत्र जारी करने निवेदन किया गया, जिसे छत्तीसगढ़ शासन द्वारा स्वीकार कर 16 जनवरी 2025 को उपरोक्त जातियों की अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र जारी करने को परिपत्र जारी किया गया है। इस परिपत्र को जारी करवाने के लिए सहीस समाज सेवा समिति को लगभग 7 वर्ष तक निरंतर प्रयास करने पर सफलता प्राप्त हुई है जिसे क्रियान्वित कराने के लिए कलेक्टरों एवं जाति प्रमाणपत्र जारी करने वाले अधिकारियों को सूचित हो और कियान्वित किया जावे। उन्होंने कहा कि हम सुप्रिम कोर्ट के 7 जजों की खण्डपीठ द्वारा अनु जाति, जनजाति के पिछड़े एवं उपेक्षित जातियों को आरक्षण में आरक्षण देने संबंधी फैसले के तहत समाज द्वारा सहीस, सारथी समाज को भी अनुसूचित जाति में निर्धन एवं पिछड़ी मानकर अनुसूचित जाति में विशेष आरक्षण दिलवाने में सहयोग करे। प्रेस वार्ता में समाज के गंगाराम सागर, विजय प्रकाश सहीस,कैलाश मोंगरे, आशीष सुमेर,शिव कुमार सहीस, गजपति बंछोर उपस्थित थे।

## डॉक्टरी पढ़ाई पूरी करने के बाद शासकीय संस्थाओं में सेवा जरूर दें: कलेक्टर

### फाइन आर्ट के विजेता रहे विद्यार्थियों को पुरूस्कार देकर किया सम्मानित



**कोरबा,** 02 मार्च (देशबन्धु)। स्व. बिसाहू दास महंत स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय कोरबा में उमंग 2025 वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें कलेक्टर अजीत वसंत मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। कलेक्टर ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया और चिकित्सा महाविद्यालय में अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन द्वारा शासकीय संस्थाओं में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मेडिकल कॉलेज की स्थापना की गई है। शासन एवं मुख्यमंत्री के दिशा निर्देशन में महाविद्यालय में विद्यार्थियों को सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में भी लगातार प्रयास किया जा रहा है। कलेक्टर ने कहा कि चिकित्सा का कार्य सेवा से भी जुड़ा हुआ है, इसलिए यहां से अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद आप मरीजों का बेहतर उपचार कर अपने कर्तव्यों का निर्वहन अवश्य करें। इस अवसर पर उन्होंने फाइन आर्ट का शुभारंभ किया और विजेता रहे विद्यार्थियां को पुरूस्कार देकर सम्मानित किया। महाविद्यालय के डीन डॉ.के.के. सहारे ने कलेक्टर का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि कलेक्टर द्वारा चिकित्सा महाविद्यालय कोरबा के उन्नयन एवं विकास हेतु डीएमएफ एवं सीएसआर मद से लगभग 60-70 करोड़ रूपए सहयोग किया गया है।

चिकित्सा महाविद्यालय कोरबा में मरीजो के हित के लिये भविष्य में सीटी स्केन मशीन एवं एमआरआई मशीन की सुविधा हेतु उचित कार्यावाही किया जा रहा है। जिससे की मरीजो बाहर न जाना पड़े। इस अवसर पर डॉ.गोपाल सिंह कंवर, संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक, तथा फाइन आर्ट के अध्यक्ष डॉ.आदित्य सिसोदिया एवं डॉ. अरुणिका सिसोदिया एवं अन्य चिकित्सा शिक्षक तथा छात्र-छात्रायें उपस्थित थे।

## अहिल्याबाई की प्रासंगिकता पर राष्ट्रीय संगोष्ठी 6 से



**कोरबा,** 02 मार्च (देशबन्धु)। श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग, नवा रायपुर और अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर के मार्गदर्शन में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की प्रशासनिक व्यवस्था, वर्तमान संदर्भ में उनकी प्रासंगिकता विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 6 व 7 मार्च को श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में किया जा रहा है। उक्त संगोष्ठी ऑनलाईन एवं ऑफलाईन पद्धति से आयोजित की जायेगी, जिसके सशुल्क पंजीकरण के अंतिम तिथि 28 फरवरी निर्धारित की गई है। श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनोज झा ने बताया कि इस संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर के कुलपति प्रोफेसर डॉ. एडीएन वाजपेयी और विशिष्ट अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में सेवानिवृत प्राध्यापक एवं प्रांत संघचालक छत्तीसगढ़ डॉ. टोप लाल वर्मा शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता, अग्रवाल सभा के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल करेंगे। संगोष्ठी में नारी सशक्तिकरण, सांस्कृतिक पुनरूथान, औद्योगिक क्षेत्र, सामाजिक समरस्ता स्थापित करने में अहिल्याबाई का योगदान, अहिल्याबाई की न्याय व्यवस्था एवं दार्शिनिक विचारों की वर्तमान संदर्भ में प्रासंगिकता पर भी विचार रखे जायेंगे।

## अधिकारियों व कर्मचारियों का सहयोग जीवन पर्यंत रहेगा याद : दऊवा



**कोरबा**-कटघोरा, 02 मार्च (देशबन्धु)। शुक्रवार को जनपद पंचायत कटघोरा में पदस्थ करारोपण अधिकारी दऊवा राम कंवर सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर जनपद सीईओ यशपाल सिंह ने कहा कि करारोपण अधिकारी दऊवा राम कंवर ने जनपद पंचायत में अपनी सेवाएं देकर आज सेवानिवृत्त हो रहे हैं। जनपद सीईओ ने शाल, श्रीफल व बैग भेंट किया एवं कोरबा सचिव संघ के अध्यक्ष जयपाल सिंह कंवर ने अपने सचिव साथियों के साथ हाथ घड़ी भेंट किया। कार्यक्रम में सीईओ जनपद पंचायत कटघोरा यशपाल सिंह, विकास विस्तार अधिकारी खगेश निर्मलकर, सहायक विकास विस्तार अधिकारी आर के शिवालय, पंचायत सचिव संघ के अध्यक्ष जयपाल सिंह कंवर, पूर्व अध्यक्ष धरम भारद्वाज, इंजीनियर आर ई एस रामकुमार पोर्ते, हरिश्चन्द कश्यप, पंचायत सचिव धरमराज मरकाम, पवन गुप्ता, श्रीमति रजनी सूर्यवंशी, श्रीमती लता पटेल, रहीम अली, छत्रपाल सिंह कंवर, हरि सिंह कंवर, रवि शंकर जायसवाल, चंदन सिंह, आर के भारद्वाज, प्रोग्रामर मनरेगा शिव टंडन, एस बी एम ब्लॉक समन्वयक, तकनीकी सहायक मनरेगा कमलेश मिश्रा, परदेशी यादव सहित सभी पंचायत सचिव व जनपद के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## खदान में चलती गाड़ी से कूदकर भागे डीजल चोर



**कोरबा,** 02 मार्च (देशबन्धु)। एसईसीएल की कुसमुंडा परियोजना खदान क्षेत्र में डीजल चोरी की वारदात जारी है। त्रिपुरा स्टेट राइफल्स की क्यूआरटी पेट्रोलिंग टीम ने शुक्रवार को एक बड़ी चोरी की वारदात को पकड़ा, लेकिन डीजल चोर फरार हो गए। आवेदन के बाद पुलिस फरार चोरों की तलाश कर रही है।

कुसमुंडा परियोजना में बढ़ते डीजल व कबाड़ चोरी को अंकुश लगाने के लिए त्रिपुरा स्टेट राइफल्स के अधिकारी प्रयासरत हैं। एक निजी वाहन ठेकेदार के अधीन संचालित महिंद्रा बोलेरा कैम्पर वाहन क्रमांक सीजी 12 बीएच 8504 को डोजर से डीजल निकालकर भागते हुए दौड़ाया गया। वाहन चालक अपने एक साथी के साथ चलते हुए गाड़ी से कूदकर भागने लगा, जिसे टीएसआर के अधिकारी ने काफी दूर तक दौड़ाया, लेकिन दोनों चोर भागने में सफल हो गए। छोड़े गए वाहन में एक मोबाइल फोन जिसका नंबर 7587207145 है, साथ ही डीजल निकलने में उपयोग किए जाने वाले होस पाइप और एक लॉग बुक जप्त करते हुए शाम को थाना कुसमुंडा को सुपुर्द किया गया। टीएसआर विभाग के अधिकारी ने घटना की लिखित सूचना एसईसीएल के अधिकारियों को दी। पत्र के आधार पर कुसमुंडा परियोजना के सुरक्षा विभाग के सहायक निरीक्षक ने थाना कुसमुंडा को आवेदन प्रेषित करते हुए एफआईआर दर्ज करने का आग्रह किया है। पुलिस विभाग द्वारा मामले की जांच की जा रही है, साथ ही फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

## कांग्रेस पार्षदों ने किया शपथ ग्रहण का बहिष्कार

### सांसद की उपेक्षा से नाराजगी



कोरबा-बांकीमोंगरा, 02 मार्च (देशबन्धु)। जिले की नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा में प्रथम बार हुए निर्वाचन में निर्वाचित अध्यक्ष सहित पार्षदों का शपथ समारोह विवादास्पद बन गया। काफी विरोध के बीच यहां शपथ समारोह आयोजित हुआ। हनुमान चौक पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस के पार्षदों ने कार्यक्रम का विरोध करते हुए इस बात पर आपत्ति जताई कि कार्यक्रम के लिए बनवाए गए बैनर पोस्टर से कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद और समारोह की अध्यक्षता कर रही श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत की तस्वीर ही गायब थी। कांग्रेस के पार्षदों ने मंच पर स्थान ग्रहण नहीं किया और न ही शपथ समारोह में शामिल हुए बल्कि वह मंच से नीचे उतरकर अपना विरोध प्रकट करते हुए नारेबाजी करते रहे। कांग्रेस पार्षदों का यह भी आरोप था कि कार्यक्रम पूरा भाजपा मय किया गया और प्रशासन के कार्यक्रम में कांग्रेस पार्षदों के बैठने की जगह नहीं बनाई गई।

तहसीलदार ने कांग्रेस पार्षदों को समझाने का प्रयास किया लेकिन नाराज़ पार्षद अपनी मांग पर अड़े रहे। विरोध के बीच कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन द्वारा निर्वाचित अध्यक्ष सहित भाजपा के पार्षदों, एक बसपा व निर्दलीय पार्षदों को शपथ दिलाई गई। बता दें कि बांकीमोंगरा नगर पालिका का यह पहला चुनाव 30 वार्डों में हुआ जिसमें 13 पार्षद कांग्रेस के, 10 भाजपा और 6 निर्दलीय पार्षद निर्वाचित हुए हैं।

## सार-संक्षेप

### चोरी हुआ ट्रैक्टर घरघोड़ा पुलिस ने जंगल से बरामद किया, चार आरोपी गिरफ्तार



रायगढ़ 02 मार्च (देशबन्धु)। रायगढ़ जिले के घरघोड़ा थाना क्षेत्र में हुई ट्रैक्टर चोरी का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी किए गए ट्रैक्टर और ट्रॉली को बरामद कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, वार्ड नंबर 05, घरघोड़ा निवासी गगन साहू (26) ने कल थाना घरघोड़ा में ट्रैक्टर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसने बताया कि करीब छह महीने पहले खेती कार्य के लिए महिंद्रा ट्रैक्टर और ट्रॉली खरीदी थी, जिसे कंचनपुर निवासी बबलू उरांव चलाता था। इसे ड्रायवर बबलू ने बताया कि 27 फरवरी की रात उसने ट्रैक्टर को अपने घर के सामने शालीमार रोड पर खड़ा किया था, लेकिन सुबह छह बजे उठने पर देखा तो ट्रैक्टर गायब था। काफी तलाश के बाद भी ट्रैक्टर का पता नहीं चलने पर पुलिस को सूचना दी गई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी रामकिंकर यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने जांच शुरू की। बीट में मुखबिरों से सूचना मिलने पर संदेही निर्मल उरांव, शेख साहिल उर्फ अप्पू, तारिक अनवर उर्फ मोनू और एक अपचारी बालक को हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान पहले तो आरोपियों ने पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की, लेकिन सख्ती से पूछने पर उन्होंने चोरी की बात कबूल कर ली।

आरोपियों ने बताया कि कुछ दिन पहले ही उन्होंने ड्राइवर बबलू उरांव के ट्रैक्टर को चोरी करने की योजना बनाई थी। 27 फरवरी की रात ट्रैक्टर चोरी कर उसे पंडरीपानी जंगल में छिपाया और ग्राहक तलाशने लगे, लेकिन पुलिस की सतर्कता से वे जल्द ही पकड़ लिए गए।

पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी किया गया महिंद्रा ट्रैक्टर (सीजी 13 बीबी 3796) और ट्रॉली (सीजी 13 एटी 7469) बरामद कर ली, जिसकी कीमत 8.40 लाख रुपये आंकी गई है। मामला संगठित अपराध की श्रेणी में आने के कारण आरोपियों पर धारा 112, 3(5) बीएनएस के तहत भी कार्रवाई की गई। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में निरीक्षक रामकिंकर यादव, प्रधान आरक्षक पारसमणी बेहरा, आरक्षक हरीश पटेल और आरक्षक चंद्रशेखर चंद्राकर की अहम भूमिका रही।

### मनोज कम्प्युटर दुकान में आरपीएफ ने मारा हजारो के 11 नग ई टिकिट के साथ एक पकड़ाया



रायगढ़ 02 मार्च (देशबन्धु)। 27 फरवरी को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट पोस्ट रायगढ़, में धारा 143 रेल अधिनियम दर्ज कर एक आरोपी को रेलवे की अवैध ई टिकट बनाते समय गिरफ्तार करने अहम कामयाबी हासिल की है।

रेल सुरक्षा बल पोस्ट रायगढ़ प्रभारी कुलदीप कुमार ने मीडिया को बताया की 27 फरवरी को प्रभारी निरिक्षक रेसुब पोस्ट रायगढ़ के नेतृत्व में, उप निरीक्षक संजय कुमार एस हमराह बल सदस्यों के साथ मुख्बीर खास सूचना के अधार पर स्थानीय पुलिस थाना-घरघोडा के सहयोग से नवापारा मंदिर चैक के पास स्थित मनोज कम्प्युटर दुकान में समय लगभग 15:30 बजे दबिश दिया गया। दुकान में संचालक मिला पूछने पर नाम व पता-मनोज कुमार निषाद, पिता-भरतलाल निषाद, उम्र-34 वर्ष, पता-ग्राम टेन्डा नवापारा, थाना-घरघोडा, जिला-रायगढ, (छ.ग.) बताया। रेलवे ई टिकट की जॉच हेतु सहयोग देने नोटिस देकर इलेक्ट्रानिक समान कम्प्युटर को चेक करने पर एक नग व्यक्तिगत यूजर आई.डी. दााद से 11 नग (पूर्व) का रेलवे आरक्षित ई टिकट बनाना पाया गया। जिसकी कुल कीमत लगभग 22779.05 रूपये है। उक्त 11 नग रेलवे ई टिकट बनाने के संबंध में वैध अनुज्ञप्ति हेतु नोटिस दिया गया। जिसमें उनके द्वारा वैध पत्र नही होना बताया। आगे पूछताछ में बताया कि, दुकान सव्या गुप्ता के नाम से है और 10 वर्षो से प्रति माह 2500 रूपये से लेकर आन लाईन का काम व फोटो कापी कर रह है। रेलवे ई-टिकट का काम लगभग 02 वर्षो से कर रहा है। जरूरतमंद ग्राहकों के मांग पर टिकट बनाना और प्रत्येक टिकट में 30 अतिरिक्त चार्ज कमीशन के रूप में लेना बताया। उक्त टिकट को बनाने के लिए मेल आई.डी क्रमांक- दर्पींकउंदवर72/हउंपस. ब्वउ एवं लेन-देन हेतु भारतीय स्टेट बैंक-घरघोडा खाता क्रमांक-20306928499, ओ.टी.पी. हेतु आईडिया सिम क्रमांक-7354524007 उपयोग कर टिकट बनाना बताया। मामला रेलवे अधिनियम कि धारा 143 का होना पाकर उक्त व्यक्ति का स्वीकारोक्ति बयान दर्ज कर जप्ती की कार्यवाही एवं वैधानिक दस्तावेज मय संपत्ति दस्तावेज के साथ पोस्ट लाया गया। दुकान संचालक-मनोज कुमार निषाद के विरूद्ध धारा-143 रेलवे अधिनियम दर्ज कर आरोपी को उसके अपराध से अवगत कराया गया, सक्षम जमानतदार पेश करने पर जमानत का लाभ दिया गया।

### जल परीक्षण प्रयोगशाला में विभिन्न पदों की भर्ती वाक इन इंटरव्यू 06 मार्च को

बलरामपुर, 2 मार्च (देशबन्धु)। कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी ने जानकारी दी है कि उपखण्डीय जल परीक्षण प्रयोगशाला रामानुजगंज एवं वाड्रफनगर के संचालन हेतु दैनिक वेतन भोगी में कार्य करने के लिए सहायक रसायनज्ञ, प्रयोगशाला सहायक एवं सफाई कर्मी के 1-1 पदों की आवश्यकता है। सहायक रसायनज्ञ के पद के लिए बी.एस.सी. एवं कम्प्यूटर में एक वर्षीय डिप्लोमा, प्रयोगशाला सहायक के लिए 12वीं विज्ञान समूह एवं कम्प्यूटर तथा सफाई कर्मी के लिए 5वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। उक्त पदों के लिए वॉक इन इंटरव्यू 06 मार्च 2025 को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बलरामपुर, पानी टंकी रोड दहेजवार में प्रातः 11 बजे से साक्षात्कार लिया जाएगा।

# करंट की चपेट में आकर दो ग्रामीणों की मौत

## खेत में दवा छिडकाव करते समय हुई घटना



**रायगढ़** 02 मार्च (देशबन्धु)। खेत में दवा छिडकाव करते समय करंट की चपेट में आकर दो ग्रामीणों की मौत हो गई। इस घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर गांव के ग्रामीणों से पूछताछ करते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मामला पुसौर थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के मुताबिक पड़ोसी राज्य ओडीसा सीमा से सटे पुसौर ब्लाक के अंतर्गत आने वाले ग्राम रेंगालपाली में शनिवार की सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब खेत में दवा छिडकाव करते समय दो ग्रामीण सीताराम सिदार 40 साल एवं सुभाष निषाद 55 साल अपने-अपने खेतों में दवाई छिडकाव कर रहे थे। बताया जा रहा है कि इस दौरान पहले एक शख्स अचानक खेत में गिर गया और जब पास में ही मौजूद दूसरा शख्स उसे देखने पहुंचा तब वह भी करंट की चपेट में आ गया और वहीं खेत में गिर गया। रेंगालपाली गांव के ग्रामीणों ने बताया कि बोर पंप कनेक्शन का तार टूटकर खेत में गिरा था जिसकी चपेट में दोनों आ गए। इस घटना के बाद गांव के ग्रामीणों के द्वारा तत्काल दोनों को रायगढ़ मेडिकल कालेज अस्पताल ले जाया गया जहां मौके पर मौजूद चिकित्सकों ने प्रारंभिक जांच में ही दोनों की मृत घोषित कर दिया। करंट की चपेट में आकर दो ग्रामीणों की मौत हो जाने के बाद रेंगालपाली गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। वहीं करंट की चपेट में आकर दो ग्रामीणों की मौत की खबर मिलते ही पुसौर पुलिस घटना स्थल पहुंचकर मौका मुआयना पश्चात गांव के ग्रामीणों से पूछताछ करते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## भारी वाहन की चपेट आया बाइक सवार, मौके पर दर्दनाक मौत!

### ग्रामीणों ने किया चक्काजाम



रायगढ़ 02 मार्च (देशबन्धु)। जिले के तमनार थाना क्षेत्र से हादसे की खबर सामने आयी है। भारी वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौके पर मौत ही गई है। घटना बीती रात करीबन 11 बजे धौराभांठा-हमीरपुर मार्ग में खुरूसलेंगा के पास हुई है। सूचना पर तमनार पुलिस रात में मौके पर पहुंची थी, फिलहाल मृतक के परिजनों के द्वारा शव को सड़क पर रखकर चक्काजाम कर दिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, मृतक बीजना गांव का रहने वाला अजय बीसी पिता संतोष बीसी उम्र 25 वर्ष बताया जा रहा है। जो ड्यूटी से वापस घर लौट रहा था, तभी अनियंत्रित वाहन की चपेट में आ गया। घटनाकारित वाहन और चालक के बारे में फिलहाल पता नहीं चल पाया है।

## सुनील रामदास ने योगी आदित्यनाथ से की मुलाकात



### कुंभ के आयोजन को लेकर दी बधाई, विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

रायगढ़ 02 मार्च (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के पर्यावरण प्रेमी, भाजप नेता व समाजसेवी सुनील रामदास ने आज उत्तरप्रदेश की राजधानी लखनउ जाकर उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ से मुलाकात की। घंटो चली इस मुलाकात में भाजपा नेता सुनील रामदास ने कुंभ के शानदार आयोजन पर उनको बधाई प्रेषित की। साथ ही साथ सनातन धर्म को बचाये रखने के लिये उनकी भूमिका को भी शिरोधार्य करते हुए कहा कि उनका यह संदेश पूरे भारत में सनातनियों के बीच गया है। सुनील रामदास ने बताया कि विपक्षीयों के भारी विरोध के बावजूद योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में ने 64 करोड से भी अधिक लोगों ने कुंभ में आस्था की डुबकी लगाकर यह साबित कर दिया है कि आज भी सनातन धर्म के प्रति लोगों की भावनाएं बढ़ती जा रही है। इतना ही नही सर्वधर्म के प्रति एक संदेश भी योगी आदित्यनाथ ने दिया है।

उत्तरप्रदेश के राजधानी लखनउ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हुई इस विशेष मुलाकात में इस बात के भी संकेत है कि सुनील रामदास उनके कितने चहेते हैं। चूंकि छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में बने राम मंदिर के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सुनील रामदास की पीठ थपथपाते हुए योगी आदित्यनाथ ने उन्हें इस बात की बधाई दी थी कि उनकी पहल पर शानदार राम मंदिर राजधानी रायपुर में बना। यहां यह बताना लाजमी होगा कि छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में राम मंदिर बनने के बाद ही आयोध्या में राम मंदिर का निर्माण शुरू हुआ था और इस बात को लेकर भी योगी आदित्यनाथ ने सुनील रामदास से कहा था कि राम मंदिर का मार्ग रायपुर में राम मंदिर बनने के बाद और अधिक प्रशस्त हो गया।

इस मुलाकात के बाद समाजसेवी व पर्यावरण प्रेमी सुनील रामदास ने बताया कि लंबे समय बाद योगी आदित्यनाथ से मुलाकात के दौरान अन्य कई मुद्दों पर चर्चा हुई और उन्होंने अपने व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद भी उन्हें मिलने का समय दिया। इतना ही नही समय-समय पर उनका मार्गदर्शन लगातार मिलने की भी सहमति मिली।

# अटल विश्वास को हमारी सरकार पूरा करेगी- मुख्यमंत्री

## अंबिकापुर ननि के महापौर और पार्षदों को मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष की उपस्थिति में कलेक्टर ने दिलाई शपथ



**अम्बिकापुर,** 2 मार्च (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम अंबिकापुर पीजी कॉलेज हॉकी स्टेडियम में आज नवनिर्वाचित महापौर एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर विलास भोसकर ने नवनिर्वाचित महापौर श्रीमती मंजूषा भगत एवं पार्षदों को 8-8 के समूह में शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह एवं कृषि मंत्री राम विचार नेताम ने नव निर्वाचित महापौर श्रीमती मंजूषा भगत एवं पार्षदों को बधाई देकर नगर विकास के लिए शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मीडिया से चर्चा करते कहा कि नगर निगम अंबिकापुर के महापौर एवं पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह में हम सब साक्षी बने, कार्यक्रम में प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, मंत्री श्री रामविचार नेताम एवं सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज एवं विधायकों की उपस्थिति में शपथग्रहण समारोह भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर उन्होंने कहा कि महापौर एवं पार्षदों के लिए जनता से बहुत बड़ा विश्वास मिला है। हमारे महापौर और पार्षद जनता के विश्वास पर खरा उतरेंगे, हमने जो अटल विश्वास पत्र जारी किया था उसे हमारी सरकार पूरा करेगी। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम, सरगुजा सांसद श्री चिंतामणि महाराज, अंबिकापुर विधायक श्री राजेश अग्रवाल, लुण्ड्रा विधायक श्री प्रबोध मिंज, छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष श्री विश्व विजय सिंह तोमर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### जनपद कार्यालय बलरामपुर के सभाकक्ष में वित्तीय साक्षरता सप्ताह का आयोजन

बलरामपुर, 2 मार्च (देशबन्धु)। अग्रणी बैंक प्रबंधक के नेतृत्व में मनीवाइज-वित्तीय साक्षरता केन्द्र द्वारा जनपद कार्यालय बलरामपुर के सभाकक्ष में ''हाउस वाईफ, वर्किंग वुमेन, महिला उद्यमी'' थीम पर आधारित वित्तीय साक्षरता का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद कार्यालय के कामकाजी महिलाएं एवं 80 स्वयं सहायता समूह के महिलाएं शामिल हुए।

अग्रणी बैंक प्रबंधक द्वारा महिलाओं को ऋण के पैसे से सही सदुपयोग कर अपनी आय में वृद्धि पर जोर दिया और बैंक को सही समय पर ऋण की राशि वापस करने के लिए प्रेरित किया गया।

साथ ही प्राथमिकताओं का चयन, महीने का बजट बनाना, पंजीकृत संस्था से ही लोन लेना, स्वस्थ क्रेडिट स्कोर रखना, बैंक खातों के प्रकार, निवेश एवं बचत का विविधीकरण डिजिटल बैंकिंग के सही उपयोग संबंधित विस्तार से जानकारी दी गई।

## जिला पंचायत सीईओ ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा की



### शासन की योजना के क्रियान्वयन के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने दिए निर्देश

### प्रधानमंत्री आवास निर्माण में लाएं तेजी - श्रीमती तोमर

**बलरामपुर,** 2 मार्च (देशबन्धु)। जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा की ।उन्होंने पंचायत एवं ग्रामीण विभाग द्वारा संचालित योजनाएं मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के कार्यों एवं मछली पालन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की गहन समीक्षा कर प्रगति लाने हेतु निर्देशित किया।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ ने जिले के ग्रामीण इलाकों के विकास हेतु संचालित निर्माण कार्यों को तेज गति से संचालित करने और नियमित मॉनिटरिंग करने के साथ ही निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए ।उन्होंने जिले में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजनान्तर्गत स्वीकृत आवास को समय सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ श्रीमती तोमर ने प्रधानमंत्री आवास की समीक्षा करते हुए कहा कि योजना अंतर्गत प्रथम किस्त प्राप्त हितग्राहियों को आवास निर्माण जल्द से जल्द प्रारंभ कर प्लिंथ स्तर तक पूर्ण करने प्रेरित करें। साथ ही लक्ष्य के अनुरूप दैनिक प्रगति में सुधार व भौतिक प्रगति के अनुरूप हितग्राहियों को अगली किस्त तत्काल जारी किये जाने हेतु निर्देश दिए ।उन्होंने ग्रामीण यांत्रिकी अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आवास निर्माण हेतु सामग्री की उपलब्धता एवं तकनीकी मार्गदर्शन हेतु उपअभियंताओं को जिम्मेदारी दी गई है, सभी आपस में समन्वय करते हुए कार्यों में प्रगति लाना सुनिश्चित करेंगे। जिला पंचायत सीईओ श्रीमती तोमर ने कहा कि जिले को वित्तीय वर्ष 2024-25 में आवास निर्माण हेतु अब तक की वृहद लक्ष्य 55 हजार 366 प्राप्त हुई है। जिसमे से 40 हजार 434 की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। उन्होंने वृहद लक्ष्य को पूर्ण किये जाने हेतु ग्राम पंचायत से लेकर जिला स्तर तक के अधिकारियों , कर्मचारियों को जिम्मेदारीपूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए निर्धारित समयावधि में कार्यों को पूर्ण करने को कहा। उन्होंने कहा कि आवास निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नही होनी चाहिए। उन्होंने बैठक में आवास को गुणवत्ता के साथ 30 मार्च तक , मनरेगा के अंतर्गत90 मानव दिवस सृजन करते हुए प्राथमिकता से पूर्ण कराये जाने हेतु आवश्यक दिशा- निर्देश भी दिए गए । उन्होंने पीएम-जनमन योजना अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति (च्अज्ळ) के वर्ग हेतु 3040 स्वीकृत आवासो को समय-सीमा मे पूर्ण कराये जाने हेतु जनपद सीईओ को योजनाबद्ध तरीके से शीघ्रता से कार्य करने हेतु निर्देशित किया। जिला पंचायत सीईओ ने मत्स्य विभाग से विभागीय गतिविधियों की जानकारी ली और ग्राम पंचायतों में स्थित तालाबो को मछली पालन हेतु लीज पर देने व मत्स्य विभाग की गतिविधि को बढ़ाने हेतु आवश्यक निर्देश भी दिए। उन्होंने बैठक में स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए स्वच्छता के कार्यों को प्रमुखता के साथ करने कहा है। साथ ही विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

### अरूण साव और किरणदेव सिंह का अमित यादव ने किया आत्मीय स्वागत

रायगढ़ 02 मार्च (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद खरसिया के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों के



शपथ ग्रहण समारोह के अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह शनिवार को रायगढ़ आगमन हुआ। इस दौरान रायगढ़ एयरपोर्ट पर युवा नेता अमित यादव अपनी टीम के साथ दोनों नेताओं का आत्मीय स्वागत किया।

एक दिवसीय कार्यक्रम के तहत रायगढ़ पहुंचे उपमुख्यमंत्री अरूण साव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव का युवा नेता अमित यादव अपने साथियों के साथ पहुंचकर पुष्पगुच्छ देकर उनका आत्मीय स्वागत किया। इस स्वागत को देखते हुए दोनों ही नेताओं में खुशी जाहिर करते हुए आभार प्रकट किया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह, लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया, नवनिर्मित महापौर जीवर्धन चैहान, गुरुपाल भल्ला, महेश साहू, आशीष ताम्रकार, डिग्री लाल साहू, अमित यादव, भाजपा युवा नेता ललित शर्मा, अमरदीप सिंह, रामा साहू, जीतू टंडन, संजीव अविनाश चैहान के अलावा अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## उपाध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष प्रत्याशी चयन के लिए कांग्रेस पार्षदों की बैठक

### पर्यवेक्षक रमेश सिंह और जिला अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव के नेतृत्व में आयोजित हुए बैठक



**मनेंद्रगढ़,** 2 मार्च (देशबन्धु)। कांग्रेस ने नगर पालिका परिषद मनेंद्रगढ़ में उपाध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष हेतु प्रत्याशी की खोज तेज कर दी है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नगर पालिका परिषद मनेंद्रगढ़ में उपाध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष हेतु प्रत्याशी चयन हेतु रमेश सिंह को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। पर्यवेक्षक रमेश सिंह के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, नगर पालिका परिषद मनेंद्रगढ़ की पूर्व अध्यक्ष प्रभा पटेल, जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सौरव मिश्रा की उपस्थिति में नवनिर्वाचित पार्षदों की बैठक आयोजित की गई।

जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सौरव मिश्रा ने बताया कि बैठक में उपाध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष के चयन हेतु विचार विमर्श किया गया है जल्द ही दोनों पदों के लिए प्रत्याशी का चयन कर लिया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस कमेटी से नियुक्त पर्यवेक्षक रमेश सिंह ने कहा कि कांग्रेस उपाध्यक्ष पद हेतु बहुत सोच विचार कर अपना प्रत्याशी उतारेगी, और उपाध्यक्ष के पद पर अपना कब्जा करेगी।

जिला अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने भी कहा कि नेता प्रतिपक्ष के पद हेतु ऐसे पार्षद का चयन किया जाएगा जो मुखरता से आम जनता की समस्याओं को उठाता रहे। बैठक के दौरान पर्यवेक्षक रमेश सिंह, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, नगर पालिका परिषद मनेंद्रगढ़ की पूर्व अध्यक्ष प्रभा पटेल, जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सौरव मिश्रा, पूनम सिंह , युवा कांग्रेस के वेंकटेश सिंह के साथ ही कांग्रेस के नवनिर्वाचित पार्षद वॉर्ड क्र 1 मो सईद, पार्षद वॉर्ड क्र 5 मो इमरान, पार्षद वॉर्ड क्र 7 कृतिका रवि जैन, पार्षद वॉर्ड क्र 11 मुकेश अग्रवाल, पार्षद वॉर्ड क्र 12 गिरधर जायसवाल, पार्षद वॉर्ड क्र 15 किरण कुजूर, पार्षद वॉर्ड क्र 18 अनिल प्रजापति, पार्षद वॉर्ड क्र 19 अजय जायसवाल, उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप




# पवित्र रमजान माह,रोजे रखने का सिलसिला शुरू

जांजगीर, 02 मार्च (देशबन्धु)। इस्लाम धर्म के अनुयायियों के लिए पवित्र रमजान माह का विशेष महत्व है। यह माह इबादत, संयम और रहमतों से भरपूर होता है। इस वर्ष रमजान का आगाज़ 1 मार्च की रात विशेष नमाज तरावीह के साथ हुआ, और 2 मार्च से रोजे रखने का सिलसिला शुरू हो गया। मुसलमान सूर्योदय से पहले सहरी करके रोजा रखते हैं और सूर्यास्त के बाद इफ्तार करके इसे खोलते हैं। यह क्रम पूरे माह चलता है, जिसमें रोजा, नमाज, इबादत और दान-पुण्य पर विशेष जोर दिया जाता है।

मदरसा-ए-मदनी कमेटी के अध्यक्ष रफीक सिद्दीकी के अनुसार, तरावीह की नमाज प्रत्येक रात 8 बजे अजान और 8.30 बजे जमात के साथ अदा की जाएगी। मस्जिदों में इस पवित्र माह के लिए विशेष तैयारियां की गई हैं। मदीना मस्जिद नैला के पेश इमाम हाफिजकारी गुलाम मुस्तफा ने रमजान की अहमियत बताते हुए कहा कि यह महीना आत्मसंयम, आत्मशुद्धि और अल्लाह की इबादत का अवसर प्रदान करता है। रोजा एक बातिनी इबादत है, जिसे केवल अल्लाह ही जानता है और उसका इनाम भी वही देता है। इस्लाम धर्म में रमजान को सबसे पवित्र महीना माना गया है। इसी माह में इस्लाम के पवित्र ग्रंथ कुरान शरीफ नाजिल हुआ था। इस पूरे महीने में हर बालिग मुसलमान पुरुष और महिला पर रोजा रखना अनिवार्य (फर्ज) किया गया है। दिन में रोजा रखने के अलावा रात में ईशा की नमाज के बाद विशेष तरावीह की नमाज अदा की जाती है, जिसमें कुरान की आयतों का पाठ किया जाता है।

### चांपा में रमजान की तैयारियां

चांपा नगर के मुसलमान रमजान की तैयारियों में जुट गए हैं। स्थानीय सुन्नी मुस्लिम जमात के सदर फैज अहमद के अनुसार, नगर में 2 मार्च से रमजान की शुरुआत हुई। पहली तरावीह की नमाज शनिवार रात को जामा मस्जिद सहित कुल चार स्थानों पर अदा की जाएगी। शहर में सेवइयों की दुकानें सज गई हैं और बाजारों में रमजान की रौनक देखने को मिल रही है। इफ्तार और सहरी के लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं। रमजान के दौरान मुसलमान पांचों वक्त की नमाज, कुरान की तिलावत और दुआओं में मशगूल रहते हैं। इस माह में जकात (दान) देने की भी परंपरा है, जिससे जरूरतमंदों की मदद की जाती है। यह महीना न सिर्फ आत्मसंयम और इबादत का है, बल्कि समाज में भाईचारे और सहानुभूति को भी बढ़ावा देता है।

# विश्व रंग अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड पोस्टर का हुआ विमोचन



**जांजगीर**, 02 मार्च (देशबन्धु)। विश्व रंग अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2025 का पोस्टर लोकार्पण का कार्यक्रम का आयोजन जांजगीर चांपा जिले के शासकीय एमएमआर स्नातकोत्तर महाविद्यालय चांपा में किया गया। आइसेक्ट समन्वयक मूलचन्द गुप्ता ने विश्व रंग फाउंडेशन एवं डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी ओलंपियाड 2025 के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि यह आयोजन हिंदी दिवस 14 सितंबर से विश्व अनुवाद दिवस 30 सितंबर 2025 के मध्य भारत सहित विश्व के 50 से अधिक देशों में आयोजित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र तथा अलग अलग स्तर पर विजेताओं को 1 करोड़ रुपए तक का आकर्षक इनाम भी दिया जाना है।

कार्यक्रम के प्रथम चरण में विश्व रंग फाउंडेशन भारत एवं डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय बिलासपुर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित विश्व रंग अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2025 के पोस्टर का विमोचन का कार्यक्रम जांजगीर चांपा जिले के शासकीय एमएमआर स्नातकोत्तर महाविद्यालय चांपा में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शासकीय एम एम आर स्नातकोत्तर महाविद्यालय चांपा के प्राचार्य डॉ. बी डी दीवान ने अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी ओलंपियाड 2025 के लिए आयोजकों को शुभकामनायें दी और कहा कि यह आयोजन प्रतिभागियों के लिए एक अत्यन्त रोचक विषय है जिससे उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिलेगा साथ ही भारत सहित 50 से अधिक अन्य देशों में भी हिंदी की पहुंच स्थापित होगा। इस अवसर पर प्रोफेसर विवेक जायसवाल, डॉ. रंजना नाथ, डॉ. नीलिमा पांडेय, निकेत बरेठ, प्रेस क्लब चांपा के सदस्य सहित अन्य गणमान्य जन तथा आइसेक्ट चांपा के स्टॉफ उपस्थित रहे।

# खेत में फंदे से लटकता हुआ मिला युवक का शव

**जांजगीर,** 02 मार्च (देशबन्धु)। पामगढ़ में नाले के किनारे पेड़ में एक व्यक्ति की फंदे से लटकी हुई लाश मिली है। लाश लगभग दो-तीन दिन पुरानी बताई जा रही है। घटना पामगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम कुटराबोड के हेड़सपुर खार की है। पुलिस के अनुसार ग्राम कुटराबोड़ में हेडसपुर के नाला खार के पास लगे एक पेड़ में शुक्रवार की सुबह लोगों ने एक झूलती हुई लाश देखी। इसकी सूचना गांव में आग की तरह फैल गई। जिसे देखने के लिए गांव में बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंचे। लेकिन किसी को भी उक्त व्यक्ति के संबंध में कोई जानकारी नहीं हो रही है। संभवत यह लाश किसी अन्य गांव के रहने वाले की हो सकती है। पामगढ़ पुलिस ने मर्ग कायम किया है।



# फर्जी तरीके से मोबाइल नंबर जारी करने वाले संचालकों के खिलाफ कार्रवाई

## 102 फर्जी सिम कार्ड जारी किए गए थे,तीन गिरफ्तार

**जांजगीर,** 02 मार्च (देशबन्धु)। जांजगीर पुलिस व साइबर सेल द्वारा संयुक्त टीम द्वारा फर्जी तरीके से मोबाइल नंबर जारी कर धोखाधड़ी करने वाले पॉइंट ऑफ सेल (पीओएस) के संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। कार्यवाही में जांजगीर थाना क्षेत्र में तीन मोबाइल दुकानों द्वारा कुल 102 फर्जी सिम कार्ड जारी किए गए थे। प्रकरण में 03 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

पुलिस ने बताया कि फर्जी सिम नंबर जारी करने वाले फन मोबाइल नैला जांजगीर, रेखा मोबाइल ब्लॉक कॉलोनी जांजगीर और गोनिक्स मोबाइल रिंग रोड जांजगीर शामिल हैं। दुकानों के संचालकों ने ग्राहकों की जानकारी के बिना फर्जी सिम कार्ड तैयार किया जा रहा था। पुलिस मुख्यालय रायपुर के निर्देशन में जिले में फर्जी तरीके से मोबाईल नम्बर जारी करने वाले मोबाइल दुकान के संचालकों के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश मिलने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में संयुक्त रूप से मोबाइल दुकान में रेड कार्यवाही करने पर थाना जांजगीर क्षेत्रांतर्गत फन मोबाइल नैला जांजगीर के द्वारा कुल 56 फर्जी सिम दुकान संचालक किशोर रामवानी निवासी जांजगीर, रेखा मोबाइल ब्लॉक कोलोनी जांजगीर के संचालक अंकिता गुप्ता उम्र 30 साल पता कृषि आफिस के पीछे ब्लॉक कालोनी जांजगीर वार्ड न. 20 थाना जांजगीर द्वारा 19 फर्जी सिम एवं मोबाईल दुकान गोनिक्स मोबाइल रिंग रोड जांजगीर के संचालक निखिल देवांगन उम्र 31 वर्ष पता रानी पारा वार्ड नं. 13 जांजगीर थाना जांजगीर द्वारा 27 फर्जी सिम इस प्रकार कुल 102 सिम ग्राहकों के जानकारी के बगैर तैयार करना पाया गया। जांच दौरान दुकान संचालकों के द्वारा फर्जी सिम नंबर तैयार करना पाए जाने से आरोपियों के विरुद्ध अलग अलग अपराध क्रमांक 140/2025, 141/2025 एवं 142/2025 धारा 318(4) बीएनएस 66(सी) आईटी एक्ट के तहत् थाना जांजगीर में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान उक्त तीनों मोबाईल दुकान संचालकों को घटना के संबंध में पूछताछ करने पर कुल 102 सिम ग्राहकों का पहचान प्रमाण पत्र (आधार कार्ड फोटो) प्राप्त कर उनके जानकारी के बगैर सिम तैयार करना स्वीकार किये। आरोपियों के द्वारा दूरसंचार के नियमों का उलंघन के नियमो का घटित करना पाये जाने से प्रकरण में धारा 42 (3) (द्व)दूर संचार अधि. 2023 समाहित किया जाकर आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर आज न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। मामलें की संपूर्ण कार्यवाही निरीक्षक प्रवीण दिवेद्वी, उनि सत्यम चौहान सायबर सेल प्रभारी उनि पारस पटेल, सउनि विवेक सिंह, राम प्रसाद बघेल, प्र.आरक्षक मनोज तिग्गा, राजकुमार चन्द्रा, आरक्षक गिरीश कश्यप, रोहित कश्यप, विरेन्द्र भैना का योगदान रहा।




### अवैध सिम कार्ड का अपराधिक गतिविधियों में

फर्जी तरीके से एक ही केवाईसी में एक से अधिक सिम एक्टिवेट कर बेचने का गोरख धंधा से सिम कार्ड के दुरुपयोग की संभावना को देखते हुए पुलिस मुख्यालय रायपुर से निर्देश जारी किए गए हैं, वर्तमान में बड़ी संख्या में सटोरिये इस तरह के सिम कार्ड का उपयोग करते रहे हैं, जो कई प्रकरणों में सामने भी आया है। इस मामले में भी पुलिस यह जानने का प्रयास कर रही है ऐसे अवैध रूप से संचालित सिम कार्ड का अपराधिक गतिविधियों में उपयोग तो नहीं हो रहा है।

# बंद सीसीआई फैक्ट्री को लेकर विधायक राघवेंद्र सिंह ने उठाई आवाज

**अकलतरा,** 02 मार्च (देशबन्धु)। विधायक राघवेन्द्र सिंह ने नगर में वर्षों से बंद पड़ी सीसीआई फैक्ट्री का मुद्दा विधानसभा में उठाया। उन्होंने सदन में कहा कि हजारों एकड़ में फैली यह भूमि अनुपयोगी पड़ी है, जबकि इसका उपयोग ड्राई पोर्ट के रूप में किया जा सकता है। यह स्थान राष्ट्रीय राजमार्ग 49 और रेलवे स्टेशन के नजदीक स्थित है, जिससे परिवहन और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा।



उन्होंने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार से इस संबंध में पहले भी पत्राचार हो चुका है। इस पर वित्त मंत्री ने सदन में जानकारी दी कि कार्यवाही शुरू कर दी गई है। विधायक ने जल्द सकारात्मक पहल की उम्मीद जताई। गौरतलब है कि सीसीआई के बंद होने के बाद यह भूमि बेकार पड़ी है, जहां अब जंगल उग आए हैं और असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है। यदि इस भूमि का सही उपयोग किया जाए, तो यह क्षेत्र आर्थिक और औद्योगिक रूप से फिर से विकसित हो सकता है, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार और विकास के नए अवसर मिलेंगे।

# युवाओं और नाबालिग भर रहे बाइक पर तेज रफ्तार फर्राटे

## पुलिस कार्रवाई करने के बजाए मौन

**जांजगीर**, 02 मार्च (देशबन्धु)। शहर में इन दिनों युवाओं और नाबालिगों के तेज रफ्तार बाइक पर फर्राटे भरने से आए दिन हादसे हो रहे हैं। शहर के बाहर ही नहीं व्यस्ततम मार्गों पर भी तेज रफ्तार बाइक कान फोड़ आवाज के साथ फर्राटे भरते निकलते हैं। ऐसे में हर पल दुर्घटना की आशंका बनी होती है। इतना ही नहीं इन्हें मना करने पर ये दुर्व्यवहार करने से भी नहीं चूकते, इधर जिम्मेदार पुलिस ऐसे लोगों पर कार्रवाई करने के बजाए मौन साधे बैठी है।

शहर के अंदर किशोर एवं युवाओं के द्वारा अत्यधिक तेज रफ्तार से बाइक चलाए जाने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं घटित हो रही है। तेज रफ्तार बाइक चालकों के ऊपर कोई कार्रवाई नहीं किए जाने के चलते किशोर एवं युवाओं के अंदर पुलिस व प्रशासन का कोई भय नहीं है एवं नियम कानून को नजर अंदाज कर नगर की सड़कों में तेज रफ्तार से फर्राटे भर रहे हैं। जिससे नगरवासी अत्यंत परेशान हैं। कुछ युवाओं के द्वारा अपने बुलेट एवं अन्य बाइक में कानफोड़ साइलेंसर लगाया गया है जिसके चलते शहरवासियों में वयवस्था को लेकर असंतोष पनप रहा है। शहरवासियों के द्वारा इन किशोर एवं युवाओं को समझे जाने पर उल्टे बुजुर्ग नागरिकों से दुर्व्यवहार किया जाता है। शहर में शाम ढलने के बाद सात बजे से 10 बजे तक कानफोड़ साइलेंसर के साथ युवाओं को अत्यधिक तेज रफ्तार से बाइक चलाते हुए देखा जा सकता है। शहर के मुख्य मार्ग ही नहीं गली मोहल्लों में भी बाइकर्सइतने रफ्तार से गाड़ी चलाते निकलते हैं, जिससे आसपास के लोग सहम जाते हैं। कई बार तो इस तरह की स्थिति में लोग दुर्घटना का शिकार भी हो चुके हैं। बावजूद इसके पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किए जाने से शहरवासी निराश है। शहरवासियों के द्वारा जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए तेज रफ्तार बाइक चलाने वाले लोगों पर कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है।



### कानफोडू आवाज वाले साइलेंसर

शहर एवं आसपास के इलाकों में यातायात नियमों की धज्जियां उड़ रही है न केवल नाबालिग और युवा वर्ग कानफोडू आवाज वाले साइलेंसर वाली बाइक पर फर्राटे भरते हैं, बल्कि जगह-जगह बेतरतीब पार्किंग और ओव्हरलोड गाड़ियों के व्यस्ततम मार्गों पर गुजरने पर भी हादसे का खतरा बढ़ जाता है।

# फाउंडेशन के संरक्षक मनोज गोयल के प्रतिष्ठान में पहुंचे अरुण साव

## हेल्पिंग हैंड्स फाउंडेशन ने किया उप मुख्यमंत्री अरुण साव का जोरदार स्वागत

**खरसिया,** 2 मार्च (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद खरसिया के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह में पधारे अरुण साव का हेल्पिंग हैंड्स क्लब फाउंडेशन की टीम द्वारा भव्य स्वागत किया गया। फाउंडेशन के प्रदेश संरक्षक एवं समाजसेवी मनोज गोयल जी के प्रतिष्ठान सियाराम ऑटो डील में संरक्षक मनोज गोयल एवं प्रदेश अध्यक्ष अंकित अग्रवाल, विन्नी सलूजा, हिमांशु अग्रवाल, विनय कबुलपुरिया, संस्कार गोयल, कैलाश शर्मा पत्रकार सहित सभी सदस्यों ने फूल-मालाओं एवं आतिशबाजी के साथ उप मुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत कर अभिनंदन व वंदन किया। इस अवसर पर अरुण साव जी ने पूरी टीम को आशीर्वाद देते हुए समाजसेवा के इस पुनीत कार्य को निरंतर ऊंचाइयों तक ले जाने की प्रेरणा दी।

### मानव सेवा ही माधव सेवा है - मनोज गोयल

हेल्पिंग हैंड्स क्लब फाउंडेशन के संबंध में संरक्षक मनोज गोयल ने बताया कि'मानव सेवा ही माधव सेवा है' इसे अपना ध्येय वाक्य मानते हुए कोरोना के समय में सिर्फ दो चार युवा सदस्यों द्वारा हेल्पिंग हैंड्स क्लब फाउंडेशन एक नन्हे पौधे के रूप में रोपा गया जिसमें समाज सेवा के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए हेल्पिंग हैंड्स क्लब फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे समाज सेवा के सराहनीय कार्यों से प्रेरित होकर युवा समाजसेवी इस संस्था से जुड़ते चले गए और आज हेल्पिंग हैंड्स क्लब फाउंडेशन एक विशाल वटवृक्ष बन चुका है जिसकी शाखाएं पूरे प्रदेश में फैली हुई है क्लब ने जरूरतमंद लोगों को रक्त उपलब्ध करवाने के साथ ही गरीब एवं असहाय लोगों के इलाज की संपूर्ण व्यवस्था गरीब अनाथ बच्चों की पढ़ाई का खर्च कोरोना के समय में पलायन कर रहे मजदूरों के लिए भोजन की व्यवस्था असहाय अनाथ बुजुर्गों की सेवा समाज सेवा की इसी कड़ी में हेलमेट न पहनने की वजह से सडक़ दुर्घटना में अपनी जान गंवा रहे लोगों एवं उनके परिवार को अनाथ होने से बचाने के लिए समय-समय पर फ्री हेलमेट वितरण किया जाता है समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर कार्य करते हुए संपूर्ण छत्तीसगढ़ में एक मिशाल कायम की है और इसके सदस्यों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। समाज सेवा के हमारे इन्हीं कार्यों को श्री साव भी काफी प्रभावित हैं और हेल्पिंग हैंड्स क्लब फाउंडेशन को लगातार प्रोत्साहित भी करते रहते हैं इसी क्रम में आज उनका नगर पालिका अध्यक्ष कमल गर्ग के शपथ ग्रहण समारोह में उन्होंने अपने व्यस्त कार्यक्रम के बीच से समय निकालकर फाउंडेशन के संरक्षक मनोज गोयल के प्रतिष्ठान में पहुंचकर सामाजिक कार्यों को लगातार आगे बढ़ते रहने के लिए प्रोत्साहित किया।



# करंट लगने से युवक की मौत

## बारात में हाईवोल्टेज लाइन की चपेट में आया, धुमाल पार्टी के 2 और लोग भी झुलसे

**जांजगीर,** 02 मार्च (देशबन्धु)। जिले के जर्वे गांव में एक शादी समारोह के दौरान बड़ा हादसा हो गया। पंचायत भवन के पास बारात में धुमाल बजने के दौरान युवक 11 केवी बिजली के तार की चपेट में आ गया। करंट से राजू साहू (32) की मौके पर मौत हो गई। घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र की है।



घटना शनिवार रात करीब 9 बजे की है। कनई गांव से आई बारात में चांपा से बुलाई गई धुमाल पार्टी में बाराती नाच रहे थे, तभी धुमाल के ऊपर लगी एक लाइट के खराब होने पर उसे ठीक करने के लिए एक कर्मचारी ऊपर चढ़ा। कम ऊंचाई से गुजर रहे हाई वोल्टेज तार की चपेट में आने से हादसा हुआ। इस हादसे में धुमाल संचालक अमर बघेल और कर्मचारी गजेंद्र गुजरतिया भी बुरी तरह झुलस गए। अमर बघेल की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बिलासपुर रेफर कर दिया गया है। गजेंद्र गुजरतिया का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। रविवार को मृतक राजू साहू के शव का पोस्टमॉर्टम करने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

# कलेक्टर द्वारा सुधार की दी अवधि समाप्त होने पर खनिज संस्थानों पर जांच जारी



**सारंगढ़,** 2 मार्च (देशबन्धु)। कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के सभी क्रेशर मालिकों के साथ बैठक कर उन्हें आवास एवं पर्यावरण सहित अन्य सभी कानूनों, आदेशों, नियमों का पालन करने के सख्त निर्देश दिए थे। सुधार कार्य करने के लिए लगभग माह भर का समय देने के बाद, नगरीय और पंचायत चुनाव सम्पन्न होने पर कलेक्टर ने सभी माइनिंग संबंधी स्थानों का जांच करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर के निर्देश पर विगत दिनों जिले के विभिन्न क्षेत्रों पर स्वीकृत उत्खनिपट्टा अनुज्ञापत्र का राजस्व एवं खनिज अमला द्वारा सघन जांच किया गया। तहसील सारंगढ़ अंतर्गत ग्राम टिमरलगा एवं गुडेली में स्वीकृत खनिज चूना पत्थर भंडारण एवं खदानों का निरीक्षण किया गया जांच के दौरान खनिज नियमानुसार अनियमितता एवं उल्लंघन पाए जाने के फल स्वरुप एक क्रशर को कारण बताओ नोटिस एवं खदान मेसर्स मनोज सिंह ग्राम टिमरलगा में सीलबंद की कार्यवाही की गई। इसी क्रम में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सारंगढ़ के द्वारा तहसील बरमकेला में स्वीकृत भण्डारण राधिका मिनरल्स का जांच किया गया। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बिलाईगढ़ के द्वारा तहसील बिलाईगढ़ क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया गया निरीक्षण दौरान अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण में संलिप्त 03 मशीन एवं 04 वाहनों को जप्त कर थाना भटगाव, थाना बिलाईगढ़ एवं मशीनों को ग्राम कोटवार के सुरक्षार्थ में दिया गया है। यह कार्यवाही छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 तथा छत्तीसगढ़ खनिज खनन, परिवहन एवं भण्डारण नियम 2009 के तहत् की गयी। तहसील सरसीवा के अंतर्गत ग्राम सोहागपुर डुरूमगढ़ एवं खपरीडीह मे स्वीकृत खनिज चूना पत्थर भंडारण क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दौरान संचालनकर्ता के द्वारा स्वीकृत क्षेत्र में अनियमितता एवं उल्लंघन पाए जाने के फल स्वरुप मेसर्स राज राजेश्वरी क्रशर उघोग सोहागपुर को सीलबंद की कार्रवाई की गई तथा जप्त खनिज को खदान मुंशी के सुपुर्दगी में दिया गया। साथ ही कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। ग्राम खपरीडीह में स्वीकृत भण्डारण मेसर्स संदीप स्टोन क्रशर स्थल का निरीक्षण किया गया तथा छत्तीसगढ़ खनिज खनन, परिवहन एवं भण्डारण नियम 2009 के तहत् अनियमिता एवं शर्तों के उल्लंघन फलस्वरुप कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। इस तरह कुल चार स्वीकृत क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया जिसमें एक खदान एवं एक क्रशर पर सीलबंद की कार्यवाही कर कारण बताओं नोटिस जारी किया गया। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले के खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण की प्रभावी रोकथाम हेतु निरंतर कार्यवाही खनिज विभाग द्वारा की जा रही है।

# जनपद एवं जिला पंचायत में भी बनेगी भाजपा की सरकार-ज्योति पटेल



**सारंगढ,** 2 मार्च (देशबन्धु)। भाजपा के जिलाध्यक्ष ज्योति पटेल व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजेश अग्रवाल नव निर्वाचित जिला पंचायत सदस्य संजय पाण्डेय व जनपद सदस्य रामचरण पटेल ने संयुक्त रूप से बयान जारी करते हुए कहा है कि वे सभी एक साथ रायपुर पार्टी कार्यालय में वरिष्ठजनों के साथ हैं तथा जनपद पंचायत व जिला पंचायत के मामले मे भी भाजपा के सभी नेता व कार्यकर्ता एकमत हैं तथा किसी भी मामले में इनमें फूट या नाराजगी की कोई बात नहीं है किंतु कुछ लोगों द्वारा जिला पंचायत व जनपद पंचायत में भी भाजपा की सरकार बनने जा रही है जिसे देखकर कुछ लोगों द्वारा खीजकर अनर्गल रूप से यह अफवाह फैलाई जा रही है कि भाजपा में फूट है जो कि पूर्णतया कोरी बकवास है तथा पूर्णतया सत्य से परे है तथा इस मामले में विशेष रूप से रामचरण पटेल ने कहा है कि उन्हें किसी भी प्रकार की कोई नाराजगी नहीं है तथा भाजपा के सभी कार्यकर्ता एक हैं।

## अमेरिका से बातचीत का समर्थक, लेकिन सुप्रीम लीडर के रुख का करूंगा पालन : पेजेशकियन

**तेहरान,** 2 मार्च (एजेंसियां)। ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने कहा कि वह अमेरिका के साथ बातचीत के समर्थक हैं लेकिन इस मुद्दे पर वह सुप्रीम लीडर अयातुल्ला सैय्यद अली खामेनेई के रुख का पालन करेंगे। उन्होंने कहा कि हमें समस्याओं के समाधान के लिए सही तरीके खोजने होंगे। राष्ट्रपति पेजेशकियन के बयान के बाद वॉशिंगटन और तेहरान के बीच ईरानी परमाणु कार्यक्रम को लेकर बातचीत की उम्मीदें धूमिल हो गई हैं। ईरान की सरकारी न्यूज एजेंसी आईआरएनए के मुताबिक रविवार को संसद सत्र में भाग लेते हुए पेजेशकियन ने कहा कि मेरा मानना था कि बातचीत करना बेहतर होगा, लेकिन क्रांति के नेता ने कहा कि हम संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ बातचीत नहीं करेंगे।

# देश विदेश

# इजरायल ने स्वीकारा रमजान युद्धविराम प्रस्ताव : हमास

## फिलिस्तीनी ग्रुप ने युद्ध विराम समझौते के दूसरे चरण के लिए वार्ता को टालने की कोशिश का लगाया आरोप

**गाजा,** 2 मार्च (एजेंसियां)। हमास ने अस्थायी युद्ध विराम के अमेरिकी प्रस्ताव को स्वाकारने के लिए इजरायल की आलोचना की। फिलिस्तीनी ग्रुप के मुताबिक यहूदी राष्ट्र का यह कदम गाजा युद्ध विराम समझौते के दूसरे चरण के लिए वार्ता को टालने की कोशिश है। इससे पहले इजरायल ने घोषणा की कि वह संघर्ष विराम के पहले चरण को रमजान और पासओवर [यहूदी त्योहार] या 20 अप्रैल तक बढ़ाने के प्रस्ताव का समर्थन करता है। उसने कहा कि यह प्रस्ताव ट्रंप प्रशासन के मध्यपूर्व दूत स्टीव विटकॉफ की ओर से आया है।

इजरायल ने न सिर्फ अमेरिकी प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है बल्कि गाजा में सभी वस्तुओं की सप्लाई रोकने का भी फैसला किया है।

हमास ने एक बयान में कहा कि हम हस्ताक्षरित समझौते को इसके तीन चरणों में लागू करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं, हमने समझौते के दूसरे चरण पर बातचीत शुरू करने के लिए अपनी तत्परता की बार-बार घोषणा की है।

बयान में कहा गया कि हम इस बात पर जोर देते हैं कि इजरायली बंधकों को वापस पाने का एकमात्र तरीका (युद्धविराम) - समझौते का पालन करना, दूसरे चरण को लागू करने के लिए तुरंत बातचीत शुरू करना और इजरायल द्वारा अपनी जिम्मेदारियों को लेकर प्रतिबद्ध होना है।



**हम हस्ताक्षरित समझौते को इसके तीन चरणों में लागू करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं : हमास**

हमास ने कहा कि गाजा में मानवीय सहायता को रोकने का नेतन्याहू का फैसला सस्ता ब्लैकमेल, युद्ध अपराध और समझौते के खिलाफ एक जबरदस्त उल्लंघन है। फिलिस्तीनी ग्रुप ने कहा कि मध्यस्थों और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को इजरायल पर दबाव बनाने और गाजा में 2 मिलियन से अधिक लोगों के खिलाफ़ उसके दंडात्मक और अनैतिक उपायों को रोकने के लिए कार्रवाई करनी चाहिए। इससे पहले इजरायल ने रविवार घोषणा की कि वह गाजा पट्टी में सभी वस्तुओं की आपूर्ति पर रोक लगा रहा है।

# गाजा में सभी सहायता आपूर्ति पर इजरायल ने लगाई रोक

## इजरायल-हमास युद्ध विराम का पहला चरण शनिवार को समाप्त हो गया



**तेल अवीव।** इजरायल ने रविवार को घोषणा की कि वह गाजा पट्टी में सभी वस्तुओं की आपूर्ति पर रोक लगा रहा है। पीएम बेंजामिन नेतन्याहू की ओर से एक बयान जारी कर इस संबंध में जानकारी दी गई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक प्रधानमंत्री कार्यालय के बयान में कहा गया कि बंधक समझौते के पहले चरण की समाप्ति और वार्ता जारी रखने के लिए विटकॉफ प्रस्ताव [जिस पर इजरायल सहमत था] को स्वीकार करने से हमास के इनकार के बाद प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने फैसला किया कि रविवार सुबह से गाजा पट्टी में सभी सामानों और आपूर्ति का प्रवेश बंद हो जाएगा। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय के अनुसार, इस प्रस्ताव के तहत हमास पहले दिन आधे बंधकों को रिहा कर देगा और शेष को तब रिहा करेगा जब स्थायी युद्धविराम पर समझौता हो जाएगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक हमास के एक अधिकारी ने कहा कि स्थिरता प्राप्त करने का एकमात्र तरीका युद्ध विराम प्रक्रिया के दूसरे चरण को पूरा करना है, जिसमें इजरायल को गाजा से स्थायी रूप से हटना है और शत्रुता समाप्त करनी है। महमूद मर्दावी ने बताया कि क्षेत्र में स्थिरता प्राप्त करने और कैदियों की वापसी सुनिश्चित करने का एकमात्र तरीका दूसरे चरण से शुरू करके समझौते को पूरी तरह से लागू करना है। इजरायल-हमास युद्ध विराम का पहला चरण, शनिवार को समाप्त हो गया। दोनों पक्षों के बीच अभी दूसरे चरण पर बातचीत होनी बाकी है, जिसमें इजरायल का गाजा से पूरी तरह से हटना, स्थायी युद्ध विराम लागू होना और हमास को शेष बंधकों को रिहा करना शामिल है। हमास ने 7 अक्टूबर 2023 को इजरायल पर हमला किया था।

## सुडोकू 6842


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 3 | | | | | |
| 7 | | | | 1 | 4 | | 8 | |
| 6 | | | | | | | | |
| 1 | 8 | | | 4 | | | 5 | |
| 2 | | | 1 | | 5 | | | 6 |
| | 9 | | | 8 | | | 2 | 3 |
| | | | | | | | | 2 |
| | 1 | | 4 | 5 | | | | 9 |
| | | | | | 7 | | 1 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6842



**बायें से दायें:-**

१ वह पात्र जिसमें शवदाह के बाद मृतक की हड्डियों को रखा जाता है
१. अव्यवस्था,, गोलमाल, घपला
६. पढ़ा-लिखा,साक्षर
७. बुद्धिमान
८. बंदीगृह
१०. सौदे आदि में मध्यस्थता करने वाला
११. प्रज्वलित होना, जोर से जल उठना, क्रुद्ध होना. चौंकना, बिदकना
१३. जीत, फतह
१४. हरगिज
१५. बंधुत्व
१७. ऊंट के नाक में डाली जाने वाली रस्सी
१९. कमल
२१. कामयाबी
२४. सूर्य किरण

**ऊपर से नीचे:-**

१. जिनके पास कुछ न हो, अति निर्धन, वह वस्तु जिसका कोई मूल्य न हो
२. असह्य, अघिक मेहनत वाला काम (उपमा)
३. चंद्रमा के समान सुंदर मुख वाली
४. बीता हुआ समय
५. उपद्रव, दंगा १ (उर्दू)
९. 'टाईम कीपर
११. हित, कल्याण, अच्छा
१२. भैंस का नर बच्चा
१३. जंगल, वन
१४. दया, अनुकंपा
१५. किस्मतवर
१६. चायलूस
१८. सिर्फ, मात्र
१९. चंद्रमा, चंद्रमा का धब्बा
२०. चिपकने का गुण
२३. करतल ध्वनि

## वर्ग पहेली-6841



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : सोमवार 3 मार्च, 2025 फाल्गुन शुक्ल पक्ष 5**

### राशिफल

मेष - आज वाणी पक संयम रखें। स्नेहीजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा। किसी उलझन में दिन गुजरेगा। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। दोपहर के बाद का समय आपके लिए अनुकूल रहेगा।

वृषभ - आज का दिन लाभ का बना हुआ है। व्यापार में आपको लाभ होगा। संतान के साथ संबंध अच्छे बने रहेंगे। दोपहर के बाद मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी बात को लेकर ज्यादा इमोशनल ना हो।

मिथुन - आज का दिन लाभदायी है। नौकरीमें अधिकारी आपके काम से खुश रह सकते हैं। व्यापार में भी आय बढ़ने की आशा है। पिता और बड़ों के आशीर्वाद से लाभ होगा। दोपहर के बाद मित्रों से लाभ हो सकता है।

कर्क - अधिकारियों के साथ वाणी और व्यवहार में संभलकर चलें। शारीरिक रूप से अस्वस्थता और मानसिक चिंता बनी रहेगी। व्यापार में विघ्न आ सकता है। दोपहर के बाद व्यवसाय के क्षेत्र में आप के लिए परिस्थिति अनुकूल रहेगी।

सिंह - आज क्रोध और वाणी पर संयम बरतने की सलाह आपको दी जाती है। स्वास्थ्य के मामले में संभलकर चलना होगा। सरकार या नियम विरोधी कामों से दूर रहें। मानसिक रूप से व्यग्रता बनी रहेगी।

कन्या - आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। मन को प्रसन्न रखने के लिए आप मनोरंजन का सहारा लेंगे। दोस्तों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

तुला - आज आप व्यवसाय बढ़ाने का प्रयास करेंगे। रोजाना की आय बढ़ाने के आपके प्रयास सार्थक हो सकते हैं। व्यापार में धन लगाने की योजना पूरी कर पाएंगे। उचित कारणों पर धन खर्च होगा।

वृश्चिक - साहित्यिक गतिविधियों के लिए आज का दिन शुभ फलदायक है। आप कोई कहानी-कविता लिखने के लिए योजना बना सकते हैं। आज किसी सामाजिक या राजनीतिक चर्चा में भाग ले सकते हैं।

धनु - आज आप हर मामलों में सावधान रहें। माता के स्वास्थ्य में हो रहा परिवर्तन आपके विचारों को नेगेटिव कर सकता है। इससे आपका मन किसी काम में नहीं लगेगा।

मकर - जीवनसाथी से आपका व्यवहार अधिक मधुरतापूर्ण होगा। मित्रों के साथ पर्यटन पर जाने का कार्यक्रम बना पाएंगे। भाइयों के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी।

कुंभ - अपने खर्च पर आपको संयम रखना होगा। क्रोध और वाणी पर नियंत्रण किसी से वाद-विवाद होने से बचाएगा। नकारात्मक विचार आपको परेशान कर सकते हैं। दोपहर के बाद आपके विचारों में स्थिरता दिखाई देगी।

मीन - आज का आप का दिन शुभ फलदायी है। आज आप उत्साही बने रहेंगे। नए काम की शुरुआत करने के लिए समय अच्छा है। परिजनों के साथ समय आनंदपूर्वक गुजरेगा। धार्मिक कामों में खर्च होगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# जापान में 80 फीसदी से अधिक लोगों ने मृत्युदंड का किया समर्थन

## 55.5 प्रतिशत लोगों ने कहा कि हिंसक अपराधों की कीमत जान देकर चुकाई जानी चाहिए

**टोक्यो,** 2 मार्च (एजेंसियां)। जापान में एक सरकारी सर्वेक्षण के अनुसार 80 प्रतिशत से अधिक जापानी लोग मृत्युदंड का समर्थन करते हैं। मौत की सजा का समर्थन करने वालों का इस प्रणाली का अस्तित्व बने रहना जरूरी है।

प्रमुख समाचार पोर्टल क्योडो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार यह सर्वेक्षण हर पांच साल में आयोजित किया जाता है। लगातार पांचवीं बार सरकारी सर्वेक्षण में मृत्युदंड का समर्थन में 80 प्रतिशत से अधिक रहा।

हालिया सर्वे में, मृत्युदंड के लिए समर्थन 2019 में किए गए पहले सर्वेक्षण की तुलना में 2.3 अंकों की वृद्धि के साथ 83.1 प्रतिशत तक पहुंच गया। इसी समय, मृत्युदंड को खत्म करने का समर्थन करने वाले लोगों के प्रतिशत में 7.5 अंकों की महत्वपूर्ण वृद्धि देखी गई, जो 16.5 प्रतिशत तक पहुंच गई। 66.2 प्रतिशत लोगों के लिए मृत्युदंड के समर्थन का मुख्य कारण हिंसक अपराध के शिकार पीड़ित और उनके परिवारों के प्रति चिंता थी। 55.5 प्रतिशत लोगों ने कहा कि हिंसक अपराधों की कीमत जान देकर चुकाई जानी चाहिए। 53.4 फीसदी ने कहा कि



मृत्युदंड हटाए जाने से जघन्य अपराधों में वृद्धि होगी। दूसरी ओर, मृत्युदंड को समाप्त करने के पक्ष ले रहे लोगों का बड़ा हिस्सा, [जिसमें 71 प्रतिशत लोग शामिल थे], ने तर्क दिया कि मृत्युदंड के मामले में यदि गलती हुई तो इसे सुधारा नहीं जा सकता। कई लोगों ने कहा कि अगर पैरोल के बिना आजीवन कारावास की सजा शुरू की जाती है तो मृत्युदंड को समाप्त कर दिया जाना चाहिए। क्योडो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, यह सर्वेक्षण अक्टूबर और दिसंबर के बीच किया गय, जब 88 वर्षीय इवाओ हाकामाडा को 1966 के चार लोगों के हत्याकांड के मामले में चार दशक से अधिक समय के बाद 2024 में दोबारा सुनवाई में बरी कर दिया गया।

# ट्रंप के रिसॉर्ट के पास प्रतिबंधित हवाई क्षेत्र में तीन विमानों की एंट्री, मचा हड़कंप

**वाशिंगटन,** 2 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फ्लोरिडा रिसॉर्ट मार-ए-लागो के ऊपर प्रतिबंधित हवाई क्षेत्र के उल्लंघन का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि तीन नागरिक विमानों ने एयर स्पेस का उल्लंघन किया जिन्हें एफ-16 लड़ाकू विमानों कथित तौर क्षेत्र से बाहर किया। हवाई क्षेत्र के उल्लंघन के कारण उत्तरी अमेरिकी एयरोस्पेस रक्षा कमान (एनओआरएडी) ने तुरंत लड़ाकू विमानों को सिविलियन एयरफ्राट्स को क्षेत्र से बाहर निकालने के लिए भेजा।




ये घटनाएं सुबह 11:05 बजे, दोपहर 12:10 बजे और दोपहर 12:50 बजे हुईं, हालांकि हवाई क्षेत्र के उल्लंघन के कारण अभी स्पष्ट नहीं हैं। इस तरह के उल्लंघन की यह पहली घटना नहीं है, क्योंकि पिछले कुछ हफ्तों में ऐसी घटनाएं अक्सर रिपोर्ट की गई हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक हवाई क्षेत्र उल्लंघन इस क्षेत्र में एक पैटर्न बन गए हैं। कई महत्वपूर्ण तिथियों के आसपास उल्लंघन हुए। उदाहरण के लिए, 15 फरवरी को दो उल्लंघन की सूचना मिली, और एक अन्य उल्लंघन 17 फरवरी को राष्ट्रपति दिवस पर हुआ।

# यूरोपीय देशों की समिट में राष्ट्रपति जेंलेस्की होंगे शामिल

**नई दिल्ली,** 2 मार्च (एजेंसियां)। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की रविवार को लंदन में यूरोपीय देशों के प्रमुखों से मिलेंगे। ये मुलाकात एक समिट में होगी। जिसमें कुल 13 यूरोपीय देशों के नेता शामिल होंगे।

इसमें फ्रांस, जर्मनी, डेनमार्क, इटली आदि शामिल हैं। साथ ही, नाटो के महासचिव, यूरोपीय संघ और यूरोपीय काउंसिल के प्रेसिडेंट भी इसका हिस्सा होंगे। समिट के दौरान, रूस के खिलाफ यूक्रेन की स्थिति और यूरोप में सुरक्षा के मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। शनिवार को इंग्लैंड पहुंचने पर ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने जेलेंस्की का गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने जेलेंस्की को गले लगाकर ब्रिटेन का समर्थन जताया और कहा कि पूरे ब्रिटेन का सपोर्ट यूक्रेन के साथ है, चाहे इस संघर्ष में कितना भी समय लगे। जेलेंस्की ने इस समर्थन के लिए प्रधानमंत्री स्टार्मर का धन्यवाद किया और कहा कि यह समर्थन यूक्रेन के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।



बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ हुए गतिरोध के बाद यूक्रेन को समर्थन देने के मुद्दे पर यूरोपीय यूनियन (ईयू) के भीतर भी मतभेद नजर आ रहे हैं।

# नाटो व यूएन से अमेरिका के बाहर निकलने का मस्क ने किया समर्थन

**वाशिंगटन,** 2 मार्च (एजेंसियां)। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी सलाहकार और सरकारी दक्षता विभाग के प्रमुख एलन मस्क ने नाटो और यूएन से अमेरिका के बाहर निकलने का समर्थन किया है।

मस्क ने अपना रुख ऐसे समय में जाहिर किया है जब यूक्रेन संघर्ष पर वाशिंगटन और उसके यूरोपीय सहयोगियों के बीच मतभेद गंभीर होते जा रहे हैं और शुक्रवार को ही पूरी दुनिया ने व्हाइट हाउस में ट्रंप और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के बीच तीखी बहस देखी है।

दरअसल राजनीतिक टिप्पणीकार और एमएजीए कार्यकर्ता गुंथर ईगलमैन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि नाटो और यूएन को छोड़ने का समय आ गया है। उन्होंने रिपब्लिकन सीनेटर माइक ली द्वारा इस तरह के कदम के लिए आह्वान करने वाले पोस्ट को साझा किया था। ईगलमैन की पोस्ट पर रिएक्शन देते हुए मस्क ने लिखा कि मैं



■ **सीनेटर ली ने संयुक्त राष्ट्र संकट से संपूर्ण रूप से अलग होने का प्रस्ताव किया था पेश**

सहमत हूं। फरवरी में, यूटा के सीनेटर ली ने संयुक्त राष्ट्र संकट से संपूर्ण रूप से अलग होने का प्रस्ताव पेश किया था। इसमें विश्व निकाय को अत्याचारियों का मंच बताया गया था, जो अमेरिका और उसके सहयोगियों पर हमला करता है और अपने सारी फंडिंग के बावजूद युद्ध, नरसंहार, मानवाधिकार उल्लंघन और महामारी को रोकने में सक्षम नहीं है।

## आज का इतिहास

1707- मुगल बादशाह औरंगजेब का निधन हुआ।
1839- जमशेदजी एन टाटा का जन्म।
1919- मराठी के प्रसिद्ध लेखक हरि नारायण आप्टे का निधन।
1943- महात्मा गांधी ने 21 दिन से चली रही अपनी भूख हड़ताल को समाप्त करने का फैसला किया।
1965- अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।
1966- बीबीसी ने अगले वर्ष से रंगीन टेलीविजन प्रसारण की अपनी योजना का ऐलान किया।
1971- ऐसी खबर मिली कि चीन ने अपना दूसरा भू उपग्रह अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किया है।
1973- वन्यजीवों के संरक्षण के संबंध में एक अंतरराष्ट्रीय समझौते पर हस्ताक्षर।
1974- तुर्की एयरलाइंस का जेट विमान डीसी 10 अंकारा से लंदन जाते हुए पेरिस के नजदीक दुर्घटनाग्रस्त। हादसे में विमान में सवार सभी 345 लोगों की मौत।
1983 - नई दिल्ली में सातवें गुटनिरपेक्ष शिखर सम्मेलन का आयोजन।
2005- अमेरिका के रोमांच प्रेमी स्टीव फोसेट ने 67 घंटे तक लगातार बिना रूके उड़ान भरकर पृथ्वी का चक्कर पूरा किया। इस दौरान उन्होंने विमान में ईंधन भी नहीं भरा।
2006- श्रीलंका के बल्लेबाज मुथैया मुरलीधरन ने अपना 100वां टेस्ट मैच खेलते हुए अपना 1000वां अन्तरराष्ट्रीय विकेट हासिल किया। वह यह कारनामा अंजाम देने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज।

**अपील** *मानवाधिकार संगठनों की इस्लामाबाद से गुहार, कहा*

# पाकिस्तान से अफगान प्रवासियों का जबरन निर्वासन रोका जाए

**काबुल, 2 मार्च (एजेंसियां)। मानवाधिकार संगठनों और शरणार्थी समर्थक समूहों के गठबंधन ने पाकिस्तान से अफगान प्रवासियों के जबरन निर्वासन को तुरंत रोकने की मांग की। गठबंधन ने कहा कि जबरन निर्वासन की नीति अंतरराष्ट्रीय कानून और शरणार्थियों की सुरक्षा के लिए पाकिस्तान की प्रतिबद्धताओं का उल्लंघन करती है। स्थानीय अफगान मीडिया अमू टीवी ने रविवार को यह जानकारी दी। इन संगठनों ने पाकिस्तानी सरकार को एक खुला पत्र लिखा, जिसमें कहा गया कि ये अफगान प्रवासी उत्पीड़न, उल्लंघन और दमन से बचने के लिए अपने ही देश से भागे हैं।**

पाकिस्तान ने 31 मार्च, 2025 तक अफगान प्रवासियों के लिए स्वेच्छा से देश छोड़ने या जबरन निष्कासन का सामना करने की समय-सीमा तय की है। ये अफगान प्रवासी संयुक्त राज्य अमेरिका, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस और ब्रिटेन जैसे देशों में पुनर्वास की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

पत्र में पाकिस्तान में अफगान प्रवासियों पर लगाए गए अत्यधिक वीजा शुल्क की निंदा की गई। इसमें कहा गया कि निर्वासन के खतरे ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। गठबंधन ने पाकिस्तानी पुलिस की कार्रवाइयों पर भी चिंता जताई, जिन्होंने कई मानवाधिकार कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया और बिना परिवार या कानूनी अभिभावकों के बच्चों को भी निर्वासित किया। निर्वासन के जोखिम का सामना करने वालों में



■ **पाकिस्तान के हिरासत केंद्रों में अफगान महिलाओं व लड़कियों के साथ होने वाली लैंगिक हिंसा का भी किया जिक्र**

गर्भवती महिलाएं और विकलांग व्यक्ति भी शामिल हैं।

पत्र में गठबंधन ने आरोप लगाया कि वैध वीजा और कानूनी निवास परमिट वाले अफगानों को जबरन निर्वासित किया गया। उन्होंने पाकिस्तान के हिरासत केंद्रों में अफगान महिलाओं और लड़कियों के साथ होने वाली लैंगिक हिंसा का भी जिक्र किया।

गठबंधन ने आरोप लगाया कि पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन कर रहा है। संगठन ने पाकिस्तान और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अंतरराष्ट्रीय कानून को बनाए रखने और जबरन निर्वासन को रोकने की अपील की। साथ ही पाकिस्तान के हिरासत शिविरों में हिंसा का सामना कर रही अफगान महिलाओं और लड़कियों की कानूनी सुरक्षा का आह्वान किया। इससे पहले, मीडिया में कई ऐसी घटनाएं सामने आईं, जिनमें सैकड़ों महिलाओं और बच्चों सहित अफगान प्रवासियों की दुर्दशा को उजागर किया गया। अपने देश में युद्ध और संघर्ष से भागकर, अफगानिस्तान के नागरिक दशकों से पाकिस्तान में शरण ले रहे हैं।

## सुडोकू 6842 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 1 | 3 | 7 | 8 | 6 | 9 | 4 |
| 7 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 8 | 5 |
| 6 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 7 |
| 2 | 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 8 | 4 | 6 |
| 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 | 3 |
| 9 | 6 | 4 | 8 | 3 | 1 | 5 | 7 | 2 |
| 8 | 1 | 7 | 4 | 5 | 2 | 3 | 6 | 9 |
| 3 | 5 | 2 | 9 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 |

## दुनिया को जानें

# शोधकर्ताओं ने डार्क मैटर की खोज में हासिल की नई सफलता

**टोक्यो,** 2 मार्च (एजेंसियां)। वैज्ञानिकों की एक टीम ने डार्क मैटर की खोज में महत्वपूर्ण प्रगति की है। इस टीम ने नई स्पेक्ट्रोग्राफी तकनीक और चिली में स्थित मैगलन क्ले टेलीस्कोप का उपयोग करके दो आकाशगंगाओं, लियो वी और टुकाना II से आने वाले प्रकाश का निरीक्षण किया। टोक्यो मेट्रोपॉलिटन यूनिवर्सिटी के एसोसिएट प्रोफेसर वेन यिन के नेतृत्व में यह शोध हुआ। वैज्ञानिकों ने इस अवलोकन में स्पेक्ट्रम के इंफ्रारेड रीजन पर विशेष ध्यान केंद्रित किया।



शोधकर्ताओं ने केवल चार घंटे के अवलोकन के बाद इन्फ्रारेड लाइट से डार्क मैटर के बारे में पता लगाया है कि यह कितने समय तक रह सकता है। उनके शोध परिणामों को फिजिकल रिव्यू लेटर्स जर्नल में प्रकाशित किया गया है। इसमें बताया गया है कि नई तकनीक ने उन हिस्सों में खोज को बढ़ाया है जिनका अब तक कम अध्ययन हुआ था। यह शोध ब्रह्मांड विज्ञानियों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि वे लंबे समय से ब्रह्मांड में मौजूद असंगतियों को समझने की कोशिश कर रहे थे।

# खेल जगत

## भारत के खतरनाक बल्लेबाजों पर दबाव बनाना महत्वपूर्ण था : मैट हेनरी

**दुबई।** रविवार को वनडे में अपना तीसरा पांच विकेट लेकर 2025 चैंपियंस ट्रॉफी ग्रुप ए मैच में भारत को 249/9 पर सीमित करने के बाद, न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी ने कहा कि उनकी टीम का मुख्य उद्देश्य रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम के खतरनाक बल्लेबाजों पर दबाव बनाना था। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम की धीमी पिच पर, हेनरी ने 5.2 की इकॉनमी रेट से अपने आठ ओवरों में 5-42 विकेट चटकाए। हेनरी ने पहले पावर-प्ले में शुभमन गिल और विराट कोहली को आउट करके भारत को हिला दिया, इसके बाद पारी के अंत में रवींद्र जडेजा, हार्दिक पांड्या और मोहम्मद शमी को आउट किया। हेनरी ने ब्रॉडकास्टर के साथ मिड-इनिंग चैट में कहा कि जिस तरह से हम यहां आए और शुरुआत में सतह को उजागर किया और भारत को दबाव में डाल दिया।



# डब्ल्यूपीएल 225 : अपने ही घर में आरसीबी की लगातार चौथी हार

■ शैफाली वर्मा की धमाकेदार नाबाद 80 रनों की पारी ने दिल्ली की जीत में अहम भूमिका निभाई



वूमेन प्रीमियर लीग 2025

**नई दिल्ली,** 2 मार्च (एजेंसियां)। वूमेन प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2025 के 14वें मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स वूमेंस ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू वूमेंस को 9 विकेट से करारी शिकस्त दी। एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए इस मैच में दिल्ली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर लिया है, जबकि बेंगलुरू की टीम लगातार चौथी हार के साथ टूर्नामेंट में पिछड़ती नजर आ रही है। शैफाली वर्मा की धमाकेदार नाबाद 80 रनों की पारी ने दिल्ली की जीत में अहम भूमिका निभाई। पहले बल्लेबाजी करने उतरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू की टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 147 रन बनाए। कप्तान स्मृति मंधाना ने शुरुआत में आक्रामक रुख अपनाया लेकिन वह 8 रन बनाकर शिखा पांडे की गेंद पर मेग लैनिंग के हाथों कैच आउट हो गईं। वायट-हॉज ने 21 रन (18 गेंद, 4 चौके) बनाकर कुछ उम्मीद जगाई, लेकिन मरिजाने कैप की गेंद पर सारा ब्राइस ने उनका कैच लपक लिया। नंबर तीन पर एलिस पेरी ने नाबाद 60 रन (47 गेंद, 3 चौके, 3 छक्के) की शानदार पारी खेली और टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। उनका स्ट्राइक रेट 127.66 रहा। राघवी बिष्ट ने 33 रन (32 गेंद, 2 चौके) बनाए, लेकिन नल्लापुरेड्डी चरणी ने उन्हें स्टंप आउट कर दिया। रिचा घोष (5) और कनिका आहूजा (2) सस्ते में पवेलियन लौट गईं, जबकि जॉर्जिया वेयरहम ने नाबाद 12 रन बनाकर पेरी का साथ दिया। दिल्ली की गेंदबाजी में नल्लापुरेड्डी चरणी और शिखा पांडे ने दो-दो विकेट लिए। मरिजाने कैप ने भी एक विकेट लेकर और किफायती गेंदबाजी करके आरसीबी की रन गति पर अंकुश लगाया। आरसीबी का स्कोर दिल्ली के मजबूत बल्लेबाजी क्रम के सामने पर्याप्त साबित नहीं हुआ। 148 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स ने सिर्फ 15.3 ओवर में 1 विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। कप्तान मेग लैनिंग 2 रन बनाकर रेणुका सिंह की गेंद पर एलिस पेरी के हाथों कैच आउट हुईं। इसके बाद शैफाली वर्मा और जेस जॉनसन ने मोर्चा संभाला। शैफाली ने 43 गेंदों में नाबाद 80 रन (8 चौके, 4 छक्के) की विस्फोटक पारी खेली, उनका स्ट्राइक रेट 186.05 रहा।

दूसरी ओर, जॉनसन ने 38 गेंदों में नाबाद 61 रन (8 चौके, 1 छक्का) बनाए और स्ट्राइक रेट 160.53 के साथ शैफाली का बखूबी साथ दिया। दोनों के बीच नाबाद 146 रनों की साझेदारी ने आरसीबी के गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया। यह हार बेंगलुरू में आरसीबी की लगातार चौथी हार थी। टूर्नामेंट की शुरुआत में वडोदरा में लगातार दो जीत हासिल करने वाली आरसीबी अब शीर्ष तीन में अपनी जगह बनाने की रेस में पिछड़ रही है।

### बल्लेबाज के तौर पर आपको हर बार शून्य से शुरुआत करनी होती है : शेफाली

**बेंगलुरु।** दिल्ली कैपिटल्स ने घरेलू टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पर शानदार जीत के साथ डब्ल्यूपीएल 2025 के प्लेऑफ में जगह बनाई, शेफाली वर्मा ने 43 गेंदों पर नाबाद 80 रन की मैच विजयी पारी पर विचार किया और कहा कि बल्लेबाज को हर बार शून्य से शुरुआत करनी होती है, भले ही वह लगातार दो दिन खेल रहा हो। मेग लैनिंग की डीसी डब्ल्यूपीएल 2025 में प्लेऑफ में जगह बनाने वाली पहली टीम बन गई, जिसने मैच 14 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पर 9 विकेट से शानदार जीत दर्ज की। इस जीत ने 7 मैचों में 10 अंक और पांच शानदार जीत के साथ तालिका में शीर्ष पर अपनी स्थिति को और मजबूत किया। डेब्यूटेंट एन. चरानी और शिखा पांडे ने दो-दो विकेट चटकाए और घरेलू टीम को 20 ओवर में 147/5 पर रोक दिया। दिल्ली कैपिटल्स ने इसके बाद केवल 15.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया, जिसमें शेफाली वर्मा (नाबाद 80) और जेस जोनासेन (38 गेंदों पर नाबाद 61) ने 146 रनों की मैच विजयी साझेदारी की और शानदार जीत दर्ज की। शेफाली ने कहा कि बल्लेबाज के तौर पर आपको हर बार शून्य से शुरुआत करनी होती है, भले ही आप लगातार दो दिन खेल रहे हों। हमारे गेंदबाजों ने पहली पारी में शानदार प्रदर्शन किया और हमारी योजना अच्छी चल रही है। हम अपनी योजनाओं को पूरी तरह से लागू कर रहे हैं।

# सेमीफाइनल में पहुंचने पर अपनी मानसिकता नहीं बदलेगा दक्षिण अफ्रीका : जानसेन

■ जानसेन ने इंग्लैंड के खिलाफ प्लेयर ऑफ द मैच का सम्मान प्राप्त किया था



चैम्पियंस ट्रॉफी

**कराची,** 2 मार्च (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका ने इंग्लैंड पर जीत के साथ आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। तेज गेंदबाज मार्को जानसेन ने कहा कि प्रोटियाज को नॉकआउट मैचों में अपने खराब फॉर्म से उबरने के लिए आगामी खेल में ज्यादा बदलाव की जरूरत नहीं है। जानसेन ने इंग्लैंड के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका की जीत में अहम भूमिका निभाई थी, उन्होंने अपने दमदार प्रदर्शन के कारण इंग्लैंड के खिलाफ प्लेयर ऑफ द मैच का सम्मान प्राप्त किया था, उन्होंने सात ओवर में 39 रन देकर तीन विकेट लिए थे और तीन कैच भी लिए थे। शनिवार को मिली जीत का मतलब है कि प्रोटियाज ग्रुप बी में शीर्ष पर रहे और सेमीफाइनल में जाने वाली दूसरी टीम ऑस्ट्रेलिया से आगे रहे।जानसेन ने दक्षिण अफ्रीका की इंग्लैंड पर जीत के बाद मीडिया से कहा कि मैं यह नहीं कहूंगा कि (सेमीफाइनल में जाने से पहले) मानसिकता बदल जाती है, मुझे लगता है कि यह सिर्फ ऐसा अवसर है जिसे शायद थोड़ा अधिक प्रचारित किया जाता है। उन्होंने कहा कि आप अपनी प्रक्रियाएं आजमाते हैं। मैं समझता हूं कि सिर्फ आपके कदम या आपके मार्गदर्शक हैं, जिनके साथ आप हर मैच में जाते हैं और फिर मूल रूप से सेमीफाइनल में आप बस कोशिश करते हैं और असाधारण रूप से अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं।

हालांकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच में बारिश ने खलल डाला, लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं है कि दक्षिण अफ्रीका ने इंग्लैंड की टीम को जबरदस्त मात दी। तेज गेंदबाजों वियान मुल्डर और मार्को जानसन ने तीन-तीन विकेट चटकाकर इंग्लैंड को 38.2 ओवर में 179 रन पर ढेर कर दिया, इसके बाद वैन डेर डुसेन ने 87 गेंदों पर छह चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 72 रन बनाए। दूसरी ओर, क्लासेन ने 56 गेंदों पर 11 चौकों की मदद से 64 रन की तेज पारी खेली और दक्षिण अफ्रीका की एक और जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दक्षिण अफ्रीका ने यह लक्ष्य 29.1 ओवर में ही हासिल कर लिया। जानसेन ने कहा कि मुझे लगता है कि कुल मिलाकर यह एक अच्छा टीम प्रदर्शन था। एक गेंदबाजी इकाई के रूप में, मुझे लगता है कि हमने वह सब किया जो हम करना चाहते थे या जिसकी हमने योजना बनाई थी या करने के लिए तैयार थे। और फिर जाहिर है कि बल्लेबाजों ने मैदान पर उतरकर अपना काम बहुत अच्छे से किया। दक्षिण अफ्रीका को अपने सेमीफाइनल प्रतिद्वंद्वी के बारे में तभी पता चलेगा जब रविवार को न्यूजीलैंड और भारत के बीच मुकाबला होगा, जिसमें हारने वाली टीम को प्रोटियाज से भिड़ना होगा।

## हरदोई के पर्वतारोही अभिनीत मौर्य ने माउंट केन्या पर फहराया तिरंगा

**हरदोई,** 2 मार्च (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के हरदोई के रहने वाले अंतरराष्ट्रीय पर्वतारोही अभिनीत मौर्य ने अफ्रीका की दूसरी सबसे ऊंची चोटी माउंट केन्या पर तिरंगा फहराकर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। माउंट केन्या की चोटी पर भारतीय ध्वज फहराने वाले वह पहले भारतीय पर्वतारोही बन गए हैं। इस अद्भुत उपलब्धि के साथ उन्होंने अपने गांव, जिले और देश का नाम रोशन किया है। यह सफर उनकी कड़ी मेहनत, साहस और देश के प्रति समर्पण का प्रतीक बन गया है। अभिनीत मौर्य ने 26 फरवरी को दिल्ली से नैरोबी के लिए उड़ान भरी थी। वहां पहुंचने के बाद उन्होंने माउंट केन्या नेशनल पार्क में चढ़ाई के लिए अनुमति ली और 27 फरवरी को चढ़ाई की शुरुआत की। पर्वतारोहण के दौरान उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और 1 मार्च की सुबह 7:20 बजे माउंट केन्या की चोटी पर भारतीय तिरंगा फहराया।

# कोहली ने खेला अपना 300वें वनडे मैच, 51 शतक बनाने पहले बल्लेबाज




> मुझे नहीं पता कि मैं हमेशा एक आदर्श दिल्ली का मुंडा हूं या नहीं। दिल्ली का मुंडा होने का मतलब है कि हर चीज के प्रति तनाव-मुक्त दृष्टिकोण रखना : विराट कोहली

**नई दिल्ली,** 2 मार्च (एजेंसियां)। चैंपियंस ट्रॉफी में ग्रुप ए में शीर्ष पर रहने वाली टीम का निर्धारण करने के लिए दुबई में न्यूजीलैंड का सामना करने के लिए तैयार भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने अपनी दिल्ली की जड़ों के बारे में बताया और कहा कि उनका प्रोटोटाइप 'दिल्ली दा मुंडा' चीजों के प्रति तनाव मुक्त दृष्टिकोण को दर्शाता है। कोहली, जो रविवार दोपहर दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में मैदान पर उतरने के साथ अपना 300वां वनडे खेलने उतरे। पहले ही वनडे इतिहास में 51 शतक बनाने वाले एकमात्र बल्लेबाज बन गए हैं और सचिन तेंदुलकर और कुमार संगकारा के बाद इस प्रारूप में 14,000 रन बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज हैं। कोहली ने इंस्टाग्राम पर आईसीसी द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा कि मुझे नहीं पता कि मैं हमेशा एक आदर्श दिल्ली का मुंडा हूं या नहीं। दिल्ली का मुंडा होने का मतलब है कि हर चीज के प्रति तनाव-मुक्त दृष्टिकोण रखना। जीवन में नए अनुभव बहुत जगह ले गए, इसलिए मैं यह नहीं कहूंगा कि मैं हमेशा दिल्ली का लड़का हूं। कुछ पलों में, मैं हां हूं वीडियो में आगे, मुख्य कोच गौतम गंभीर, जो खुद भी 'दिल्ली के लड़के' हैं, ने कहा कि दिल्ली की भावना यह है कि खिलाड़ी के मैदान पर कदम रखते ही खेल जीतने की कोशिश करें। गंभीर ने कहा कि दिल्ली की भावना बहुत सरल है: जब भी आप क्रिकेट के मैदान पर उतरें, कोशिश करें और जीतें। जब हम दिल्ली में बड़े हो रहे थे, तो हमें यही सिखाया गया है। न्यूजीलैंड और भारत दोनों ने चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। लेकिन उन्हें यह तय करने के लिए एक-दूसरे का सामना करना होगा कि ग्रुप ए में कौन शीर्ष पर है। इससे सेमीफाइनल की स्थिति भी तय करने में मदद मिलेगी। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनलिस्ट की पुष्टि हो गई है- हालांकि वास्तविक कार्यक्रम अभी तय नहीं हुए हैं।

## मधवेंद्र शेखावत ने पुरुषों की 60 मीटर बाधा दौड़ में की राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी

**एरिजोना (अमेरिका),** 2 मार्च (एजेंसियां)। भारत के मधवेंद्र शेखावत ने बिग स्काई इनडोर ट्रैक एंड फील्ड चैंपियनशिप 2025 में पुरुषों की 60 मीटर बाधा दौड़ में राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी की।



अमेरिका के एरिजोना यूनिवर्सिटी में आयोजित बिग स्काई इनडोर ट्रैक एंड फील्ड चैंपियनशिप में 21 वर्षीय भारतीय एथलीट ने 7.64 सेकंड के समय के साथ शीर्ष पर रहते हुए बाधा दौड़ जीती। इसी के साथ उन्होंने पिछले महीने फ्रांस में तेजस शिरसे द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। मधवेंद्र ने फाइनल में जमैका के जेरोम कैंपबेल को हराकर जीत दर्ज की। इस चैपियंसशिप में जेरोम 7.65 सेकेंड के साथ दूसरे तथा अमेरिका के जाचरी विंगर 7.93 सेकेंड के साथ तीसरे स्थान पर रहे। मधवेंद्र ने शुक्रवार को हीट्स में शीर्ष स्थान हासिल किया था। उन्होंने 7.79 सेकेंड में फिनिश लाइन पार की और आठ खिलाड़ियों के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। उनका पिछला व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय 7.68 सेकेंड था, जो उन्होंने 14 फरवरी को सिएटल में दर्ज किया था।

### सार संक्षेप

#### 'अबूझमाड़ पीस हॉफ मैराथन' का चौथा सफल आयोजन

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ पीस हॉफ मैराथन-225 में रविवार को पुरुष वर्ग में उत्तर प्रदेश के अक्षय कुमार ने`1 घण्टा`2 मिनट 15 सेकंड में और महिला वर्ग में इथियोपिया की हिवेत जेब्रीवाहिद ने `1 घण्टा 13 मिनट`1 सेकेण्ड में 21 किलोमीटर की दौड़ पूरी कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। राज्य के संसदीय कार्य, वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद महेश कश्यप और धरसींवा विधायक अनुज शर्मा आज अबूझमाड़ पीस हॉफ मैराथन 225 के चौथे आयोजन में शामिल हुए। यहां बालक हायर सेकेण्डरी स्कूल के खेल मैदान में प्रातः 5.3 बजे से दौड़ लगाकर मैराथन दौड़ का शुरूआत किया गया। मैराथन दौड़ शुरू होने के पूर्व हजारों धावकों को वार्मअप कराने हेतु जुम्बा डॉस कराया गया, जिसका धावकों ने खूब आनंद लिया। मैराथन दौड़ ओरछा विकासखंड के ग्राम बासिंग में संपन्न हुई जहां विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया गया।

#### डीपीएल 224-25 को मिल सकता है नया चैम्पियन

**नई दिल्ली।** देर से ही सही डीएसए दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) 224-25 का समापन होता नजर आ रहा है। भले ही दो महीने की लीग छह महीने में समाप्त होगी, लेकिन जैसे-तैसे डीपीएल का तीसरा संस्करण पूरा होने को है। कौन विजेता बनेगा? दावा करना ठीक नहीं होगा लेकिन सीआईएसएफ प्रोटेक्टर्स, गढ़वाल हीरोज, दिल्ली एफसी और सुदेवा दिल्ली एफसी खिताबी दौड़ में आगे चल रहे हैं। सीआईएसएफ प्रोटेक्टर्स 19 मैचों में 41 अंक अर्जित करके प्रबल दावेदार बन कर उभरे हैं और यदि अपने बाकी तीनों मैच जीत जाती है तो डीपीएल को नया चैम्पियन मिल सकता है। पहले संस्करण में वाटिका एफसी और दूसरे में गढ़वाल हीरोज ने खिताब जीता था।

# विदर्भ पहली पारी में बढ़त के आधार पर बना रणजी ट्रॉफी चैम्पियन

■ गेंदबाजी में हर्ष दुबे, पार्थ रेखाड़े और दर्शन नालकांडे ने तीन-तीन विकेट चटकाए और केरल को 342 रनों पर रोका



**नागपुर,** 2 मार्च (एजेंसियां)। विदर्भ ने रविवार को जामथा के विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में फाइनल में केरल के खिलाफ पहली पारी में बढ़त लेने के आधार पर रणजी ट्रॉफी 2024-25 का खिताब अपने नाम कर लिया है। यह विदर्भ का तीसरा खिताब था और 2018-19 के बाद से पहला खिताब था जब उन्होंने लगातार जीत दर्ज की थी। विदर्भ ने अपनी दूसरी पारी में 375/9 रन बनाए थे और अंतिम दिन कुल 412 रनों की बढ़त बनायी जिसके बाद दोनों टीमों ने हाथ मिलाकर ड्रा पर सहमति जताई। विदर्भ की पहली पारी की 37 रनों की बढ़त उनके लिए निर्णायक साबित हुई, जिसके बाद दानिश मालेवार ने 153 रनों की पारी खेली, जबकि फॉर्म में चल रहे करुण नायर ने पहली पारी में 86 रनों की पारी खेली, जब टीम 24/3 पर लड़खड़ा रही थी। गेंदबाजी में हर्ष दुबे, पार्थ रेखाड़े और दर्शन नालकांडे ने तीन-तीन विकेट चटकाए और केरल को 342 रनों पर रोक दिया, जिससे विदर्भ को फाइनल में बढ़त मिल गई, जिसने अपनी पहली पारी में 379 रन बनाए। विदर्भ के दूसरे प्रयास में, पहली पारी के नायक दानिश मालेवार और करुण नायर ने वहीं से खेलना जारी रखा, जहां से उन्होंने छोड़ा था और फिर से टीम के लिए महत्वपूर्ण पारियां खेलीं। सलामी बल्लेबाज पार्थ रेखाड़े और ध्रुव शौरी के जल्दी आउट होने के बाद विदर्भ का स्कोर 7/2 था। हालांकि, मालेवार और नायर ने तीसरे विकेट के लिए 182 रनों की वापसी की साझेदारी की। मालेवार 73 रन बनाकर आउट हो गए, जबकि नायर ने इस सत्र का अपना नौवां और टूर्नामेंट के फाइनल में दूसरा शतक लगाया। नायर दो छक्कों और 10 चौकों की मदद से 135 रन बनाकर आउट हुए। मध्यक्रम के तीन विकेट जल्दी-जल्दी खोने के बावजूद दर्शन नालकांडे और अक्षय कर्णेवार ने आठवें विकेट के लिए 48 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की।

### सीनियर महिला हॉकी नेशनल्स

## दिल्ली, दमन और दीव, तेलंगाना दूसरे दिन जीतीं

**पंचकूला,** 2 मार्च (एजेंसियां)। पंचकूला के ताऊ देवी लाल हॉकी स्टेडियम में आयोजित 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दूसरे दिन तेलंगाना हॉकी और दिल्ली हॉकी ने डिवीजन बी में जीत दर्ज की, जबकि दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव हॉकी ने अपने डिवीजन सी मैच में जीत दर्ज की। डिवीजन बी के पूल ए में, तेलंगाना हॉकी ने दिन के मुकाबलों में असम हॉकी पर 3-1 की जीत के साथ अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। असम हॉकी ने कप्तान मुनमुनी दास (14%) के प्रभावशाली फील्ड गोल से पहला झटका दिया, हालांकि, तेलंगाना हॉकी ने तुरंत जवाब दिया और दूसरे क्वार्टर में ही प्रतिवा किंडो (23%), सुमी मुंदरी (26%) और पूजा राठौड़ (28%) से तीन गोल दर्ज करके मैच जीत लिया। दिन के दूसरे डिवीजन बी मैच में,



दिल्ली हॉकी ने की जीत को जारी रखते हुए पूल बी में हॉकी हिमाचल को 1-0 से हराया। नेहा (14%) ने पहले क्वार्टर में पेनल्टी कॉर्नर को सफलतापूर्वक गोल में बदला और मैच का एकमात्र गोल किया। अगले तीन क्वार्टर में दिल्ली हॉकी के मजबूत डिफेंस ने सुनिश्चित किया कि उन्होंने सभी अंक हासिल किए और अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा। डिवीजन बी में दिन का आखिरी गेम 1-1 से ड्रॉ पर समाप्त हुआ क्योंकि छत्तीसगढ़ हॉकी और हॉकी चंडीगढ़ दोनों चार क्वार्टर में अलग नहीं हो सके।

# मैकुलम ने वनडे और टी-2 की कप्तानी अलग-अलग करने के संकेत दिए

■ जोस बटलर ने चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 से इंग्लैंड के ग्रुप चरण में जल्दी बाहर होने के बाद कप्तानी से इस्तीफा देने का कठिन फैसला किया



**कराची,** 2 मार्च (एजेंसियां)। इंग्लैंड को चैंपियंस ट्रॉफी में अपने निराशाजनक प्रदर्शन के बाद अब नेतृत्व के बारे में अहम फैसला करना होगा, क्योंकि मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने कप्तानी के मुद्दों पर बात करते हुए संकेत दिया कि इंग्लैंड कई कप्तानों को चुन सकता है या वनडे और टी20 दोनों टीमों की कप्तानी संभालने के लिए एक खिलाड़ी की पहचान कर सकता है।

जोस बटलर ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से इंग्लैंड के ग्रुप चरण में जल्दी बाहर होने के बाद कप्तानी से इस्तीफा देने का कठिन फैसला किया। अभियान का उनका अंतिम मैच शनिवार को दक्षिण अफ्रीका के हाथों भारी हार के साथ समाप्त हुआ। बटलर के इस्तीफे के बाद मैकुलम और इंग्लैंड के लिए यह महत्वपूर्ण निर्णय लेना बाकी है कि टीम की कमान कौन संभालेगा। मई 2011 से लेकर अब तक, जब से एंड्रयू स्ट्रॉस, एलिस्टेयर कुक और स्टुअर्ट ब्रॉड ने टेस्ट, वनडे और टी20 टीमों का नेतृत्व किया है, तब से इंग्लैंड में तीन अलग-अलग कप्तान नहीं रहे हैं। मैकुलम ने संवाददाताओं से कहा कि हम अगले कुछ हफ्तों में इस पर काम करेंगे। हम सुनिश्चित करेंगे कि हमें इस बात की अच्छी जानकारी हो कि संरचना कैसी दिखती है, चीजें कैसे रखी जाती हैं और प्रत्येक टीम को क्या चाहिए।

### मुझे पूरा यकीन है कि आर्चर टेस्ट क्रिकेट खेलने के इच्छुक हैं: मैकुलम

कराची। इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने कहा कि तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर आगामी सत्र में देश के लिए टेस्ट क्रिकेट खेलने के इच्छुक हैं। 29 वर्षीय खिलाड़ी 221 में अपने आखिरी टेस्ट मैच के बाद से अपनी कोहनी में बार-बार होने वाले तनाव फ्रैक्चर और पीठ के तनाव फ्रैक्चर से जूझ रहे हैं। 219 एशेज में पदार्पण करने के बाद से 42 टेस्ट विकेट लेने के बाद, उन्होंने मार्च 223 में बांग्लादेश के खिलाफ इंग्लैंड की एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की, लेकिन कोहनी में तकलीफ का अनुभव किया, जिससे वे मई 224 तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर हो गए। मैकुलम ने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हम हमेशा जोफ के साथ सही व्यवहार करें और इसमें शामिल जोखिमों को समझें, लेकिन मुझे पूरा यकीन है कि वह टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए काफी उत्सुक हैं। अगर आप उसे तेज गेंदबाजों की उस टीम में शामिल कर सकते हैं जिसे आप बनाने की कोशिश कर रहे हैं, तो इससे टीम और मजबूत होगी। कुल मिलाकर, मैं यह देखकर बहुत खुश हूं कि जॉफ किस स्थिति में है और उसे इस समय चोट से मुक्त होकर खेलते हुए देखना बहुत अच्छा है।

# जमशेदपुर एफसी ने ड्रॉ से केरला ब्लास्टर्स एफसी की प्लेऑफ उम्मीदें खत्म की

**कोच्चि,** 2 मार्च (एजेंसियां)। केरला ब्लास्टर्स एफसी की इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 के प्लेऑफ में प्रवेश की बची-खुची उम्मीदें खत्म हो गई हैं, मेजबान टीम यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले गए आईएसएल 2024-25 मुकाबले में अपनी बढ़त गंवाकर जमशेदपुर एफसी के साथ 1-1 से ड्रा खेलने के लिए मजबूर हुई। ब्लास्टर्स की तरफ से राइट-विंगर कोरू सिंह ने 35वें मिनट में गोल किया जबकि जमशेदपुर एफसी के लिए 86वें मिनट में ब्लास्टर्स के मोंटेनेग्रिन सेंटर-बैक मिलोस ड्रिनसिक ने आत्मघाती गोल किया। राइट-विंगर कोरू सिंह को गोल करने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। आज, ब्लास्टर्स की ड्रा से प्लेऑफ उम्मीदें टूटने से अंतरिम मुख्य कोच टीजी पुरुषोत्तमन जरूर निराश होंगे। केरला ब्लास्टर्स एफसी 22 मैचों में सात जीत, चार ड्रा और 11 हार से 25 अंक लेकर तालिका में नौवें स्थान पर बनी हुई है।



■ केरला ब्लास्टर्स एफसी 22 मैचों में सात जीत, चार ड्रॉ और 11 हार से 25 अंक लेकर तालिका में नौवें स्थान पर बनी हुई है

# [अर्थ जगत]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बंधन बैंक | 3.14 प्रतिशत |
| एयू स्मॉल फाइनेंस | 1.62 प्रतिशत |
| कोल इंडिया | 1.51 प्रतिशत |
| अलकेम लैब | 0.73 प्रतिशत |
| एपीएल अपोलो | 0.05 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एबीबी इंडिया | 4.60 प्रतिशत |
| अडानी टोटल गैस | 4.07 प्रतिशत |
| अडानी एनर्जी | 1.63 प्रतिशत |
| एबी कैपिटल | 0.85 प्रतिशत |
| आदित्य बिड़ला फाइनें | 0.06 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 8,684 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 97,000 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 87. 21 | 87.00 |
| पौंड स्टर्लिंग | 106.21 | 106.45 |
| यूरो | 88.45 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4280-4380 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4250-4350 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6100-6200 |
| दाल चना | 7100-7200 |
| मसूर काली | 7300-7400 |
| उड़द दाल | 8900-9000 |
| मूंग दाल | 9300-9300 |
| अरहर दाल | 7650-7750 |

# एआई युग में भारत रहेगा सबसे आगे : गोयल

■ **भारत की आर्थिक राजधानी में टेक हब बनने के लिए सभी जरूरी तत्व मौजूद**

**मुंबई,** 2 मार्च (एजेंसियां)। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि मोदी सरकार की दमदार नीतियों के कारण उद्यमियों और इनोवेटर्स को नई डिजिटल लहर का लाभ उठाने में मदद मिलेगी, जिससे भारत एआई युग में सबसे आगे रहेगा।

मुंबई टेक वीक 2025 में अपनी बातचीत में केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर, पूंजी और कौशल उपलब्धता में किए जा रहे निवेश के साथ मुंबई भारत का टेक हब बन सकता है। उन्होंने कहा कि भारत की आर्थिक राजधानी में एक प्रमुख टेक हब बनने के लिए सभी जरूरी तत्व मौजूद हैं।

केंद्रीय मंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया कि मुंबई टेक वीक 2025 में शानदार बातचीत हुई, जहां मुझे एआई को अपनाने और इसके नैतिक उपयोग में योगदान देने में भारत के लाभ के बारे में विस्तार से बोलने का मौका मिला। भारत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को अपनाने में लीडरशिप पोजीशन स्थापित कर रहा है। देश ने 2024 में 3 बिलियन एआई- रिलेटेड-ऐप डाउनलोड दर्ज किए, जो अमेरिका के 1.5 बिलियन और चीन के 1.3 बिलियन की संख्या से कहीं आगे था। माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्य नडेला के अनुसार, यह दर्शाता है कि भारत यूज केस कैपिटल ऑफ एआई है, जिसका अर्थ है कि देश केवल एआई के बारे में केवल बात ही नहीं कर रहा है या एआई में केवल



रिसर्च ही नहीं कर रहा है, यह असल में इसे बड़े पैमाने पर लागू भी कर रहा है। पिछले महीने पेरिस में एआई एक्शन समिट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बारे में

**भारत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को अपनाने में लीडरशिप पोजीशन स्थापित कर रहा है : पीयूष गोयल, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री**

बात की कि कैसे एआई केवल एक राष्ट्रीय मुद्दा नहीं बल्कि एक वैश्विक जिम्मेदारी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि एक ऐसा एआई होना बहुत जरूरी है जो नैतिक, इंक्लूसिव और भरोसेमंद हो। पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया एआई युग की शुरुआत में थी, जहां यह टेक्नोलॉजी तेजी से मानवता के लिए कोड लिख रही थी और हमारी राजनीति, अर्थव्यवस्था, सुरक्षा और समाज को नया आकार दे रही थी।

## गोयल ने कहा एफआईआई नहीं, घरेलू निवेशक तय करेंगे भारत का भविष्य

**मुंबई।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने हाल ही में कहा कि भारत का भविष्य विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) नहीं, बल्कि घरेलू निवेशक तय करेंगे। उन्होंने इंडस्ट्री से छोटे निवेशकों के हितों की सुरक्षा करने और बाजार में उतार-चढ़ाव को कम करने का आग्रह किया। केंद्रीय मंत्री गोयल ने जोर देकर कहा कि म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री में प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियां (एयूएम) करीब 70 लाख करोड़ रुपए हैं और जल्द ही 100 लाख करोड़ रुपए हो जाएंगी, जो बाजार पर हावी होंगी। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) समिट 2025 में अपने संबोधन के दौरान गोयल ने कहा कि म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री ने वित्तीय साक्षरता को प्रोत्साहित किया है और उद्योग और निवेशकों तक नए वित्तीय विचारों को पहुंचाकर भारत की विकास गाथा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

केंद्रीय मंत्री ने कोविड के बाद एफआईआई द्वारा पैदा की गई कमी को पूरा करने के लिए घरेलू निवेशकों की सराहना की। केंद्रीय मंत्री गोयल ने उपस्थित लोगों से कहा कि घरेलू निवेशकों के साथ-साथ एसआईपी जैसे निवेश के तरीकों ने बाजार को सहारा दिया। उन्होंने देश के हर हिस्से में वित्तीय जागरूकता और वित्तीय उत्पादों को फैलाने में मदद की। बड़े पैमाने पर फंड का प्रवाह और निवेशकों के बीच आकर्षक शेयरों को खोने का डर राइटसाइजिंग के दौरान निवेशकों के बीच संकट लेकर आया। गोयल ने कहा कि बाजार की एकतरफा राह पर चलने की कभी न खत्म होने वाली क्षमता के बारे में बहुत सारी गलत सूचनाएं जारी हुई हैं।

# कोयला खदान नीलामी पर गांधीनगर में होगा तीसरा रोड शो

**नई दिल्ली,** 2 मार्च (एजेंसियां)। वाणिज्यिक कोयला खनन को बढ़ावा देने और निजी निवेश को आकर्षित करने के लिए केंद्रीय कोयला मंत्रालय कोयला क्षेत्र में आगामी नीलामी और निवेश के अवसरों पर सोमवार को गुजरात के गांधीनगर में रोड शो आयोजित कर रहा है। रविवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारत के कोयला खनन में निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ाने के लिए उद्योग के हितधारकों, संभावित निवेशकों और नीति निर्माताओं को एक साथ लाना है।

केंद्रीय कोयला और खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे इस अवसर पर मुख्य अतिथि होंगे। उनके साथ मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव रूपिंदर बरार और अन्य वरिष्ठ अधिकारी नीलामी प्रक्रिया, निवेश परिदृश्य और क्षेत्र में विकास को बढ़ावा देने वाली सरकार की पहल के बारे में जानकारी देंगे।

कोयला मंत्रालय वाणिज्यिक कोयला खनन को बढ़ावा देने के लिए रोड शो की एक सीरीज के जरिए हितधारकों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ रहा है। गांधीनगर रोड शो आगामी 12वें राउंड की वाणिज्यिक कोयला खदान




■ **नीलामी मार्च के दूसरे सप्ताह में शुरू होने की उम्मीद**

नीलामी से पहले हो रहा है। नीलामी मार्च के दूसरे सप्ताह में शुरू होने की उम्मीद है। यह आयोजन घरेलू कोयला उत्पादन को बढ़ाने और ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को और मजबूत करने के लिए कोलकाता और मुंबई में पहले आयोजित सफल रोड शो के बाद हो रहा है। यह रोड शो कोयला उत्पादन को बढ़ावा देने, दक्षता बढ़ाने, नीतिगत समर्थन प्रदान करने और क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए सरकार की पहलों को उजागर करने के लिए एक मंच प्रदान करता है।

प्रतिभागियों को कोयला ब्लॉकों की उपलब्धता, निवेश के अवसरों और भारत के कोयला उद्योग में व्यापार करने में आसानी के बारे में जानकारी मिलेगी।

# फेमा उल्लंघन के मामले सुलझा लिए जाएंगे : पेटीएम

**नई दिल्ली,** 2 मार्च (एजेंसियां)। डिजिटल भुगतान और वित्तीय सेवा क्षेत्र की अग्रणी कंपनी पेटीएम ने कहा कि दो अधिगृहित सब्सिडियरी, लिटिल इंटरनेट प्राइवेट लिमिटेड (एलआईपीएल) और नियरबाय इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एनआईपीएल), से जुड़े कथित फेमा आरोपों के मामलों को सुलझाने का प्रयास करेगी।

कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि ये कथित उल्लंघन इन सब्सिडियर कंपनियों द्वारा पेटीएम का हिस्सा बनने से पहले किए गए लेन-देन से जुड़े हैं। पेटीएम को 28 फरवरी 2025 को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से मिले कारण बताओ नोटिस (एससीएन) के




बाद ये मामले ज्यादा उछले हैं। ईडी ने 2015 और 2019 के बीच के लेन-देन के लिए विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 (फेमा) के तहत कथित उल्लंघनों के लिए नोटिस भेजा है। पेटीएम ने कहा कि वह कानूनी सलाह ले रही है और उपलब्ध नियामक प्रक्रियाओं के माध्यम से उचित उपायों का मूल्यांकन कर रही है। कंपनी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कथित उल्लंघनों का एक हिस्सा लिटिल और नियरबाय में उसके निवेश से पहले की अवधि से संबंधित है।

# भारत का विकास हो रहा संतुलित : रिपोर्ट

**नई दिल्ली,** 2 मार्च (एजेंसियां)। क्रिसिल की एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2025 में जीडीपी में निजी खपत की हिस्सेदारी बढ़ने से भारत की वृद्धि अधिक संतुलित हो रही है, जो कि देश के लिए एक अच्छी खबर है। दूसरे एडवांस अनुमानों में 10 आधार अंकों (बीपीएस) के मामूली संशोधन के साथ वृद्धि दर को 6.5 प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे इस वित्त वर्ष में अपेक्षित वास्तविक जीडीपी वृद्धि महामारी से पहले के दशक में देखी गई 6.6 प्रतिशत के औसत के करीब पहुंच गई है।

क्रिसिल के मुख्य अर्थशास्त्री धर्मकीर्ति जोशी ने कहा कि यह पिछले वर्ष की वृद्धि में 100 बीपीएस के तेज ऊपर की ओर रिविजन से बढ़कर 9.2 प्रतिशत हो गई है। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि अगले वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि 6.5 प्रतिशत रहेगी, जिसे




■ **जीडीपी में निजी खपत की हिस्सेदारी बढ़ी**

सामान्य मानसून, कम खाद्य मुद्रास्फीति और इस महीने की शुरुआत में शुरू हुए वर्तमान साइकल में 75-100 आधार अंकों की दर कटौती का सपोर्ट मिलेगा। जैसा कि अनुमान था, वित्त वर्ष 2024 में सार्वजनिक और घरेलू निवेश सबसे तेजी से बढ़ने वाले निवेश घटक थे। कॉर्पोरेट द्वारा प्राप्त वित्तीय लचीलापन और लो-लीवरेज अभी भी बेहतर निवेश में नहीं बदला है।

मौजूदा टैरिफ युद्ध और चीन से डंपिंग के डर ने कॉर्पोरेट क्षेत्र को निवेश को लेकर सतर्क कर दिया है।

जोशी ने कहा कि टैरिफ एक्शन से होने वाले जोखिमों की जटिलता – जो पहले ही शुरू हो चुकी है, समय के साथ विकसित हो रही है और हमारे पूर्वानुमानों के लिए डाउनसाइड बायस की स्थिति पैदा करती है। आने वाले महीनों में इस तरह के और उपायों के लागू होने की संभावना भी बनी हुई है।

वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में संशोधित आंकड़े 5.6 प्रतिशत से बढ़कर 2024-25 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में जीडीपी वृद्धि दर 6.2 प्रतिशत हो गई।

वित्त वर्ष 2024-25 के लिए विकास दर अब 6.5 प्रतिशत अनुमानित है, जबकि 2023-24 के लिए आर्थिक विकास दर को संशोधित कर 12 साल के उच्चतम स्तर 8.2 प्रतिशत कर दिया गया है।

## सार संक्षेप

### विदेशी मुद्रा भंडार उछलकर 64.5 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकारी (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि में जबरदस्त बढ़ोतरी होने की बदौलत 21 फरवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.8 प्रतिशत के इजाफे के साथ 64.5 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार तीन सप्ताह बाद 2.54 अरब डॉलर लुढ़ककर 635.7 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार 21 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.3 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 543.8 अरब डॉलर पर पहुंच गई। इस अवधि में स्वर्ण भंडार 42.6 करोड़ डॉलर के इजाफे के साथ 74.6 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह आलोच्य सप्ताह एसडीआर 7.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 17.9 अरब डॉलर हो गया। इस अवधि में आईएमएफ के पास आरक्षित निधि 7 लाख डॉलर की तेजी के साथ 4.1 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

### मीर कमोडिटीज ने आईपीओ के लिए दाखिल किया आवेदन

**मुंबई।** कृषि आधारित कमोडिटीज के कारोबार में लगी कंपनी मीर कमोडिटीज इंडिया लिमिटेड ने प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से धन जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल किया है। कंपनी अभी बी2बी कृषि आधारित कमोडिटीज के घरेलू और निर्यात व्यापार में लगी हुई है, जिसका मुख्य कारोबार चीनी, खांडसारी और चीनी से जुड़े उत्पाद हैं। 1 रुपए के अंकित मूल्य वाला यह आईपीओ 52.94 लाख तक के नए शेयरों के निर्गम और कंपनी के प्रवर्तक राहिल इरफान इकबाल शेख द्वारा 35.29 लाख इक्विटी शेयरों की बिक्री की पेशकश का मिश्रण है। कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए नए निर्गम से 48.75 करोड़ रुपए जुटाने की योजना है।

### भारत का प्रिवेंटिव हेल्थकेयर मार्केट हुआ दोगुना : कामथ

**नई दिल्ली।** जीरोधा के सह-संस्थापक निखिल कामथ के अनुसार भारत का प्रिवेंटिव हेल्थकेयर मार्केट पिछले चार वर्षों में दोगुना हो गया है, जिसमें अकेले वेलनेस और फिटनेस का योगदान 98 बिलियन डॉलर है और कुल बाजार आकार का 51 प्रतिशत है। प्रिवेंटिव हेल्थकेयर के पास भी पैसा बनाने का एक बड़ा अवसर है, क्योंकि बाजार का अनुमानित आकार 225 तक 197 बिलियन डॉलर यानी करीब 8 लाख करोड़ रुपए है। कामथ ने पोस्ट किया पिछले दशक में स्वास्थ्य से जुड़ी हर चीज बहुत जल्दी लगती थी। यह स्थिति अब बदल रही है और शहरी भारत में हेल्थ और लंबी आयु मेनस्ट्रीम बन रहे हैं। पोस्ट में साझा किए गए डेटा के अनुसार, कोविड महामारी के समय से लाइव फिटनेस कंटेंट की खपत में 1,3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

# टैरिफ से तनाव बढ़ने का बाजार पर रहेगा असर

**मुंबई,** 2 मार्च (एजेंसियां)। वैश्विक व्यापार तनाव बढ़ने से जोखिमपूर्ण परिसंपत्तियों में निवेशकों का भरोसा डगमगाने से हुई बिकवाली से बीते सप्ताह करीब तीन प्रतिशत का भूचाल देख चुके घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मैक्सिकन और कनाडाई वस्तुओं पर 25 प्रतिशत का प्रस्तावित टैरिफ 4 मार्च से प्रभावी होने की घोषणा और स्थानीय स्तर पर फरवरी की वाहन बिक्री के आंकड़ों का असर रहेगा।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 2112.96 अंक अर्थात 2.81 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिवस को 73198.10 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 671.2 अंक यानी 2.94 प्रतिशत की भारी गिरावट के साथ 22124.70 अंक पर बंद हुआ।

समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों के मुकाबले मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में अधिक बिकवाली हुई। इससे मिडकैप 1782 अंक अर्थात 4.41 प्रतिशत कमजोर रहकर सप्ताहांत पर 38592.02 अंक और स्मॉलकैप 2773.1 अंक यानी 6.05 प्रतिशत लुढ़ककर 43082.90 अंक पर आ गया।

विश्लेषकों के अनुसार, वैश्विक व्यापार तनाव बढ़ने से जोखिमपूर्ण परिसंपत्तियों में निवेशकों का भरोसा डगमगाने से बाजार में बीते सप्ताह भूचाल आ गया। इसका असर अगले सप्ताह भी बने रहने की आशंका है।

श्री ट्रंप ने गुरुवार को घोषणा की है कि मैक्सिकन

-साप्ताहिक समीक्षा-



■ **सेंसेक्स 2.81 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताहांत पर 73198.10 अंक पर**

■ **निफ्टी 2.94 प्रतिशत की भारी गिरावट के साथ 22124.70 अंक पर बंद**

और कनाडाई वस्तुओं पर 25 प्रतिशत का प्रस्तावित टैरिफ 04 मार्च से प्रभावी होगा। साथ ही चीनी आयात पर अतिरिक्त 10 प्रतिशत शुल्क भी लागू किया जाएगा। यह निर्णय शुल्क में देरी होने की उम्मीद कर रहे निवेशकों की उम्मीदों के विपरीत है। इससे अगले सप्ताह पर बाजार पर दबाव रहने की संभावना है।

साथ ही स्थानीय स्तर पर अगले सप्ताह फरवरी 2025 में वाहनों की हुई बिक्री का आंकड़ा जारी होगा, जिसका बाजार की चाल निर्धारित करने में अहम भूमिका होगा। इस बार के केंद्रीय बजट में ऑटोमोबइल क्षेत्र को समर्थन देने के लिए किए गए उपायों की बदौलत उम्मीद की जा रही है कि वाहनों की बिक्री के आंकड़े मजबूत रहेंगे। इनके अलावा विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के रुख पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। इस वर्ष फरवरी के अंतिम दो दिन 27 और 28 फरवरी को एफआईआई ने बाजार से कुल 12195.58 करोड़ रुपए निकाल लिए। हालांकि इस अवधि में घरेलू निवेशकों (डीआईआई) ने बाजार में 14035.74 करोड़ रुपए की शुद्ध लिवाली की है।

बीते सप्ताह बुधवार को महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर अवकाश रहने से बाजार में चार दिन ही कारोबार हुआ। कमजोर उपभोक्ता मांग और अमेरिका के टैरिफ खतरे से चिंतित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा भारी बिकवाली से सोमवार को सेंसेक्स 856.65 अंक का गोता लगाकर 74,454.41 अंक और निफ्टी 247.05 अंक की गिरावट लेकर 22,548.85 अंक पर बंद हुआ। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, जोमैटो, मारुति, आईसीआईसीआई बैंक और इंफोसिस समेत 17 कंपनियों में हुई लिवाली की बदौलत मंगलवार को सेंसेक्स में तेजी लौट आई वहीं बिकवाली के दबाव में निफ्टी मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स 147.71 अंक की तेजी लेकर 74,602.12 अंक जबकि निफ्टी 5.80 अंक फिसलकर 22,547.55 अंक पर आ गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की यूरोपीय संघ से आयात पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने की धमकी के बावजूद एनवीडिया के अपेक्षित परिणामों से विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर हुई बिकवाली से गुरुवार को सेंसेक्स 10.31 अंक की मामूली बढ़त से सपाट रहा।

# नए सेबी चेयरमैन ने पूंजी बाजार नियामक के लिए दिए मंत्र

**मुंबई,** 2 मार्च (एजेंसियां)। नए सेबी प्रमुख तुहिन कांत पांडे ने पूंजी बाजार नियामक की निरंतर दक्षता सुनिश्चित करने के लिए चार मंत्र – विश्वास, ट्रांसपेरेंसी, टीमवर्क और टेक्नोलॉजी बताए हैं। यहां बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में सेबी मुख्यालय का कार्यभार संभालने के बाद पांडे ने कहा कि सेबी एक बहुत मजबूत बाजार संस्था है। इसे कई वर्षों से लगातार नेतृत्व के साथ बनाया गया है और यह भविष्य में भी इसी तरह आगे बढ़ेगा। पांडे ने पत्रकारों से कहा कि हम विश्वास, ट्रांसपेरेंसी, टीमवर्क और टेक्नोलॉजी के लिए काम करते हैं। हम दुनिया की सबसे अच्छी बाजार संस्थाओं में से एक बनाना जारी रखेंगे।



विश्वास को सबसे महत्वपूर्ण बताते हुए पांडे ने कहा कि सेबी भारत की जनता, संसद, सरकार, निवेशकों और उद्योग हितधारकों का विश्वास बनाए रखता है। 1987 बैच के आईएएस अधिकारी पांडे देश की आर्थिक नीति और वित्तीय प्रशासन को संभालने में समृद्ध अनुभव लेकर आए हैं। उन्होंने अभी वित्त सचिव और राजस्व विभाग के सचिव के रूप में अपना कार्यकाल पूरा किया है। इस दौरान उन्होंने केंद्रीय बजट बनाने और वैश्विक स्तर पर सबसे अच्छे तरीकों पर आधारित नए आयकर विधेयक का मसौदा तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। नए विधेयक ने आयकर अधिनियम, 1961 की भाषा और संरचना को सरल बना दिया है। उन्होंने सरकार में कई महत्वपूर्ण पदों पर काम किया था, जिनमें निवेश और लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग (डीआईपीएएम) के सचिव और लोक उद्यम विभाग (डीपीई) के सचिव जैसे पद शामिल थे। पांडे डीआईपीएएम में सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले सचिवों में से एक हैं, जो सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में सरकार की हिस्सेदारी के प्रबंधन के लिए जिम्मेदार है।

# खाद्य तेलों में उबाल, दालों में मिला-जुला रुख व अन्य जिंसों के भाव स्थिर

**नई दिल्ली**, 2 मार्च (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में भारी गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर मांग में तेजी रहने की बदौलत बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल उबल गए जबकि दालों में मिलाजुला रुख रहा वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे। **तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा सप्ताहांत पर 118 रिंगिट लुढ़ककर 4731 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.57 सेंट की गिरावट लेकर 45.46 सेंट प्रति पौंड बोला गया।



इस दौरान खाद्य तेलों में उबाल रहा। सरसों तेल 365 रुपए, सूरजमुखी तेल 219 रुपए, सोया रिफाइंड 294 रुपए, पाम ऑयल 366 रुपए और वनस्पति तेल 292 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हो गया। वहीं, मूंगफली तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। सप्ताहांत पर सरसों तेल 16116 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 18462 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 16703 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 15751 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 13553 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 16336 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा।

**दाल-दलहन :** बीते सप्ताह दाल-दलहन बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चना 50 रुपए, दाल चना 50 रुपए और मूंग दाल 100 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती जबकि अरहर दाल 100 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गई। वहीं, मसूर दाल और उड़द दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

सप्ताहांत पर चना 5950-6050, दाल चना 6950-7050, मसूर काली 7350-7450, मूंग दाल 9300-9400, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 7850-7950 रुपए प्रति क्विंटल रही। **अनाज :** अनाज मंडी में टिकाव रहा।

# म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री ने 16 वर्षों में एयूएम में भारी वृद्धि दर्ज की : रिपोर्ट

■ **इंडस्ट्री ने डिजिटल लेनदेन में वृद्धि दर्ज की**

**नई दिल्ली,** 2 मार्च (एजेंसियां)। म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री ने प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियों (एयूएम) में शानदार वृद्धि दर्ज की है, जो मई 2008 में 5.89 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर मार्च 2024 में 53.4 लाख करोड़ रुपए तक हो गई। एक लेटेस्ट रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) और क्रिसिल की रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय घरेलू बचत में म्यूचुअल फंड की हिस्सेदारी में लगातार वृद्धि दर्ज की गई है, जो कि वित्त वर्ष 2021 में 7.6 प्रतिशत से वित्त वर्ष 2023 में 8.4 प्रतिशत तक हो गई है। यह वृद्धि इंडस्ट्री की बढ़ती महत्ता और निवेशकों द्वारा इसमें रखे गए विश्वास का प्रमाण है।




म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री ने भारतीय परिवारों और निवेशकों को देश की विकास कहानी का हिस्सा बनने के लिए सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिससे वेल्थ क्रिएशन और फाइनेंशियल इंक्लूजन के लिए एक मंच उपलब्ध हुआ है। शेयर बाजार में जारी अस्थिरता के बावजूद जनवरी में सभी ओपन-एंडेड स्कीम के लिए एयूएम 0.49 प्रतिशत की मामूली वृद्धि के साथ 66.98 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया।

**सेबी ने विश्वसनीय निवेश साधनों के रूप में म्यूचुअल फंड की विश्वसनीयता को मजबूत किया है : नवनीत मुनोत**

एएमएफआई की रिपोर्ट के अनुसार, म्यूचुअल फंड ने निवेशकों के लिए मामूली निवेश के साथ भी अनुभवी पेशेवरों द्वारा मैनेज किए जाने वाले डायवर्सिफाइड पोर्टफोलियो से लाभ उठाना संभव बना दिया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि इंडस्ट्री ने डिजिटल लेनदेन में शानदार वृद्धि देखी है, वित्त वर्ष 2024 में सभी म्यूचुअल फंड खरीद का लगभग 90 प्रतिशत डिजिटल चैनलों के माध्यम से किया गया है। नियामक, सेबी ने म्यूचुअल फंड लैंडस्केप की इंटीग्रिटी और स्टेबिलिटी को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## मुख्य मंत्री और वित्त मंत्री से अपील

# बजट में बिलासा एयरपोर्ट को 4सी एयरपोर्ट में बदलने 300 करोड़ की घोषणा की जाए

## 100 करोड़ की राशि इस वित्तीय वर्ष में जारी हो




### हवाई सेवा जन संघर्ष समिति ने मुख्यमंत्री से किया अनुरोध

### छत्तीसगढ़ राज्य में बिलासपुर अंबिकापुर जगदलपुर एयरपोर्ट विकास के लिए एक स्वतंत्र कंपनी का गठन भी किया जाए

**बिलासपुर,** 2 मार्च (देशबन्धु)। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने आगामी बजट के मद्देनजर राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और राज्य के वित्त मंत्री ओपी चौधरी से अपील करते हुए कहा कि बिलासा बाई केवट एयरपोर्ट को 4सी एयरपोर्ट में विकसित करने के लिए 300 करोड़ रुपए की आवश्यक राशि की घोषणा इस बजट में की जाए और कम से कम 100 करोड रुपए की राशि इस व्यक्ति वर्ष में जारी की जाए।

गौर तलब है कि राज्य शासन पहले ही इस बात का सैद्धांतिक निर्णय ले चुका है कि बिलासा बाई केवट एयरपोर्ट बिलासपुर को शीघ्र ही 4 सी एयरपोर्ट में उन्नत किया जाएगा। जिससे कि बिलासा बाई केवट एयरपोर्ट पर एयरबस और बोइंग जैसे बड़े विमान उतर सके। वर्तमान में 135000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल वाले छत्तीसगढ़ राज्य में केवल एक एयरपोर्ट रायपुर ही ऐसा है जहां बड़े विमान उतर सकते हैं। रायपुर एयरपोर्ट पर कोई समस्या आ जाने पर फ्लाइट झारसुगुड़ा या नागपुर डाइवर्ट की जाती है।

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति दे यह भी अपील की कि राज्य में स्थित बिलासपुर अंबिकापुर और जगदलपुर एयरपोर्ट के विकास के लिए एक पृथक छत्तीसगढ़ राज्य एयरपोर्ट डेवलपमेंट कंपनी का गठन किया जाए जैसा कि महाराष्ट्र मध्य प्रदेश जैसे कई राज्य कर चुके हैं। समिति ने कहा कि एयरपोर्ट का निर्माण और संचालन कोई रॉकेट साइंस नहीं है और हर एयरपोर्ट को डीजीसीए और ऐ आई आई के नॉर्म्स पालन करके ही एयरपोर्ट का निर्माण और संचालन करना पड़ता है और ऐसा कई निजी कंपनियां भी कर रही है। महाराष्ट्र की कंपनी के द्वारा शिर्डी का अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट भी संचालित किया जा रहा है। ऐसी कंपनी जो सीधे विमानन विभाग के अधीन हो और जिस व्यक्ति एवं प्रशासनिक अधिकार हो तो वह अधिक सुचारू रूप से शीघ्रता से गुणवत्ता का काम एयरपोर्ट विकास में कर सकती है। अभी विमानन विभाग, पी डब्लू डी, वित्त और एयरपोर्ट प्रबंधन चार विभागों के बीच एयरपोर्ट का एक-एक कार्य मंजूर और क्रियान्वित होता है। इसमें समय अधिक लगता है। यह समय कंपनी बनाकर कब किया जा सकता है। कंपनी में गुणवत्तापूर्ण अधिकारियों की नियुक्ति और कुछ विभागों से डेपुटेशन देकर यह सुचारू रूप से संचालित होगी। हवाई सुविधा जनसंघर्ष समिति का महाधरना आज भी जारी रहा। धरने में रवि बनर्जी, अनिल गुलहरे रामशरण यादव, केशव गोरख, हर प्रसाद केवट ,बद्री प्रसाद केवट ,देवेंद्र सिंह ठाकुर, अमर बजाज ,संतोष पीपलवा ,नवीन तिवारी ,चंद्र प्रकाश जायसवाल, यतीश गोयल, मोहन जायसवाल , साबर अली, विनय शुक्ला, राजू वर्मा, मोहसिन अली, अखिल अली और सुदीप श्रीवास्तव शामिल थे।

## जमीन विवाद में खूनी संघर्ष

# हमलावर ने धारदार हथियार से युवक की कर दी हत्या



**बिलासपुर,** 2 मार्च (देशबन्धु)। जिले के उड़गन गांव में जमीन विवाद के चलते एक युवक की हत्या कर दी गई। घटना का वीडियो सामने आया है, जिसमें हमलावर युवक पर धारदार हथियार से हमला करते नजर आ रहा है। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है। यह घटना बिल्हा थाना क्षेत्र की है।

घटना की जानकारी मिलते ही बिल्हा पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस वीडियो की भी जांच कर रही है, ताकि हत्यारों को जल्द गिरफ्तार किया जा सके। अभी आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर है।

### चार बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

दिनदहाड़े हुई इस जघन्य हत्या के बाद गांव में दहशत का माहौल है, वहीं मृतक के परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। खेमाराम के चार छोटे बच्चे हैं, जिनके सिर से पिता का साया उठ गया।

# यादव एकता समिति का परिचय सम्मेलन 340 युवक -युवती ने कराया पंजीयन



### इस बार भी 320 शादियां कराने का फिर से लिया गया संकल्प

**बिलासपुर,** 2 मार्च (देशबन्धु)। शहर में रविवार को स्व. लखीराम आडिटोरियम में यादव एकता समिति द्वारा राज्य स्तरीय परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह समिति का पांचवां वर्ष था। यादव युवक-युवती परिचय सम्मेलन में कुल 340 पंजीकरण हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अमर अग्रवाल, बिलासपुर नगर विधायक, सरोज पाण्डेय राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राम कुमार यादव, चंद्रपुर विधायक, और भुनेश्वर यादव उपस्थित रहे।कार्यक्रम के संयोजक, संभाग अध्यक्ष शंकर यादव ने वैवाहिक ग्रुप यादव एकता समिति बिलासपुर द्वारा 320 शादियाँ कराने का संकल्प लिया। इस आयोजन में विशिष्ट अतिथियों के रूप में शैलेन्द्र यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष, विष्णु यादव, पार्षद, संजय यादव, पार्षद, प्रकाश यादव, सुनील यादव, रामजी यादव, देव यादव, मुनू राम यादव, श्रीमति विनीता रामशरण यादव, पूर्व पार्षद प्रियंका उत्तम यादव, संजय यादव, यशोदा यादव, शरद यादव, जयश्री यादव, प्रभा यादव, निशि दुर्गा यादव, नंदकिशोर यादव, राजेश्वरी यादव, अहिल्या यादव, सतीश यादव, शुभम यादव, मंजू यादव, रेखा यादव, शरद यादव, जीतू यादव, लक्ष्मीनाराय यादव, गोपाल यादव, अमित यादव, और समस्त यादव एकता समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

संस्था के अध्यक्ष शंकर यादव ने कहा कि आज के व्यस्त समय में अभिभावकों को अपने विवाह योग्य बेटे-बेटी के रिश्ते तलाशने में कठिनाई हो रही है। परिचय सम्मेलन एक ऐसा मंच है जो दो परिवारों को आपस में मिलाता है। परिचय सम्मेलन अब हर समाज की आवश्यकता बनते जा रहे हैं। सभी समाजों ने यह परंपरा शुरू कर दी है। सम्मेलन में 340 प्रत्याशियों के पंजीकरण हुए। जिसमें 320 शादियाँ कराने का संकल्प फिर से लिया गया।

### अब बदलते युग में परिस्थितियों में भी बदलाव हो रहा है-अमर अग्रवाल

पूर्व मंत्री ,विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि आज के समय में समाज की एक महती आवश्यकता बनते जा रहे हैं। ऐसे परिचय सम्मेलन में वर-वधू का चयन आसान तरीके से हो जाता है। अब बदलते युग में परिस्थितियों में भी बदलाव हो रहा है और लड़के-लड़कियां भी अब सुयोग्य जीवन साथी चाहते हैं, ताकि उनका जीवन उनके अनुरूप हो। इस आयोजन में ऐसे रिश्ते बनें जो आगे भी उन्हें निभा सकें। विवाह सम्मेलन एक ईश्वरीय कार्य है।

### विवाह सुख नहीं उत्तरदायित्व है-सरोज पाण्डेय

सरोज पाण्डेय ने कहा कि आज के समाज में विवाहों का विघटन हो रहा है। यदि हम अपने समाज और परिवार के आधार पर शादी करें तो विवाह के बाद विघटन नहीं होंगे। विवाह सुख नहीं उत्तरदायित्व है, और हमें इस उत्तरदायित्व को निभाना चाहिए। उन्होंने कहा कि परिचय सम्मेलन में आप एक ऐसे जीवन साथी को चुनें जो सदा आपके साथ हो और दोनों एक-दूसरे को समझ सकें। विवाह के लिए सुयोग्य जीवन साथी चुनना भी सबसे बड़ी योग्यता है।

### अनाचार के फरार आरोपी को पुलिस ने रायगढ़ से किया गिरफ्तार

**बिलासपुर,** 2 मार्च (देशबन्धु)। पुलिस ने आपरेशन अभियान के दौरान अनाचार के बाद फरार चल रहे आरोपी को लगातार पीछा कर रायगढ़ से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी लगातार ठिकाना बदल रहा था। इसके बाद पुलिस कप्तान रजनेश सिंह के आदेश पर टीम का गठन कर आरोपी का साइबर के सहयोग से पीछा किया गया और अन्ततः उसे गिरफ्तार कर न्यायालय के हवाले किया गया है। सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार 19 अक्टूबर 2025 को थाना पहुंचकर पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराया। दैहिक शोषण की शिकार युवती ने बताया कि शादी का झांसा देकर धर्नुजय यादव नाम का युवक लगातार दैहिक शोषण किया। शादी का दबाव डालने पर एक दिन आरोपी फरार हो गया। मोबाइल भी बन्द कर लिया। लगातार पतासाजी के दौरान जानकारी मिली कि आरोपी पुलिस से बचने के लिए बार बार स्थान बदल रहा है।

इसी दौरान एक मार्च को जानकारी मिली कि आरोपी इस समय रायगढ़ स्थित अपने ठिकाने पर छिपा है.। पुलिस दबे पांव कार्रवाई कर आरोपी को धर दबोचा।

# सिम्स के रिटायर्ड प्रोफेसर के खिलाफ जारी वसूली आदेश को हाईकोर्ट ने किया निरस्त

### समस्त राशि को तत्काल वापस करने का निर्देश

**बिलासपुर,** 2 मार्च (देशबन्धु)। सिम्स के रिटायर्ड प्रोफ़ेसर के खिलाफ जारी रिकवरी आदेश हाईकोर्ट ने निरस्त कर दिया है इसके साथ ही उनसे वसूल की गई समस्त राशि को तत्काल वापस करने का निर्देश दिया है।

पारिजात कैसल, रिंग रोड-2, बिलासपुर निवासी डॉ. के. एन. चौधरी छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स) बिलासपुर में मेडिकल कॉलेज में एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर पदस्थ थे। 30 जून 2023 को 65 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर उन्हें डीन, छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स) बिलासपुर द्वारा सेवानिवृत्त कर दिया गया।

सेवानिवृत्ति के 5 माह पश्चात् डीन द्वारा डॉ. के.एन. चौधरी को बिना कोई कारण बताओ नोटिस जारी किये या बिना किसी पूर्व सूचना के उनके विरूद्ध पूर्व के सेवाकाल के दौरान वेतन नियमन में त्रुटि के कारण अधिक वेतन भुगतान का हवाला देकर उनके विरूद्ध वसूली का आदेश जारी कर दिया गया।

आदेश से क्षुब्ध होकर डॉ. के.एन. चौधरी ने अधिवक्ता अभिषेक पाण्डेय एवं स्वाति सराफ के माध्यम से हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर कर वसूली आदेश को



चुनौती दी हाईकोर्ट के समक्ष यह तर्क प्रस्तुत किया गया कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा वर्ष 2022 में मध्यप्रदेश मेडिकल आफीसर्स एसोसिएशन एवं अन्य विरूद्ध मध्यप्रदेश शासन एवं अन्य इसके साथ ही वर्ष 2015 में स्टेट ऑफ पंजाब एवं अन्य विरूद्ध रफीक मसीह (व्हाईट वासर) एवं अन्य के वाद में यह सिद्धांत प्रतिपादित किया गया है कि, यदि किसी मेडिकल आफीसर या मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर को उनके सेवाकाल के दौरान वेतन नियतन में त्रुटि के कारण अधिक वेतन भुगतान कर दिया गया है एवं वह वेतन भुगतान वसूली आदेश जारी दिनांक से 5 वर्ष पूर्व या उससे भी अधिक समय पूर्व का है तो उक्त अधिक वेतन भुगतान का हवाला देकर किसी भी मेडिकल आफिसर के सेवानिवृत्ति (रिटायरमेन्ट) के पश्चात् किसी भी प्रकार की वसूली नहीं की जा सकती है।

इसके साथ ही याचिकाकर्ता के विरूद्ध वसूली आदेश जारी किये जाने के पूर्व याचिकाकर्ता को कारण बताओ नोटिस जारी कर किसी प्रकार का जवाब भी नहीं लिया गया। उच्च न्यायालय,ने याचिका की सुनवाई के पश्चात् इसे स्वीकार कर सुप्रीम कोर्ट द्वारा पूर्व में मध्यप्रदेश मेडिकल आफीसर एसोसिएशन एवं रफीक मसीह के वाद में पारित न्यायदृष्टांत के आधार पर याचिकाकर्ता डॉ. के.एन. चौधरी के विरूद्ध जारी वसूली आदेश को निरस्त कर दिया साथ ही उनसे वसूल की गई समस्त राशि को तत्काल वापस करने का निर्देश दिया है।

# कुर्मी समाज द्वारा देश भर में तैयार किया जा रहा पुरोहित

### प्रशिक्षित कूर्मि पुरोहितों द्वारा अब 16 संस्कारों में से वर्तमान् समय में प्रासंगिक मुख्यतः 8 संस्कारों को सम्पन्न कराने की सूक्ष्मता से प्रशिक्षण दिया गया

**बिलासपुर,** 2 मार्च (देशबन्धु)। वर्तमान समय में समस्त पूजा पाठ हवन संस्कार, मंदिर के पुजारी हेतु पूरोहितों की आवश्यकता होती है। दिन प्रतिदिन संस्कार में हो रहे व्यावसायिक रूप से विकृत स्वरूप को परिष्कृत करने तथा अपने लोगों को रूढ़िवादी परंपरा से बाहर निकालने के उद्देश्य से एवं विशेष अवसर पर संस्कार कार्य हेतु लोगों की कमी को देखते हुए कूर्मि समाज द्वारा पुरोहित तैयार किया गया। इन तैयार किए गए पुरोहितों के माध्यम से परिष्कृत संस्कारों के द्वारा समाज के वर्तमान आवश्यकताओं, नवाचार व आवश्यक परम्पराओं तथा कुरीतियों को दूर करते हुए स्वस्थ वैज्ञानिक क्रिया कलापों को समाज में स्थापित जाना है। प्रशिक्षण के इस राष्ट्र व्यापी अभियान को मूर्त रूप देने के लिए अखिल भारतीय कूर्मि-क्षत्रिय महासभा एवं छत्तीसगढ़ कूर्मि-क्षत्रिय चेतना मंच के संयुक्त तत्वाधान में चार दिवसीय आवासीय राष्ट्रीय कूर्मि पुरोहित प्रशिक्षण शिविर दिनॉक 23 से 26 फरवरी 2025 को नई दिल्ली के द्वारका सेक्र 15 स्थित पटेल भवन में आयोजित किया गया।

इस चार दिवसीय आवासीय राष्ट्रीय कूर्मि पुरोहित प्रशिक्षण शिविर के समापन कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अभ्यागत अखिल भारतीय कूर्मि-क्षत्रिय महासभा के संरक्षक एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष कूर्मि




माननीय एल. पी. पटेल थे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय कूर्मि-क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कूर्मि डॉ. विजय सिंह निरंजन द्वारा किया गया। प्रशिक्षण शिविर समापन कार्यक्रम के विशिष्ट अभ्यागतगण के रूप में अखिल भारतीय कूर्मि-क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. उमेश कुमार पटेल, पुरोहित प्रशिक्षण विकास प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. हेमंत कौशिक, कूर्मि चेतना पंचांग के राष्ट्रीय संयोजक एवं छत्तीसगढ़ कूर्मि-क्षत्रिय चेतना मंच के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कूर्मि बी. आर. कौशिक, अखिल भारतीय कूर्मि-क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय महिला उपाध्यक्ष श्रीमति नीलम निरंजन, प्रशिक्षण शिविर समन्वयक एवं अखिल भारतीय कूर्मि-क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. जीतेन्द्र सिंगरौल गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत करते हुए अखिल भारतीय कूर्मि-क्षत्रिय महासभा दिल्ली प्रदेश ईकाई के प्रदेशाध्यक्ष ईजीनियर मिथलेश पटेल ने प्रशिक्षण शिविर को समाज के लिए वर्तमान समय की आवश्यकता के साथ समाज की दिशा एवं दशा बदलने वाला बताया। पुरोहित प्रशिक्षण के बारे में अखिल भारतीय कूर्मि-क्षत्रिय महासभा दिल्ली प्रदेश ईकाई के प्रदेश महासचिव कूर्मि आर. एन. राय ने बताया कि प्रशिक्षण में 6 राज्यों के 26 प्रतिभागियों ने भाग लेकर प्रशिक्षण प्राप्त किए है; जिसमें दिल्ली से 13, उत्तरप्रदेश से 6, मध्यप्रदेश, ओड़िसा, छत्तीसगढ़ राज्य के 2-2 एवं बिहार से 1 प्रतिभागी शामिल होने की जानकारी दिए।

# नि:शुल्क नेत्र शिविर में 98 लोगों की जांच,39 का ऑपरेशन

**बिलासपुर,** 2 मार्च (देशबन्धु)। अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद एवं एम.जी.एम. नेत्र संस्थान रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में आज विशाल निशुल्क नेत्र शिविर का उद्घाटन सुशांत शुक्ला विधायक बेलतरा के मुख्य आतिथ्य, डॉ.विनय कुमार पाठक (राष्ट्रीय कार्यकारीअध्यक्ष अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद) के सानिध्य में आरंभ हुआ।

समारोह में भूषण, शुभम- कृष्ण कुमार अग्रवाल सिंगरौली (मध्य प्रदेश) गोविंदराम मिरी (पूर्व सांसद) राजेश अग्रवाल एवं पवन अग्रवाल (शिवरीनारायण) की उपस्थिति में गीता देवी- रामचंद्र अग्रवाल विकलांग अस्पताल अनुसंधान एवं निशुल्क सेवा केंद्र में उत्साह पूर्वक शिविर संपन्न हुआ।

मुख्य अतिथि सुशांत शुक्ला ने अपने उद्बोधन में कहा की सेवा के क्षेत्र में यह परिषद उत्कर्ष पर पहुंच कर कार्य किया।यह परिषद सनातनी ऊंचाइयों को स्पर्श करने तथा सेवा के क्षेत्र में आगे बढ़ते रहने ,विकलांग अस्पताल में मैं सेवा और सहयोग देकर उपकृत रहूंगा।उन्होंने इसी तारतम्य में दो नेत्र शिविर लखराम एवं बेलतरा में लगाने की भी घोषणा की तथा अस्पताल को सुव्यवस्थित संचालित करने के लिए 17 मार्च को अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद के प्रतिनिधि मंडल को मुख्यमंत्री से मिलवाने के लिए प्रयास करने का आश्वासन दिया।

एम.जी.एम. संस्थान के समन्वयक रमेश कुलदीप ने अपने संस्थान की जानकारी देते हुए बताया कि गरीबों के लिए जीवन में सरलता लाने के लिए आवश्यक कृत्रिम उपादानों एवं विकलांग जनों के पुनर्वास के लिए विकलांगों के सामूहिक विवाह और उनमें चेतना जागृत करने के लिए विकलांग विमर्श का परावर्तन करना इस परिषद का महत्वपूर्ण पड़ाव है।





स्वास्थ्य सेवा के माध्यम से यह अभूतपूर्व कार्य परिषद कर रहा है।अध्यक्ष की आसंदी अपने उद्गार के में डॉ.विनय कुमार पाठक ने कहा कि परिषद ने शल्य चिकित्सा के साथ कृत्रिम हाथ, कृत्रिम पैर, ट्राई साइकिल, बैसाखी एवं दिव्यांग जनों के

मदनमोहन अग्रवाल राष्ट्रीय महामंत्री ने परिषद की गतिविधियों से परिचित कराया।अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद के आस्था मंत्र का पठन कर भारत माता के चित्र पर माल्यार्पणएवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम प्रारंभ हुआ।

इसके बाद अतिथियों का स्वागत डी.पी. गुप्ता, राजेश पांडे, राजकुमार सुल्तानिया, आर. के. गेंदले, लक्ष्मीकुमार जायसवाल आदि ने किया। उल्लेखनीय है कि स्व.चमेली देवी की स्मृति में शुभम- कृष्ण कुमार अग्रवाल, बैढ़न, सिंगरौली, (मध्य प्रदेश) के सहयोग से संपन्न हुआ, जिसमें 98 लोगों के नेत्रों की जांच करने के उपरांत उपचार के लिए परामर्श व सहयोग प्रदान किया गया तथा 39 लोगों को मोतियाबिन्द के ऑपरेशन के लिए रायपुर भेजा गया।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए राजेंद्र अग्रवाल राजू ने सभी उपस्थित अतिथियों का आभार प्रदर्शन किया।श्रीमती विद्या केडिया ने स्वागत भाषण में सभी का आवाहन किया कि इस प्रकार के सेवा कार्य निरंतर करते रहने की आवश्यकता है।

इस अवसर बालगोविंद अग्रवाल, शिवप्रसाद साहू, प्रदीपकुमार गेंदले, राजेंद्र गणवीर, मुरारीलाल परमार, बैजनाथ सैनी, आर. एस. मिश्रा, गोविंदराम मिरी, रविकांत नोपानी प्रकाश केडिया अकलतरा. महेश अग्रवाल अकलतरा, मदनलाल अग्रवाल, लक्ष्मीकुमार जायसवाल अजीतसिंह पनेसर. पी. एच. मुदलियार एवं श्रोशनलाल गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### NECC

| 03.03.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 465 | 70 | 175 |
| चिल्हर | 6.00 | 95 | 200 |
| डिलीवरी | 480 सैकड़ा | | |

दर्जन अंडा 70 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188